सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-19 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 07 जुलाई 2024
30 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

केंद्रीय बजट 23 जुलाई को

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 7वीं बार पेश करेंगी बजट

- संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने दी जानकारी
- बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दी है।

यह बजट मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट होगा। फरवरी में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। इस साल अप्रैल में लोकसभा चुनाव होने थे, लिहाजा सरकार ने 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया था। यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का छठा बजट था। इसमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता, यानी किसान फोकस में दिखे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बजट सत्र की जानकारी अपने एक्स हैंडल पर दी. उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत सरकार की संस्तुति पर भारत की माननीय राष्ट्रपति ने बजट सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन). केंद्रीय बजट 2024-25, 23 जुलाई, 2024 को लोकसभा में पेश किया जाएगा केंद्रीय बजट 2024 की तारीखें घोषित होने के साथ ही, इस बात की काफी उम्मीदें और अटकलें लगाई जा रही हैं कि वित्त मंत्री मोदी 3.0 सरकार के तहत टैक्सपेयर्स के लिए कुछ लाभों की घोषणा कर सकती हैं।

किसानों पर हो सकता है फोकस

यह बजट मिडिल क्लास को टैक्स में छूट देने, महिला सशक्तिकरण, किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार पर फोकस रह सकता है। स्टैंडर्ड डिडक्शन लिमिट 50,000 से बढ़ाकर 1,00,000 की जा सकती है। डिफेंस, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भी कई घोषणाएं हो सकती हैं। स्टार्टअप पर लगने वाले एंजल टैक्स को कम करने पर विचार कर सकती है।

विभव कुमार की 16 जुलाई तक बढ़ी कस्टडी

नई दिल्ली। दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से जुड़े कथित मारपीट मामले में शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई तक बढ़ा दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले कुमार को 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया था जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ा दी थी। पुलिस ने कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्रियों पर महिला आयोग को एक संस्था के रूप में ''कमजोर'' करने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से फोन पर की बात

- एफटीए को जल्द पूरा करने पर हुई चर्चा
- लेबर पार्टी ने जीतीं 400 से ज्यादा सीटें

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कीर स्टार्मर के साथ फोन पर बातचीत की और उन्हें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण करने व लेबर पार्टी की जीत पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर चर्चा की। पीएम मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द पूरा करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जल्द भारत का दौरा करने के लिए भी आमंत्रित किया। ब्रिटेन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में भारतीय समुदाय के सकारात्मक योगदान की सराहना करते हुए दोनों नेता लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों ने भविष्य में संपर्क में रहने पर सहमति जताई। हाल के आम चुनाव में जीत के साथ लेबर पार्टी ने 14 साल बाद सत्ता में वापसी की है। उसने 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में 412 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी 118 सीटों पर सिमट गई। वहीं, लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी ने 71 सीटों पर जीत हासिल की। सुनक ने 23,059 वोटों के साथ उत्तरी इंग्लैंड में अपनी सीट हासिल की। 2019 के आम चुनाव में बोरिस जॉनसन के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी ने 365 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं, लेबर पार्टी को 202 सीटें हासिल हुई थीं।

लेबर पार्टी की नई सरकार में एंजेला रेन को उप प्रधानमंत्री, रचेल रीव्स को वित्त मंत्री, डेविड लमी को विदेश मंत्री, विवेट कपूर को गृह मंत्री, जॉन हेली को रक्षा मंत्री, ब्रिजेट फिलिप्सन को शिक्षा मंत्री, एड मिलिबैंड को उर्जा मंत्री, जोनाथन रेनॉल्ड को व्यापार और वाणिज्य मंत्री, लुई हेघ को परिवहन मंत्री और शबाना महमूद को न्याय मंत्री बनाया गया है।

जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत आज से

आयोजन

- 10 लाख से ज्यादा पहुंचेंगे श्रद्धालु
- एआई कैमरे-ड्रोन रखेंगे नजर

भुवनेश्वर। आषाढ़ मास की द्वितीया को होने वाले इस श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के भव्य आयोजन में देश-विदेश से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने के अनुमान है। वहीं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होने के लिए देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भुवनेश्वर पहुंच चुकी हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा की सुरक्षा के लिए पुलिस ने चौक-चौबंद व्यवस्था की है। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। एडीजी (कानून व्यवस्था) संजय कुमार के हवाले से कहा गया है कि पुलिस पहली बार एआई कैमरों और ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। इससे भीड़ का पता लगाने, वाहन की गिनती करने और सही समय पर सही जानकारी प्राप्त करने की दिशा में मदद मिलेगी। इसके अलावा, रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां, सीआरपीएफ की दो कंपनियां और एसओजी ग्रुप की आठ प्लाटून हर कदम पर यात्रा के साथ होंगी।

ईरान के राष्ट्रपति बने मसूद पजशकियान

कट्टरपंथी जलीली को 30 लाख वोट से हराया, इराक से जंग लड़ी

ताजपोशी

- पहले चरण में किसी को नहीं मिला था बहुमत

तेहरान। ईरान में मसूद पजशकियान देश के 9वें राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को 30 लाख वोटों से हराया। ईरान में शुक्रवार (5 जुलाई) को दूसरे चरण की वोटिंग हुई थी। इसमें करीब 3 करोड़ लोगों ने मतदान किया था। ईरानी स्टेट मीडिया के मुताबिक, पजशकियान को 1 करोड़ 64 लाख वोट मिले, जबकि जलीली को 1 करोड़ 36 लाख वोट हासिल हुए। पजशकियान डॉक्टर होने के साथ-साथ कुरान भी पढ़ाते हैं।

5 जुलाई को 16 घंटे तक चली वोटिंग में देश की करीब 50 प्रतिशत (3 करोड़ से ज्यादा) जनता ने वोट डाला था। आधिकारिक समय के मुताबिक, मतदान शाम 6 बजे खत्म होना था। हालांकि बाद में इसे रात 12 बजे तक बढ़ा दिया गया था। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की 19 मई को हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत के बाद देश में राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की गई थी। ईरान में पहले चरण की वोटिंग 28 मई को हुई थी। इसमें कोई भी उम्मीदवार 50 प्रतिशत वोट हासिल नहीं कर पाया था, जो चुनाव जीतने के लिए जरूरी है। हालांकि, पजशकियान 42.5 प्रतिशत वोटों के साथ पहले और जलीली 38.8 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे। ईरान के संविधान के मुताबिक, अगर पहले चरण में किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिलता है, तो टॉप 2 उम्मीदवारों के बीच अगले चरण की वोटिंग होती है। इसमें जिस कैंडिडेट को बहुमत मिलता है, वो देश का अगला राष्ट्रपति बनता है। देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने शुक्रवार सुबह वोट डालने के बाद कहा था कि पिछले चरण की तुलना में इस बार अधिक वोटिंग हो रही है। ये बेहद खुशी की बात है। दरअसल 28 मई को हुए पहले चरण के चुनाव में सिर्फ 40 प्रतिशत ईरानियों ने वोट डाला था। यह आंकड़ा 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कम रहा था। 1954 में पैदा हुए मसूद पजशकियान की मां कुर्द थीं। वे ईरान के वेस्ट अजरबाइजान प्रोविंस में पैदा हुए। ये वही इलाका है जहां तैमूर के डर से बगदाद से भागे लोगों ने पनाह ली थी। मसूद ईरान के किंग रेजा शाह के दौर में सेना में भी रहे थे। 1980 में जब इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन ने ईरान पर हमला किया तो मसूद ने जंग के दौरान घायलों का इलाज किया।

रेलवे टेंडर में सीबीआई का एक्शन

डीआरएम समेत कई अधिकारी गिरफ्तार

हेराफेरी

- दक्षिण मध्य रेलवे के गुंतकल मंडल का मामला

नई दिल्ली। रेलवे टेंडर आवंटन में भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने बड़ा एक्शन लेते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। उन पर आरोप है कि रेलवे टेंडर आदि के एवज में 11 लाख रुपए की रिश्वत ली गई और काम कराने के बदले आभूषण भी दिए गए।

समाचार एजेंसी एएनआई ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हवाले से बताया कि रेलवे टेंडर आदि में 11 लाख रुपये की रिश्वत लेने और काम कराने के एवज में दिए गए आभूषणों के मामले में दक्षिण मध्य रेलवे के गुंतकल मंडल (आंध्र प्रदेश) के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक (सीनियर डीएफएम), तत्कालीन वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सीनियर डीईएन) समन्वय को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कार्यालय अधीक्षक, खाता सहायक, बैंगलोर स्थित एक फर्म के निदेशक (निजी व्यक्ति) और एक अन्य निजी व्यक्ति समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

लखनऊ में जमकर बारिश

बारिश से कई इलाकों में जलभराव, घरों में घुसा पानी

- बारिश ने सड़कों को बना दिया तालाब
- गोरखपुर, प्रयागराज समेत कई जिलों में भारी बारिश

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शनिवार की शाम जमकर बारिश हुई। शाम 6 बजे करीब हुई इस बारिश से कई इलाकों में जलभराव की स्थिति की पैदा हो गई। इसके अलावा बारिश से कई क्षेत्रों की बिजली भी कट गई। शनिवार शाम को राजधानी में हुई बारिश से सड़कें तालाब सी हो गईं। जबकि कई इलाकों में घरों के अंदर तक पानी भर गया, जिससे लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ गईं। हालांकि, लखनऊ के कई इलाकों में झमाझम बारिश की जगह बूंदाबांदी ही हुई। दरअसल, शनिवार सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी रहा। रह-रहकर बारिश होती रही। वहीं शाम होते-होते झमाझम बारिश हो गई। इससे हजरतगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर सहित कई इलाकों में सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया। वहीं कई जगहों पर बूंदाबांदी ही हुई। फैजुल्लागंज में घर के अंदर तक पानी भर गया, जिसे देर रात तक लोग घरों से बाहर निकालते रहे। बता दें कि शनिवार शाम हुई तेज बारिश जानकीपुरम सेक्टर एच, सेक्टर जी, सेक्टर एफ के. साथ कुर्सी रोड से लगे आशीष नगर, आदिल नगर, गन्ने का पुरवा, वसुंधरा विहार, आदर्श कॉलोनी, फूलबाग कॉलोनी और गायत्रीपुरम के निवासियों के लिए आफत बनकर बरसी। करीब 45 मिनट की बारिश से इन इलाकों में जलभराव हो गया। इन कॉलोनियों को जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक से दो फिट तक पानी भर गया। वहीं गोरखपुर, प्रयागराज समेत प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश का दौर लगातार जारी रहा। शनिवार को इन दोनों शहरों में 103 व 60 मिमी से अधिक बारिश हुई।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं करीब 400 लोगों की समस्याएं

यूपी में कतई बख्शे नहीं जाएंगे भू-माफिया

- अवैध कब्जे को लेकर सीएम योगी ने दिए सख्त दिशा- निर्देश
- जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक रही

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 400 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। सीएम से मिलकर समस्या बताने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक रही। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

रामजन्मभूमि में लहराएगा 211 फीट ऊंचा धर्मध्वज

अयोध्या। राममंदिर निर्माण के साथ शिखर पर स्थापित होने वाले कलश व धर्मध्वज को लेकर भी मंथन शुरू हो गया है। राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राममंदिर में 211 फीट ऊंचा धर्मध्वज लहराएगा। इसके लिए विशेष धर्मध्वज दंड अहमदाबाद से निर्मित होकर आया है। तेज आंधी व तूफान में धर्मध्वज इधर-उधर न हिले, इसको लेकर इंजीनियर खास संरचना कर रहे हैं। यह धर्मध्वज अहमदाबाद की अंबिका इंजीनियरिंग कंपनी में बनकर तैयार हुआ है। यह कंपनी करीब आठ दशक से शास्त्रों के अनुसार धर्मध्वज दंड बनाती आ रही है। पूरी तरह पीतल से बना यह स्तंभ 44 फीट लंबा है। इसकी चौड़ाई 9.5 इंच है। वजन 55 क्विंटल है। इसके अलावा 20-20 फीट लंबे छह धर्मध्वज दंड और आए हैं। चंपत राय ने बताया कि राममंदिर में ब्रह्मांड की भी ऊर्जा पहुंचे, इसके लिए विशेष प्रकार का धर्मध्वज दंड निर्मित कराया गया है।

कमेटी तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग पहुंची हाथरस

जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करेंगे

हाथरस। हाथरस में हुई भगदड़ की घटना के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी ने उस स्थान का निरीक्षण किया जहां 2 जुलाई को भगदड़ मची थी जिसमें 121 लोगों की जान चली गई थी।

- 2 जुलाई को मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी

तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने कहा कि हमने घटनास्थल का निरीक्षण किया, हमने निकास बिंदु देखें। जिससे भी जरूरत होगी उससे पूछताछ करेंगे। हमें 2 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है, हम जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करने की कोशिश करेंगे। हाथरस पुलिस प्रमुख निपुण अग्रवाल ने बताया कि मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर को 5 जुलाई को दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हाथरस भगदड़ का मुख्य आरोपी मधुकर सत्संग के लिए फंड जुटाता था और उससे हाल में कुछ राजनीतिक दलों ने संपर्क किया था। पुलिस मधुकर को उसकी हिरासत में देने का अदालत से अनुरोध करेगी उसके वित्तीय लेन-देन, कॉल रिकार्ड की पड़ताल की जा रही।

मुख्य आरोपी और दो अन्य गिरफ्तार

हाथरस। हाथरस में सिकंदराराऊ थारा अंतर्गत ग्राम फुलरई-मुगलगढ़ी हादसे में कार्यक्रम का मुख्य आयोजक, मुख्य आरोपी और एक लाख के इनामी देवप्रकाश मधुकर व दो अन्य अभियुक्त राम प्रकाश शाक्य व संजू यादव को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्त देव प्रकाश मधुकर की इस घटना में दो भूमिकाएं नजर आई हैं, एक मुख्य आयोजक और दूसरा फण्ड रेजर। एसपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि 2 जुलाई को भोले बाबा के सत्संग उपरान्त भगदड़ मचने से 121 लोगों की मृत्यु हुई। थाना सिकन्द्राराऊ पर मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर व अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-105/ 110/ 126 (2)/ 223/ 238 में अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले में पहले ही छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मुख्य अभियुक्त देव प्रकाश मधुकर पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया। (संबंधित खबर पेज-16 पर)

कुलगाम में चार आतंकी ढेर, एक जवान शहीद

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदेरगाम गांव में संयुक्त बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में चार आतंकियों के ढेर होने की खबर है। वहीं, एक जवान बलिदान हो गया और एक जवान घायल है। घायल जवान को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुलगाम के इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया इनपुट मिला था। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान सेना के जवानों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। वहीं, इसके करीब दो घंटे बाद कुलगाम जिले के ही फिसल चिन्निगम क्षेत्र में मुठभेड़ शुरू हुई, जहां पुलिस और सुरक्षा बल आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। बीते एक महीने (जून से 6 जुलाई तक) में सुरक्षाबल 10 आतंकियों का खात्मा कर चुके हैं।

हाथरस कांड के दोषी भोले बाबा की संपत्ति हो जब्त : रामदास आठवले

संबोधन

- गरीबों को न्याय दिलाने का काम करें आरपीआई कार्यकर्ता

लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने हाथरस की घटना पर कहा कि जिस भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ हुई, उसकी संपत्ति कुर्क करके जिन गरीब परिवारों के लोगों की मौत हुई है, उन्हें मुआवजा देना चाहिए। इसके लिए वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

वीवीआईपी गेस्ट हाउस में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि अपना दल व निषाद पार्टी को उत्तर प्रदेश सरकार में हिस्सेदारी मिली है, वैसे ही रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) को भी यहां हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपने दम पर केवल 33 सीटें भाजपा को मिली है। विपक्षी पार्टियों के संविधान में बदलाव, आरक्षण हटाओ के झूठ से भाजपा को नुकसान हुआ है।

इसलिए उत्तर प्रदेश में भाजपा को आरपीआई को साथ में लेने की आवश्यकता है। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता व पदाधिकारी जमीन पर उतरकर गरीबों को न्याय दिलाने का काम करें। लोगों की मदद के लिए खड़े रहें। तभी लोग पार्टी से तेजी से जुड़ेंगे और उत्तर प्रदेश में आरपीआई की ताकत दिखेगी। डॉ. रामदास आठवले के तीसरी बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने पर चारबाग स्थित रवींद्रालय में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता भी मौजूद रहे।

श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं, उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है: दुर्गा शक्ति नागपाल

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आगामी श्रावण मास में लगने वाले श्रावण मेले की तैयारियों को लेकर शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने विधायक अमन गिरी की मौजूदगी में अफसरों संग नगर पालिका परिषद गोला सभागार में अहम बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी, विधायक अमन गिरि ने चैयरमैन नगर पालिका परिषद विजय कुमार शुक्ला (रिंकू), गोला पालिका प्रशासन के अलावा व्यापारियों, समाजसेवियों के साथ मिलकर साझा रणनीति बनाई गई, ताकि कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो। सावन माह में पौराणिक शिव मंदिर में भोले भंडारी की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए दूर-दराज से लाखों भक्त और कांवड़िये आते हैं। बैठक में डीएम ने छोटी काशी गोला में उमड़ने वाली श्रद्धालुओ, कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर संबंधित विभागों से तैयारियां जानी। डीएम ने अफसरों को निर्देश दिए कि जहां जलभराव हो वहां जल निकासी की तुरंत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं, उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी को आगामी श्रावण मास की शुभकामनाएं दी। गोला कॉरिडोर की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ रही है। निश्चित रूप से अगले वर्ष कॉरिडोर बनकर तैयार हो चुका होगा। निकट भविष्य में मुख्यमंत्री जी इसका शिलान्यास करेंगे। आज परंपरागत ढंग से लगने वाले इस सावन मेले की गहन समीक्षा की गई है। एक-एक श्रद्धालु की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देना है। सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करेंगे। मार्ग पर जरूरी औषधियों के साथ एंबुलेंस की उपलब्धता रहेगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। जो विषय आपकी उठाए गए, प्रशासन उसपर अमल कर जरूरी कार्यवाही करेगा। गोला की नगरपालिका काफी सजग और सक्रिय है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि सभी के सेवा भाव से श्रावण मास अच्छे से गुजरता है। शीघ्र ही नीलकंठ मैदान में बनी चौकी में चौकी इंचार्ज की पोस्टिंग करेंगे। सर्विलांस टीम सक्रिय रहेगी। आशा करते है कि स्वयंसेवक के रूप में आप सभी अपना योगदान देंगे, ऐसी गत वर्ष जो कमियां रह गई है उन्हें मिलकर दूर करेंगे। विधायक अमन गिरी ने बैठक में शामिल अधिकारियों, संभ्रांत नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं की पदाधिकारियो को आगामी श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए अभिनंदन, स्वागत किया। उन्होंने गोला डिविजन के बिजली अफसर और उनकी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने उपस्थितजन को आश्वस्त किया कि सावन मेले के लिए एसडीओ विनीत कुमार को संबद्ध कराने हेतु प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा उन्हें आशा और विश्वास है कि सभी के समेकित सहयोग से मेला सकुशल संपन्न होगा।नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने श्रावण मेले के लिए पालिका की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को रेखांकित किया। उन्होंने गोला एंट्री पॉइंट पर लगी हाईमार्क्स लाइट ठीक करने की बात कही। मेले के दौरान सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिलता है। उन्होंने रविवार और सोमवार को पूर्व वर्षों की भांति बस अड्डा शहर के बाहर संचालित किए जाने की मांग उठाई। मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी ने श्रावण मास की प्रमुख तिथियां बताई। बैठक में श्रावण मास, कावड़ यात्रा के बाबत जरूरी एवं मुकम्मल व्यवस्थाओं, रणनीति पर गहन मंथन हुआ। बैठक में सभी विभागों से समन्वय बनाया गया। भीड़ वाले मार्गों पर डायवर्जन, बेरिकैटिंग की व्यवस्था, बिजली व फायर सुरक्षा, मार्गों पर लगने वाले पुलिस फोर्स का आकलन सहित गत वर्षों में आने वाली दिक्कतों पर विस्तृत चर्चा हुई। डीएम-एसपी ने अफसरों को सभी पहलुओं पर सजग होकर टीमवर्क से गत वर्षों से बेहतर श्रावण मास संपन्न कराने की प्रतिज्ञा दिलाई। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, जिला अग्निशमन अधिकारी, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित सभी संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, उद्यमी एवं सभासद मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने की पूजा अर्चना, जिले की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ छोटी काशी शिव मंदिर पहुंचकर पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए जलाभिषेक किया। जनपद की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद डीएम ने गोला कॉरिडोर के प्रस्तावित नक्शे सहित सावन मेले के लिए चिन्हित पार्किंग स्थल, कांवरियों के ठहराव स्थल सहित मंदिर परिसर से भूतनाथ मंदिर तक जाने वाले मार्ग को नक्शे पर समझा।

आवास विकास परिषद द्वारा भूमि अधिग्रहण से नाराज राजापुर और पिपरिया गांव के किसानों ने शुरू किया हल्लाबोल प्रदर्शन

लखीमपुर खीरी। आवास विकास परिषद द्वारा भूमि अधिग्रहण से नाराज राजापुर और पिपरिया गांव के किसानों ने शनिवार को हल्लाबोल प्रदर्शन शुरू कर दिया। सौ से अधिक किसानों ने शनिवार सुबह पहले राजापुर ओवरब्रिज के पास धरना-प्रदर्शन किया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद विरोध प्रदर्शन करते हुए राजापुर से कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस बीच बारिश शुरू हो गई। प्रदर्शनकारी किसान काफी देर तक बारिश में ही बैठे रहे। बाद में डीएम कार्यालय के सामने कलेक्ट्रेट परिसर के बरामद में जाकर बैठ गए। विरोध प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हैं। उनका कहना है कि वो किसी भी हालत में अपनी जमीन नहीं देंगी मर जाएंगे किसान दोपहर दो बजे तक कलेक्ट्रेट में ही मौजूद थे। वहीं विरोध प्रदर्शन को देख पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है सितंबर 2010 में आवास एवं विकास परिषद ने राजापुर और पिपरिया गांव के किसानों की करीब 316 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की थी। इस भूमि पर संचालित योजना का नाम एलआरपी मार्ग भूमि विकास एवं गृहस्थान का नाम दिया गया 2017 में इसे शासन से मंजूरी मिली। 2020 में अधिग्रहण मूल्य का निर्धारण किया गया। दोनों गांवों के किसान शुरू से ही भूमि अधिग्रहण के विरोध में थे। जिला स्तर से लेकर लखनऊ तक लगाई। जमीन जाने से भूमिहीन हो जाने का दर्द भी बताया मगर अफसरों ने किसानों की एक नहीं सुनी खतौनी पर आवास विकास का नाम दर्ज होते ही किसानों का सब्र जवाब दे गया। विरोध प्रदर्शन पर उतर आए।

लूट के मुकदमों में वांछित शातिर बदमाश गोली लगने से घायल

सहारनपुर। कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट के एक वांछित आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से बाईक, नाजायज असलाह व लूट का सामान बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि कोतवाली सदर बाजार पुलिस थाना प्रभारी सूबे सिंह के नेतृत्व में मिनी बाईपास चौराहे पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान मवींखुर्द की ओर से दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये, तो पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया, तो दोनो व्यक्ति पुलिस पर फायरिंग करते हुए चुनहेटी की तरफ फरार होने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा करते हुए जवाबी फायरिंग की, तो एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

खीरी पहुंचे राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शनिवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उप्र दिनेश प्रताप सिंह जनपद खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने मंडी परिषद, जिला उद्यान कार्यालय, शीत ग्रह का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिषद में निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। गुणवत्तापरक कार्य किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी मंडी परिसर में किसानों के बैठने,आराम करने हेतु एक सुसज्जित कक्ष तैयार किए जाए, जिसमें किसानों को सामान्य स्वागत, चाय-पानी आदि का इंतजाम हमेशा रहे। उद्यान मंत्री ने निर्देश दिया कि मंडी परिषद की परिसंपत्तियों पर किसी भी प्रकार

का अवैध कब्जा ना होने पाए। व्यापारियों के लिए निर्यात हेतु बेहतर सुविधाएं व प्रोत्साहन दें।राज्यमंत्री ने जिला उद्यान कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएचओ मृत्युंजय सिंह को निर्देश दिए कि सप्ताह में एक दिन क्षेत्र में निकलें और विभाग की योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। चौपाल के कार्यक्रम तय कर उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी जाए, जिससे किसान यह समझ सकें कि उद्यान विभाग की ओर से उनके हित में क्या-क्या कार्य हो सकते हैं। किसानों को यह महसूस हो कि उद्यान विभाग किसानों के हित के लिए सक्रिय है। उन्होंने वृक्षारोपण, विभिन्न विभागीय योजनाएं का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिले मे औद्यानिक फसलों में नगदीय फसले ज्यादा उगाने पर किसानों को प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रॉबेरी,ड्रैगन फ्रूट औषधीय फसलें,फूलों की खेती की खेती के लिए बल दिया। इसके बाद निजी क्षेत्र के शिवा कोल्ड स्टोरेज (शीत ग्रह) का निरीक्षण किया। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज स्वामी और निकासी के दौरान मौजूद किसानों को आलू निकासी के लिए प्रोत्साहित किया। इससे किसानों को अच्छे दाम मिलने के साथ-साथ मंडी में इसकी आवक भी बनी रहेगी। डीएचओ को निर्देशित किया कि समय-समय पर कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण करके वहा आलू की अवैध जमाखोरी ना हो इसे सुनिश्चित करें। गत भंडारण वर्ष में आज की तारीख तक जितने प्रतिशत कोल्ड स्टोर से आलू की निकासी हुई थी। इस वर्ष भी उस अनुपात में निकासी हो। इसका अनुपालन का हर हालत में करने के निर्देश दिए।

गोली मारकर भतीजे की हत्या करने वाला कलियुगी चाचा चढ़ा पुलिस के हत्थे

सहारनपुर। थाना गंगोह पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर अपने सगे भतीजे को गोली मारकर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारोपी उसके चाचा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व खोखा कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि गर्त दिवस थाना गंगोह क्षेत्र के गांव जेहरा निवासी संजय पुत्र कृपाल सिंह ने अपने सगे चाचा किरण पाल उर्फ बबली के खिलाफ अपने भाई कुलदीप की हत्या के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि आज गंगोह कोतवाली पुलिस ने कोतवाली प्रभारी एचएन सिंह, एसएसआई संजय शर्मा के नेतृत्व में नामजद आरोपी किरण पाल उर्फ बबली को गांव बुढनपुर के बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 103 शिकायती मात्र 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ

लखीमपुर खीरी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 103 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 66, पुलिस 15, ग्राम्य विकास 06, संयुक्त जांच हेतु 05, विद्युत 04, बैंक 02, आपूर्ति, मंडी समिति, पीडब्लूडी, महिला कल्याण, माध्यमिक शिक्षा की एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीएफओ संजय विश्वाल, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ अजेंद्र कुमार, तहसीलदार सुखवीर सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

लोक निर्माण राज्यमंत्री कु.बृजेश सिंह ने आंवला व मोलश्री के पौधे किए रोपित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। उप्र के लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह समेत वन अधिकारियों ने वन महोत्सव के अंतर्गत आंवला, मोलश्री समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर लोगों को बढ़ते पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपित करने पर बल दिया।

मोहण्ड़ रेंज के अर्न्तगत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय वन ग्राम तोता टांडा, एवं बुढावन पूर्वी बीट कक्ष 1 ए ''वन मित्र चयनित वृक्षारोपण स्थल'' में मोहण्ड़ रेंज के सीमावर्त चिल्लावाली रेंज, राजाजी टाईगर रिजर्व पार्क उत्तराखण्ड़ के वन अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ समन्वय स्थापित कर संगोष्ठी एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन महोत्सव के अंतर्गत वन विभाग के देवबंद रेंज कार्यालय परिसर में लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने मोलश्री व आंवला के पौधे रोपित किये। इसी कड़ी में उत्तराखण्ड एंव उप्र के वनाधिकारियों द्वारा आयोजित संयुक्त वन महोत्सव कार्यक्रम में लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहण्ड के क्षेत्रीय वनाधिकारी मनोज कुमार बलोदी व उत्तराखण्ड की चिल्लावली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती शीतल वैध ने वन महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वन महोत्सव, जिसका शाब्दिक अर्थ हैं 'वन उत्सव', जो जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता हैं, यह एक महान पारंपरिक भारतीय त्योहार है जो प्रकृति की सुंदरता के बारे में जागरूकता पैदा करने, और पुनर्चक्रण की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए पेड़ लगाकर माँ पृथ्वी को सम्मान और प्रेम करने की भारतीय संस्कृति और विरासत को दर्शाता हैं। कुल मिलाकर, वन महोत्सव में पेड़ों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में अधिक सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि अधिक पेड़ लगाकर, हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने, पर्यावरण की रक्षा करने और मानव कल्याण को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। वन महोत्सव उन लोगों के लिए है जो धरती माता से प्यार करते हैं, और उन लोगों के लिए भी हैं जो अज्ञानी हैं क्योंकि उन्हें भी अच्छे पर्यावरण, सुंदर मौसम और सुखद जलवायु परिस्थितियों के बीच प्राकृतिक संतुलन का आनंद मिलेगा। इस त्यौहार को मनाना सीधे तौर पर भारत और दुनिया भर की हरियाली को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने से जुड़ा हैं, भारत सरकार के अनुसार इस वर्ष ''एक पेड़, माँ के नाम'' प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड आवश्य लगाना चाहिए, ''पेड लगाओ-पेड बचाओ'' अभियान-2024 के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये बताया गया कि वन प्राकृतिक सन्तुलन बनाने के लिये सबसे महत्वपूर्ण हैं, वन की सुरक्षा करना जो हमारी नैतिक जिम्मेदारी हैं।

कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती शीतल वैध व वन कर्मचारियों द्वारा शीशम, कंजी, कंजू, अर्जुन, चमरौड, इन्द्रजो, आवंला आदि प्रजाति के पौधें ''एक पौधा मां के नाम'' रोपण किया तथा उसकी सुरक्षा हेतु संकल्प लिया गया। इसके अलावा शाकुम्भरी रेंज के रामपुर बडकला में राजकीय इण्टर कॉलेज व हबीबपुर तपोवन में कंजी, कंजू, शीशम, आंवला, पीपल आदि प्रजातियों के 60 पौधों का पौधारोपण किया गया। इस दौरान रामपुर बड़कला के प्रधान संजय सिंह समेत भारी संख्या में मौजूद रहे।

वृक्ष एवं प्राकृतिक हरीतिमा मानव जीवन के साथ-साथ सभी प्राणियों के लिये आवश्यक है: प्रो. सुभाष चन्द्रा

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। वन महोत्सव सप्ताह 1 से 7 जुलाई 2024 के अन्तर्गत युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राध्यापक, एनएसएस वालेंटियर्स एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल के निर्देशन में पौधारोपण अभियान चलाया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. सुभाष चन्द्रा ने छात्र/छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि वृक्ष एवं प्राकृतिक हरीतिमा मानव जीवन के साथ-साथ सभी प्राणियों के लिये आवश्यक है। वृक्ष जीवन रक्षा के साथ-साथ हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मददगार साबित होते हैं। पीपल, नीम, आम, जामुन, शीशम, पाकड़, सहजन, सेमल अमरूद एवं सागौन आदि के पौधे पर्यावरण संरक्षण में अत्यन्त उपयोगी हैं। छात्र/छात्रायें इनके बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देकर मोहल्ला, गांव, पंचायत एवं ब्लाक की सड़कों के किनारे खाली पड़े स्थानों में पौधारोपड़ कर प्रकृति को हराभरा बनाने में अपना योगदान दें। प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने छात्र/छात्राओं को बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं संतुलन के लिये पौधरोपण जन आन्दोलन चलाया जा रहा है। अध्ययनरत सभी विद्यार्थी पौधरोपण जन आन्दोलन में सहभागिता कर पौधे रोपित करें। साथ ही प्राचार्य ने छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के %एक पेड़ माँ के के आह्वान पर पौधरोपण जन आन्दोलन के अन्तर्गत 20 जुलाई को एक पौधा अपनी माँ के नाम लगाये और वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करें। पौधरोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय में शिक्षक प्रो. संजय कुमार, असि. प्रोफेसर विजय प्रताप सिंह, सतेन्द्र पाल सिंह, डॉ. अमित सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराना शासन की प्राथमिकता: मुख्य सचिव

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। कांवड यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु शासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज मुख्य सचिव उप्र शासन मनोज कुमार सिंह एवं डीजीपी प्रशांत कुमार द्वारा कांवड यात्रा को लेकर की गयी तैयारियों के संबंध में मेरठ मंडलायुक्त सभागार में, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ, मुरादाबाद मंडल एवं उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान राज्यो के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गयी। भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने बाबा औघडनाथ मंदिर पहुंचकर कांवड से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया। पश्चिमी उप्र के समस्त जनपदो के अधिकारियो द्वारा वर्चुअल माध्यम से कांवड यात्रा कार्यवाही से अवगत कराया गया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से कांवड यात्रा के संबंध में

आने वाली चुनौतियो एवं उनसे निपटने के लिए की गई तैयारियो से मुख्य सचिव उप्र शासन व डीजीपी को अवगत कराया। मुख्य सचिव उप्र शासन मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि कांवड यात्रा के दौरान कांवडियो के प्रति अच्छा व्यवहार रखा जाये। उन्होने कहा कि कावंडियो की सुरक्षा तथा उनको सुविधाएं देना प्रशासन का काम है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होने कहा कि कांवड शिविरो तथा कांवड मार्ग पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। कांवड यात्रा को पूर्ण रूप से प्लास्टिक फ्री किया जाये। घाटो की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग करा ली जाये। सम्पूर्ण कांवड यात्रा की हेलीकॉप्टर से निगरानी एवं पूर्व के वर्षो की भांति श्रद्धालुओ पर पुष्प वर्षा की जायेगी। उन्होने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई के अधिकारी को कांवड मार्ग पर पडने वाली सडको को गड्ढा मुक्त कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को कांवड मार्ग पर विद्युत तार एवं खंभो को दुरूस्त करने के निर्देश ताकि उससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो। उन्होने कावंडियो के ठहरने एवं उनके आराम के लिए उचित स्थान की व्यवस्था की जाये, यह स्थान सडक के बिल्कुल पास नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि समान प्रकृति की दुर्घटनाओ को चिन्हित कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि ऐसी दुर्घटनाओ की पुनरावृत्ति न हो।

नागल बस स्टैण्ड पर ओवरब्रिज बनाने की मांग को सौंपा ज्ञापन

सहारनपुर। भारतीय किसान यूनियन (रक्षक) के कार्यकर्ताओ ने कस्बा नागल के बस स्टैण्ड पर ओवरब्रिज बनवाये जाने समेत तीन सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन (रक्षक) के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर बताया कि नागल बस स्टैण्ड से दैनिक रूप से लगभग छः हजार छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। नागल कस्बे में बस स्टैण्ड पर ओवरब्रिज न होने के कारण यहां निरन्तर 40 गांव के बच्चे, महिला, पुरूष एवं बुजुर्ग भी अपनी दैनिक रूप रोजमर्रा की वस्तुएं लेने हेतु स्टेट हाईवे-59 को बस स्टैण्ड नागल से सड़क के पार से उस पार जाते हैं। उनका कहना था कि रेलवे रोड पर चिकित्सकों की संख्या ज्यादा होने के कारण बीमार व्यक्ति भी इस व्यस्त स्टेट हाईवे पर चल रहे तेज गति से चलने वाले वाहनों के बीच में से सड़क को पार करते है।

काष्ठ कला हौजरी उद्योग को बढावा देने के लिए हर संभव किया जायेगा प्रयास: इमरान मसूद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद ने कहा कि आपसी सौहार्द को मजबूत बनाना व क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर मे जाम से निजात दिलाने के लिए एलिवेटिड रोड बनवाने के साथ काष्ठ कला हौजरी उधोग को बढावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने हाथरस की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों व घायलों के परिजनों को बढाकर मुआवजा दिलाने की मांग की। नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद आज यहां चकरौता रोड स्थित पीसीसी मेम्बर व पूर्व जिलाध्यक्ष जावेद साबरी के आवास पर पत्रकारों के साथ वार्ता कर रहे थे उन्होने कहा कि लोकसभा मे पहले ही दिन से उन्होंने सहारनपुर की जनता की आवाज उठाने का का काम किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ आपसी सौहार्द रखना उनका लक्ष्य है तथा बिना किसी भेदभाव के वह क्षेत्र के लोगों की खिदमत करने का काम करेंगे। श्री मसूद ने कहा कि शहर की जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए उन्होंने ऐलिवेटिड रोड बनाने के संबंध मे केन्द्रीय मंत्री से वार्ता की थी, जिसमें उन्होंने बताया कि यह योजना 2016 मे आई थी। उसी समय इस

योजना पर पर काम होना था जो स्टेट हाइवे बन गया है अब राज्य सरकार से एन ओ सी की जरूरत है जिसके संबंध मे उन्होंने नगर विधायक से भी वार्ता की है ताकि जनहित के मुद्दों पर मिल जुलकर काम करके निश्चित रुप से समस्याओं का समाधान कराया जा सकें। श्री मसूद ने कहा कि उन्होंने अधूरे पडे दिल्ली यमुनोत्री हाइवे के संबंध मे वार्ता कर लिंक रोड बना कर सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी को भी जोडने का प्रस्ताव दिया है, जिससे मां शाकम्भरी देवी जाने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिल सकें। उन्होंने बताया कि सहारनपुर में स्वास्थ्य का मुद्दा उनके लिए अहम है। स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर अस्पताल मे 8 सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बनवाने का काम किया जायेगा। उसके बाद सहारनपुर के 95 प्रतिशत मरीज बाहर जाने बन्द हो जायेंगे तथा सहारनपुर मे ही सभी सुविधा मिल सकेगी इस संबंध मे वह आवश्यकता पडने पर उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिले मे विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये जायेंगे। श्री मसूद ने कहा कि सहारनपुर के काष्ठ कला उधोग 1500 करोड़ से घटकर आधा रह गया है, जो चिंता का विषय है। काष्ठ कला उधोग के विकास के लिए दस्तकार व मजदूरों का पलायन रोकने का काम किया जायेगा साथ ही हौजरी उधोग के लिए नये कलस्टर का निर्माण कराया जायेगा। श्री मसूद ने कहा कि सहारनपुर से देहरादून के लिए सीधी रेलवे लाईन के लिए केंद्रीय रेलमंत्री ने आश्वासन दिया था उनका प्रयास रहेगा कि उनके कार्य काल मे ही इस परियोजना को पूरा किया जा सके उन्होंने हाथरस की घटना को दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों व घायलों को सरकार से बढाकर मुआवजा दिलाने की मांग की उन्होंने कहा कि कुप्रबंधन की वजह से यह हादसा हुआ है इसके लिए दोषियों का पता लगाना सरकार का काम है। उन्होंने कहा कि बाढ की समस्या के सवाल पर कहा कि पावधोई व ढमोला नदी का पानी जब हिंडन नदी मे गिरता है तब ओवरफ्लो होने की वजह से पानी बैक मारता है जिसके परिणाम स्वरूप सहारनपुर को बाढ का सामना करना पडता है इसके लिए विशेषज्ञों से राय ली जायेगी। मदरसों को बंद किए जाने संबंधी सवाल पर श्री मसूद ने कहा कि इस मुद्दे को लोकसभा मे उठाया था कि ए एम यू जैसे 45 संस्थानो मे शिक्षकों की कमी होने से वह बन्द होने के कगार पर है शिक्षा का बजट लगातार घट रहा है जबकि इसे बढाना चाहिए था सहारनपुर मे मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय मे चार साल मे भी विधिवत सत्र संचालित नही हो पाया है।

वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत पेंड़ लगाकर सपा नेताओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी ने शनिवार को मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के जेहटा,माधवपुर कसमण्डी खुर्द, खालिसपुर,सेमरामऊ,बहरू,जलियामऊ,भलिया, दसदोई, मेंहदीनगर सहित आदि गांवों में पीडीए पेड़ वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सांसद के साथ में विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य, जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत, प्रदेश सचिव वसी अहमद, जिला पंचायत सदस्य पन्नालाल रावत, प्रदेश सचिव अभय मुलायम सिंह यादव सहित आदि नेता उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के नेतृत्व में चल रहे पीडीए पेड़ रोपण अभियान को लेकर कहा कि पीडीए पेड़ रोपण अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव में पीपल,बरगद और नीम आदि के पेड़ लगा रहे है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है।वर्तमान में हर तरफ फैले हुए तरह-तरह के प्रदूशण को दूर करने के लिए आवश्यकता पेड़ की है, शाखाओं की नहीं। जब पौधे की जड़ें जमीन पकड़ लेती हैं तो शाखाएं, पत्तियां, फूल, फल सब अपने आप प्राप्त होता है।वे शाखाएं अप्राकृतिक होती हैं जिनकी न तो जड़ों का पता होता है,और न ही इस बात का कि उनका फल किसको मिल रहा है। इसीलिए आवश्यकता जमीन से जुड़ें पेड़ों की है,मनुष्य निर्मित शाखाओं की नहीं। पीडीए पेड़ पौधारोपण के इस पर्यावरणीय, सामाजिक आंदोलन को समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश के गांवों से शुरू करके आगामी चरणों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा। वक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जेहटा में प्रधान राहुल सिंह यादव, माधवपुर कसमण्डी खुर्द में मुनेश्वर रावत, खालिसपुर में विद्यासागर गुप्ता, सेमरामऊ में अध्यापक आशाराम भारतीय, बहरू में इशाक गाजी, प्रधान गुरुदयाल गौतम, जितेन्द्र सिंह यादव, जलियामऊ में रामकुमार लोधी,भलिया में पूर्व प्रधान आनंद गौतम,कौशलेंद्र सिंह चौहान, गोकुल रावत, अंकुर सिंह चौहान, दसदोई में महेंद्र सिंह यादव ने किया। सांसद आरके चौधरी ने कई गांवों में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व महात्मा गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा 20 को, शामिल होंगे 811 परीक्षार्थी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटर की इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा 20 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसके लिए उदित नारायण इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके साथ ही 15 और 16 जुलाई को प्रयोगात्मक और आंतरिक मूल्यांकन कराया जाएगा। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 20 अप्रैल को जारी हुआ। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद बोर्ड मुख्यालय ने कम अंक पाने वाले छात्रों को कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन मांगा था। 31 मई तक आवेदन करना था। इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए हाईस्कूल के वे विद्यार्थी आवेदन किए जो एक विषय में अनुत्तीर्ण थे या किसी विषय में नंबर कम थे। कंपार्टमेंट के लिए वह परीक्षार्थी आवेदन किए जो कम से कम दो विषय में अनुत्तीर्ण थे। जिले से हाईस्कूल के लिए 350 परीक्षार्थी और इंटर के लिए 461 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। बोर्ड मुख्यालय में परीक्षा की तिथि 20 जुलाई निर्धारित कर दी है। इसके साथ ही डीआईओएस को परीक्षा केंद्र बनाने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद डीआईओएस ने छात्रों की संख्या को देखते हुए उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना को परीक्षा केंद्र बनाया है। इसके साथ ही आंतरिक मूल्यांकन और प्रयोगात्मक परीक्षा भी कराने के लिए 15 और 16 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। डीआईओएस रविंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड मुख्यालय से तिथि जारी होने के बाद परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां पर हाईस्कूल और इंटर के कुल 811 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा 20 जुलाई को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह आठ बजे से 11:15 बजे तक होगी, जिसमें हाईस्कूल और दूसरी की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी, जिसमें इंटर के परीक्षार्थी शामिल होंगे।

सभ्यता वर्मा ने वृक्षारोपण किया

पीलीभीत अवधनामा संवाददाता। एक पेड़ मां के नाम अभियान विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत चाट डांग उर्फ बलदेवपुर बूथ संख्या 74 पर ब्लॉक प्रमुख मरौरी श्रीमती सभ्यता वर्मा ने वृक्षारोपण किया जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य शांति स्वरूप पाल सम्मानित ग्राम प्रधान वेद प्रकाश एव सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे मानसिंह, अमित वर्मा, शेखर वर्मा यशपाल, चंद्र प्रकाश, बांकेलाल, दीनदयाल, राजकुमारी, प्रेम देवी सीमा देवी आदि उपस्थित रहे।

दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उन्नाव अवधनामा संवाददाता। शहर में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत के संस्कृति मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन विभाग के रेंजर विवेक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत के पहले मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। यह कार्यक्रम जीवन मार्ग फैलोशिप सोसाइटी, उन्नाव के तत्वाधान में हुआ। यह संस्था एक गैर सरकारी संगठन है जो की समाज सेवा के लिए कार्य करती है। संस्था की अध्यक्षा अजीम फातिमा ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की शुरुआत संतोष राय और टीम द्वारा कजरी लोकगीत से की गई।

हत्यारोपी को आजीवन कारावास

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। करीब नौ साल पहले हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर हत्या का आरोप सिद्ध होने पर एडीजी कोर्ट नंबर 2 ने शनिवार को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा दिलवायी जा रही है जिसके क्रम में थाना हनुमानगंज पर पंजीकृत मु.अ.सं.- 425/2015 धारा 302/34,120बी भादवि में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा शनिवार को अभियुक्त जितेन्द्र यादव पुत्र बदरी यादव निवासी रामनगर थाना हनुमानगंज जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिद्ध करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक नि. प्रकाश यादव व नि. राणा राजेश कुमार सिंह, डी.जी.सी. जी.पी. यादव, ए.डी.जी.सी. कृष्ण कुमार पाण्डेय कोर्ट नंबर दो, थानाध्यक्ष हनुमानगंज अजय पटेल, पैरोकार कां0. राजमन चौधरी का सराहनीय योगदान रहा है।

झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिले में भीषण गर्मी का सितम जारी है शनिवार को सुबह से ही सूर्य देव बादलों के बीच आंख मिचौली करते रहे दोपहर में झमाझम बारिश हुई जो काफी देर तक जारी रही। सड़कों के किनारे जल भराव हो गया राहगीर भीगकर आवा गमन करते दिखाई पड़े। जब बारिश बंद हुई तो भीषण उमस शुरू हो गई। इधर कई दिनों से तपिश जारी है।बारिश ने और भीषण उमस बढ़ा दी है विद्युत कटौती और उमस के बीच लोग काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं।भीषण गर्मी से लोग त्राहि त्राहि कर रहे थे बारिश से काफी राहत महसूस हुई। धान की रोपाई की तैयारी करने वाले किसानों को इसमें खासा फायदा हुआ है।

डंपर से डीसीएम टकराया, डीसीएम चालक की मौत

कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता। कोखराज थाना क्षेत्र के रामजी होटल के पास गुरुवार की रात लगभग 12 बजे आइसर डीसीयम जो कानपुर से बनारस परचून किराने का सामान लाद कर जा रहा था अचानक तभी आगे चल रहे डम्फर ने अचानक ब्रेक लगाने से डीसीयम चालक जा टकराया जिससे चालक हसन मोहम्मद पुत्र मेहंदी हसन उम्र 30 वर्ष निवासी कानपुर हसिंगवा थाना चकेरी का निवासी है हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के पहुंचने पर लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौके से डम्फर चालक फरार हो गया हैं घटना इतनी जबरदस्त थी कि चालक की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी पुलिस ने शव को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।

शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील गौरीगंज में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया तहसील तिलोई में 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुने।

उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट संस्था के साथ एमओयू हुआ लखनऊ

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत रिन्यूअल एनर्जी के क्षेत्र में प्रेरणा ओजस कार्यक्रम हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापना हेतु उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्राम्य विकास विभाग एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट संस्था के साथ 3 वर्षो के लिए नान फाइनेंशियल अनुबंध हुआ।

यह अनुबन्ध उत्तर प्रदेश 75 जिलो के समस्त 826 ब्लॉको के अन्तर्गत 57702 ग्राम पंचायत के लिए किया गया है और इस अनुबंध का मुख्य उद्देश्य पूरे प्रदेश 75 जनपदों के समस्त 826 ब्लॉको की समूह की महिलाओं को सोलर एनर्जी के क्षेत्र में रोज़गार के अवसर प्रदान करने है साथ साथ प्रधानमंत्री जी विजन के तहत हज़ारो की संख्या में समूह की महिलाओं सोलर के क्षेत्र में लखपति दीदी बनेगी। मिशन निदेशक आईएएस दीपा रंजन ने बताया की प्रेरणा ओजस कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश के समस्त 826 ब्लॉको में सोलर शॉप खोली जानी है जिनका संचालन समूह की महिलायें संचालन करेगी साथ साथ मण्डल वाइज सोलर प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का संचालन समूह की महिलाएँ करेगी और वर्तमान में जिन महिलाओं ने ऊधम स्थापित किए है उन ऊधम को डीआरई प्रोडक्ट से जोड़ा जायेगा और साथ साथ महिलाओं द्वारा क्लीन कुकिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत कूक स्टोव वितरण का काम किया जायेगा। इस अनुबंध के अवसर पर यूपीएसआरएलएम के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मजेय शुक्ला व राज्य परियोजना प्रबंधक उधम विकास सत्यजीत शुक्ला, प्रेरणा ओजस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र द्विवेदी, सीड संस्था के सीईओ रमापती कुमार, यूपीएसआरएलएम के परियोजना प्रबंधक नवीन शर्मा मौजूद थे।

शिकायतों का निस्तारण समय सीमा से करें: एसडीएम

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। तहसील दिवस पर आई शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अंदर तथा गुणवत्ता से करें, किसी प्रकार की भी लापरवाही ना बरते यह निर्देश संपूर्ण तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिला अधिकारी ने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। इस दौरान 28 से शिकायतें दर्ज की गई जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण स्तार किया गया।

उपजिलाधिकारी अतुल कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे उन्होंने तहसील दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण में सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवस की शिकायतों पर निस्तारण में कोई लापरवाही ना बरते हैं समय सीमा के अंदर सभी शिकायतों को निस्तारित करें तथा उन शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण हल किया जाए। इस दौरान 28 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें राजस्व की 8 पुलिस की 4 सहित सभी विभागों की शिकायतें आयी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार बाल विकास परियोजना अधिकारी कपिल शर्मा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार दोहरे, मंडी सचिव वीरेन्द्र सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक सील बंत सिंह डॉ राजीव दुबे आदि सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

तीन अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

कौशांबी। पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशानुसार अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी गए ट्रैक्टर और ट्राला और चोरी को अझुवा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है गिरफ्तार करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने 10 हजार का नकद पुरस्कार दिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 भौंतर निकट जीटी रोड के पास से धर्मेंद्र कुमार का न्यू हालैंड ट्रैक्टर यूपी 73 सी 3 838 और ट्राला 24 जून को चोर उठा ले गए थे जिसका मुकदमा सैनी कोतवाली में पंजीकृत किया गया था सर्किल आफिसर अवधेश कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य और उनकी टीम चोरी गए ट्रैक्टर और ट्राला को तलाश रहे थे इसी क्रम में पुलिस टीम प्रतापगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज देखते हुए संभावित जगहों में तलाश किया पुलिस टीम को ट्रैक्टर ट्राली में लिखे गुप्ता ट्रेडर्स तलाश में मदद मिली।

इन्दिरानगर के शिवसिटी क्षेत्र के सैकड़ों परिवार मूलभूत सुविधाओं से है वंचित

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। राजधानी के इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरानगर क्षेत्र का शिवसिटी जरहरा सुगामऊ में रह रहे सैकड़ों परिवार आज भी जन सुविधाओं से वंचित है। हालात यहां तक पहुंच चुके है शहर में विकास के दावों के बीच यहां अभी तक न सड़के बनी है और न ही जल निकासी की सुचारू व्यवस्था हो पायी है, नतीजा बारिश के समय क्षेत्र में जलभराव होने के कारण क्षेत्रीय नागरिकों को न सिर्फ संकटों के दौर से गुजरना पड़ता है बल्कि निरन्तर संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा बिजली और पेयजल की भी समस्याओं से क्षेत्रीय लोगों को बराबर दो-चार होना पड़ता है। हाल में हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन कर नगर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की थी, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गयी है। प्रदर्शन करने वाली पार्टी के युवा नेता मोहित मिश्रा ने बताया कि दिये गये ज्ञापन में शिव सिटी स्थित जुड़वा मन्दिर से लेकर शिवराम यादव के आवास तक इंटरलॉकिंग सड़क व नाली के निर्माण के साथ मार्ग प्रकाश के के लिये स्ट्रीट लाईट व क्षेत्र के चौराहा पर हाई मास्क लगाये जाने की मांग उठायी गयी थी। क्षेत्र के निवासियों मनीष साहू, प्रशांत कुमार, कृपा शंकर अवस्थी, अंजुल चौधरी, संदीप पांडेय आदि लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग आठ सौ परिवारों में सैकड़ों लोग निवास कर रहे है जिन्हें मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के बजाय नगर प्रशासन आंखें मूंद कर बैठा हुआ है।

बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य रोपित कर बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में अपना योगदान दे: मंत्री

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने वन महोत्सव के अन्तर्गत सैनिक स्कूल में अपने कर-कमलों से पौधा रोपित करते हुये कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश के बच्चों, बुजुर्गों, सभी नागरिकों से आव्हान किया है कि ''एक पेड़ अपनी मां के नाम'' अवश्य रोपित करें।

उन्होने कहा कि जिस तरीके से प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ हुई है, प्रकृति से भेद-भाव हुआ है, आज हम सब वातावरण में प्रदूषण बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, विकास की दौड़ में वन क्षेत्र घट रहा है, प्राकृतिक रूप से हम लोग अलग-थलग हो रहे हैं, उसी का परिणाम है कि कोरोना जैसी भयानक बीमारियां, विभिन्न प्रकार की विसंगतियां जो समाज के लिए पीड़ा-दायक है, समय-समय पर पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने, घटते वृक्षों की संख्या को बढ़ाने की दिशा में काम करना होगा, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 01 पौधा रोपित कर उसकी देख-भाल करनी होगी, तभी हम आगे आने वाली पीढियों को एक सुरक्षित, संरक्षित वातावरण दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करना आसान है लेकिन उसका संरक्षण, देखभाल करना बेहद जरूरी है, हम सबको रोपित पौधों की देख-भाल करने में, उन्हें संरक्षित करने में काम करना होगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि वृक्षों के आसपास रहने से जीवन में मानसिक संतुष्टि मिलती है, वृक्ष तापमान को सामान्य रखने, भूमि को बंजर होने से रोकने में महती भूमिका निभातें है, वृक्ष दूषित वायु को ग्रहण करके हमें शुद्ध एवं जीवनदायक ऑक्सीजन प्रदान करते है, हवा और पानी जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक वृक्ष हैं इसलिए वनों की सुरक्षा के साथ अधिक से अधिक वृक्ष रोपित करने होंगे, देश की समृद्धि में वृक्षों का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए राष्ट्र के हर नागरिक को स्वयं और राष्ट्र के हित के लिए वृक्षारोपण करना होगा।

जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने पौधा रोपित करते हुये कहा कि गत वर्ष मंत्री जी के कर-कमलों से सैनिक स्कूल में वृक्षारोपण की शुरूआत हुयी थी और इस बार भी उन्हीं के कर-कमलों द्वारा वृक्षारोपण के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उन्होने कहा कि गत 01 वर्ष में जनपद की तस्वीर बदली है, तकरीबन 40 परियोजनाएं पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से संचालित है, जनपद में 01 हजार से अधिक क्षमता का ऑडिटोरियम, म्यूजिम, ओपन थ्रिऐटर, वी.वी.आई.पी. लॉज के निर्माण का कार्य संचालित है, संकिसा के पास काली नदी के तट पर जसराजपुर में भी तकरीबन 20 हे. भूमि पर मंत्री जी की अनुकम्पा से जनपद को बौद्ध संकुल से जोड़ने का कार्य प्रस्तावित है, इस प्रोजेक्ट की शुरूआज इसी वर्ष होगी, समान पक्षी विहार पर भी कार्य संचालित है, वहां पर भी भूमि की उपलब्धता के आधार पर वन विभाग कार्य करेगा, बहुत सारे कार्य जनपद में हुये हैं, शहर की वर्ष भर में नक्शा, तस्वीर बदली है, नगर के प्रत्येक चौराहे इस बात का गवाह हैं। उन्होने कहा कि सैनिक स्कूल के फेज-01 का कार्य मंत्री जी के दिशा-निर्देशन में पूर्ण हुआ, फेज-02 के कार्य के लिए रू. 50 करोड़ का आगणन तैयार कर शासन को भेजा जा चुका है, जिस पर बहुत जल्द स्वीकृति मिलेगी।

चार दिनों की बारिश ने सड़क की गुणवत्ता की खोल दी पोल

अवधनामा संवाददाता

महमूदाबाद (सीतापुर)। तीन महीने पहले बनकर तैयार हुई सड़क के किनारे चार दिनों की बारिश में बने सैकड़ों रेनकट ने विभाग द्वारा कराए गए निर्माण की गुणवत्ता पर अब सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गोड़ैचा सदरपुर वाया बिसवां पुल तक करीब 23 किलोमीटर लंबी सड़क अभी अप्रैल माह में बनकर तैयार हुई थी।

दावा किया जा रहा है कि सड़क नई एफ डी आर तकनीक से बनाई गई है। लेकिन चार दिनों की बारिश ने गुणवत्ता की पोल खोल दी है। 23 किलोमीटर लंबी इस सड़क के किनारे बारिश होने और जल निकासी न होने के कारण सैकड़ों गढ्ढे हो गए हैं और कहीं कहीं सड़क भी टूटने लगी है। ऐसे में लोगों को वाहन से चलने में हादसे का खतरा बना हुआ है। सदरपुर से बिसवां पुल के बीच रमुआपुर बाजार के निकट सड़क के दोनो किनारों पर बड़े बड़े रेनकट बन गए है। जिस से सड़क टूटना शुरू हो गई है। जिससे राहगीरों को सड़क पर चलने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में स्थानीय निवासी रिजवान अंसारी और राजकुमार श्रीवास्तव का कहना है की दशकों के इंतजार के बाद अच्छी सड़क बना कर देने का दावा पूरी तरह से खोखला है,सड़क बारिश के चार दिन भी नही झेल सकी, सैकड़ों रेनकट से पता चलता है कि जैसी उम्मीद की थी यह सड़क वैसी नहीं है,सड़क बनाने में मानकविहीन कार्य हुआ है ऐसा लोगों का कहना है। अधिक जानकारी के लिए जब अधिशाषी अवर अभियंता लोकनिर्माण विभाग को फोन किया तो उनका फोन नही उठा। आशा मौर्या, विधायक महमूदाबाद ने कहा मैं तो समय-समय पर जेई और ठेकेदार को सड़क निर्माण की उच्च गुड़वत्ता के किए कहती रहती हूं। अभी कुछ माह पूर्व मेरा एक वीडियो भी सोशल मीडिया में प्रसारित हुआ था और कुछ अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया गया था। जिसमे मेरे द्वारा निर्माणाधीन सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर जेई और ठेकेदार सहित जिम्मेदारों से बहस हुई थी। अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है सड़क बने हुए, अगर रेनकट और सड़क खराब हुई है तो ठेकेदार और जेई के विरुद्ध शासन को लिखकर कार्यवाही करवाऊंगी।

सी.एम.एस. छात्रों ने वृक्षारोपण कर 'हरी-भरी धरती' का जगाया अलख

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्रों ने 'वन महोत्सव सप्ताह' के अन्तर्गत आज अपने विद्यालय परिसर के आसपास वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा एवं हरी-भरी धरती का अभूतपूर्व अलख जगाया और जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। वृक्षारोपण समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रख्यात पर्यावरणविद् डा. हीरा लाल, आई.ए.एस., विशेष सचिव, सिंचाई, उ.प्र. ने वृक्ष रोपित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. हीरा लाल ने कहा कि युवा पीढ़ी का सामूहिक प्रयास पर्यावरण संवर्धन हेतु जनमानस के विचारों एवं जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन लायेगा। उन्होंने सी.एम.एस. छात्रों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. के छात्र पढ़ाई में तो अव्वल हैं ही, साथ ही सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों में भी अग्रणी हैं। इस वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्रों ने जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वयं भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

मृत्युंजय श्रीवास्तव व लोकतंत्र सेनानी माता प्रसाद स्वर्णकार के पुत्र को सम्मानित किया गया

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। भारतीय जनता पार्टी मंडल जालौन के तत्वावधान में आपातकाल के काले अध्याय के विरोध में जन जागरूकता हेतु एक गोष्ठी का आयोजन विकासखंड सभागार में किया गया। गोष्ठी में भाजपा जिला अध्यक्ष और उर्विजा दीक्षित ने आपातकाल के दौरान तत्कालीन इंदिरा सरकार के उत्पीड़न के शिकार बने लोकतंत्र सेनानी निरंजन लाल महेश्वरी, शिवराम महाजन, रामेश्वर दयाल निगम, रमेश गुप्ता को माल्यार्पण कर, शाल उढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

दिवंगत लोकतंत्र सेनानी डॉ राधेश्याम योगी के पुत्र मृत्युंजय श्रीवास्तव व लोकतंत्र सेनानी माता प्रसाद स्वर्णकार के पुत्र को भी सम्मानित किया गया।अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने लोकतंत्र सेनानियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपातकाल ने भारतीय लोकतंत्र का गला घोट दिया था। इंदिरा गांधी के निरंकुश शासन ने जो किया उसे भारत के इतिहास का काला अध्याय लिखा जाएगा। आज भी कांग्रेस निरंतर लोकतांत्रिक मान्यताओं के विरुद्ध कार्यकर जनता में झूठ फैला रही है। लोकतंत्र सेनानी शिवराम महाजन ने अपने संस्करणों को याद किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जब निरंकुश्ता आ जाती है तब उसकी परिणति आपातकाल के रूप में सामने आती है। समारोह का संचालन अनिल शिवहरे ने किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय राजावत, महामंत्री कुंवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, उपेंद्र गुर्जर, आदेश गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, जिला उपाध्यक्ष राम राम अनुग्रह सिंह राजावत ,विनय दीक्षित एडवोकेट, पवन अग्रवाल एड, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरज बाथम, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, अनीता महेश्वरी, संजय सेंगर, सरिता कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, अनीता द्विवेदी, अनेकांत श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मुकुल आनंद ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा से पेश किया

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्रधान संघ के जिला सचिव और युवा भाजपा नेता मुकुल आनंद ने शनिवार को रिक्त हुई मिल्कीपुर विधानसभा सीट से टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश किया। भाजपा पदाधिकारियो के साथ जिला

मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री और पूर्व सांसद लल्लू सिंह से मिलकर अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता बताया। तथा मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना आवेदन पत्र दिया। पूर्व मंत्री राम प्रसाद शास्त्री, पूर्व सांसद लल्लू सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया। इसके अलावा जिले के अन्य नेताओं से भी मुलाकात किया तथा अपनी दावेदारी पेश किया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, अंकित दुबे, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पंकज सोनी, बीकापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, पंकज श्रीवास्तव, बीडीसी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप पांडे, जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे, पूर्व सुभाषपा जिला अध्यक्ष राहुल सिंहा आदि शामिल रहे। मुकुल आनंद वर्तमान में बीकापुर भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष पद पर तैनात हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त मुकुल आनंद छात्र राजनीति से भी जुड़े रहे हैं। तथा सभी वर्गों में अपनी पकड़ रखते हैं। पूर्व में ओमप्रकाश राजभर की सुभाषपा पार्टी में भी अयोध्या जिला प्रभारी रहे हैं। प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद ने बताया कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा सीट अवधेश प्रसाद जी के सांसद निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर वह भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जिले और प्रदेश स्तर पर अपना दावा पेश कर रहे हैं। उन्हें कई बड़े नेताओं का आश्वासन भी मिला हुआ है। अगर पार्टी ने विश्वास जताया और उन्हें मौका मिला तो वह समर्पण की भावना के साथ मजबूती से उपचुनाव में जीत हासिल कर पार्टी की नीतियों के अनुसार जनता की सेवा करेंगे। और विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देंगे।

अयोध्या में होगा रक्तदान का राष्ट्रीय महोत्सव

अयोध्या। प्रभु राम की जन्मभूमि अयोध्या में आगामी 21 सितम्बर से दो दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जायेगा द्य यह आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जायेगा,जिसमें देश के सभी राज्यों और उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के रक्तदाता रक्तदान करेंगे द्य महोत्सव में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के 201 रक्तदाताओं को सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जायेगा ।उक्त सम्बन्ध संस्था की बैठक जिले के एक होटल में किया गया 7 बैठक की अध्यक्षता सेन्ट्रल बैंक ऑफ़

इण्डिया के पूर्व महाप्रबंधक राम बहल व संचालन उद्यमी प्रतीक कुमार वैश्य ने किया ।संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने बताया कि समूचे देश के रक्तदाता अयोध्या आकर एक छत के नीचे रक्तदान करेंगे 7 और राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान के लिए ऑन लाइन आवेदन 10 जुलाई तक लिए जायेंगे । इन सम्मानित होने वाले रक्तवीरों का चयन संस्था के चयन समिति के द्वारा किया जायेगा 7 प्रख्यात समाजसेवी राजेश चौबे की अध्यक्षता में चयन समिति का गठन किया गया जिसमें मुंबई से मिन्हाज सुगरा,बलरामपुर से आलोक अग्रवाल, लखनऊ से राजीव गोयल, सोनभद्र से दिलीप दूबे व अम्बेडकर नगर से सूरज गुप्ता शामिल किया गया हैं अन्नपूर्णा रसोई के अध्यक्ष मुन्ना गुप्त ने कहा कि देश में रक्तदान के प्रति जागरूकता को लेकर यह आयोजन किया जा रहा हैं और हर घर में एक रक्तदाता हो यही संस्था का उद्देश्य हैं।

जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, जन समस्याओं का हो समयबद्ध एवम गुणवत्तापूर्ण निस्तारणः जिलाधिकारी

अयोध्या। जन समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं, शासकीय सुविधाओं की डिलीवरी, विभिन्न कार्यालयों के स्थान पर यथासंभव एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध कराये जाने तथा जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन-संवाद स्थापित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में आज तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना व यथासंभव उनका मौके पर निस्तारण किया गया।तथा शेष समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।जन समस्याओं की सुनवाई के दौरान रवी चन्द्र पुत्र राम सुभावन अवतार नगर कालोनी रानोपाली में विकास प्राधिकरण द्वारा बनायी जा रही सड़क की शिकायत पर जिलाधिकारी ने वी0सी0, ए0डी0ए0 को प्रकरण में परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। एक अन्य

प्रकरण राम जियावन पुत्र शिवनरायन, ग्राम देवापुर अमानीगंज में जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को प्रकरण में परीक्षण कराकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा पैमाइश आदि से सम्बंधित विभिन्न शिकायतों का समस्त लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार तथा तहसीलदार व उप जिलाधिकारी को गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को कोर्ट पर लम्बित पैमाइश सम्बंधी समस्त वादों का प्राथमिकता पर तेजी से निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दर्जा प्राप्त मंत्री ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। तरबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री व पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविंद कुमार पटेल ने पहुंचकर निरीक्षण किया साथ ही बाहर हुआ बरसात के दृष्टिगत कर्मियों को सजग रहने के लिए कहा उन्होंने कहा कि तरबगंज क्षेत्र अधिकांश गांव व मजरो बाढ़ प्रभावित है ऐसे में तमाम मौसम जनित बीमारियों व जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित होने के साथ ही दबाव का भंडार भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया व समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक नवनीत गौरव सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह आलोक रंजन डॉक्टर सोहेल अहमद महेंद्र कुमार अंकित फार्मासिस्ट अजय मिश्रा विनय पांडे फार्मासिस्ट सीता नाथ उपाध्याय सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहरी कमरे में सो रहे युवक को मारी गोली, मौत

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे एसपी सहित पुलिस अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। घर के बाहरी कमरे में सो रहे युवक की किसी अज्ञात व्यक्ति ने खिड़की से गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह खेत से घर पहुंची मृतक की भतीजी ने चाचा को मृत देख कर शोर मचाया तब घर के लोगों को घटना की जानकारी हुई। इसके परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। हत्या की सूचना पाकर घटना स्थल पर बदोसराय पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक सहित कई थानों की पुलिस फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मुरई मजरे मधनापुर के 35 वर्षीय युवक की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी बदोसराय, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी पुलिस अधीक्षक सहित रामनगर, मसौली, टिह्यह्यकैत नगर, सफदरगंज आदि थानों की पुलिस फोरेंसिक टीम मौके पर पंहुच कर जांच पड़ताल किया है। क्षेत्र के ग्राम मुरई का अरविंद कुमार उम्र करीब

35 वर्ष पुत्र रामसागर घर के बाहरी कमरे में खिड़की के पास तख्त पर लेटा हुआ था । रात करीब 3 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने खिडकी के बाहर से गोली मारकर हत्या कर दी। गांव के लोगों का कहना है कि अरविंद बहुत ही सीधा एंव सरल स्वाभाव का था जो कि सिरौलीगौसपुर ब्लाक में सफाई कर्मचारी था और ग्राम मरकामऊ में तैनात था। उसकी किसी से रंजिश नहीं थी। वहीं रात में पडोस के खेत में धान रोपाई करने के लिए इंजन से पानी भरा जा रहा था। जिसकी आवाज के चलते परिजन गोली चलने की आवाज नहीं सुन पाये । जिससे घर में सो रहे अन्य लोग कुछ नहीं जान पाए। सुबह खेत से लौटी भतीजी ने खिड़की से देखा की चाचा खून से लथपथ पड़े हैं। उसके शोर मचाने पर घर के लोगों के साथ ही पड़ोसियों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया । सूचना पाकर तत्काल थानाध्यक्ष बदोसराय सन्तोष कुमार फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर उच्च ।अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद एसपी दिनेश कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर आलोक पाठक फोरेंसिक टीम मौके पर पंहुच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने भाई वीरेन्द्र की लाइसेंसी रायफल को कब्जे में ले लिया है। मृतक अरविंद वर्मा की पत्नी व बच्चे प्रतिभा पटेल 8 वर्ष, अक्षत 6 वर्ष तथा दूसरे भाई अशोक कुमार के बच्चों के सहित लखपेड़ाबाग बाराबंकी में रहकर बच्चों की पढाई कराती है।सूचना पर पहुंची पत्नी बच्चों व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भिजवा दिया ।

जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट में फुटबाल मैच का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बाराबंकी में संस्थान की फार्मेसी विभाग और इंजीनियरिंग विभह्यह्यह्यह्याग की टीम के बीच

एक मैत्रीपूर्ण फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। फुटबाल मैच के फर्स्ट हाफ में दोनों ही टीम एक एक गोल से बराबर रही तथा सेकंड हाफ में इंजीनियरिंग टीम ने फार्मेसी टीम को रोमांचक और कड़े मुक़ाबले में 3-2 से पराजित कर जीत अपने नाम की। संस्थान के डायरेक्टर संदीप सिंह मेजर जनरल रिटायर्ड ने विजेता और उपविजेता दोनों ही टीम को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। मैच में एवं रजिस्ट्रार मसर्रत अली खान, प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल नावेद, एचआर एमऐ सिद्दीकी, प्रॉक्टर डॉ कलीम, प्रिंसिपल इंजीनियरिंग डॉ नूरुल इस्लाम, प्रिंसिपल फार्मेसी डॉ अमित शर्मा समेत तमाम शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। मैच का संचालन स्पोर्ट्स हेड असलम शेर एवं स्पोर्ट्स टीचर मोबीन अहमद द्वारा किया गया।

मनमाने निलम्बन पर न्यायालय का स्थगन

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। बेसिक शिक्षा विभाग अपने अजब गजब कारनामे के लिए हमेशा जाना जाता रहा है जहां पर शिक्षकों की माने तो अधिकारियों की मनमानी इस कदर है कि ÷जिसकी लाठी उसी की भैंस÷ मतलब जैसा वह चाहे वैसे नियमों को तोड़ मरोड़ करके अपने तरीके से इस्तेमाल कर शिक्षकों की शोषण के खिलाफ उठाई गयी आवाज के विरुद्ध ही कार्यवाही कर दी जाती है अगर माननीय न्यायालय न हो तो इंसाफ की उम्मीद बेकार है। विकासखंड हैदरगढ़ के एक मामले के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ की मनमानी, शिक्षकों के शोषण के लिए अपने चाहते शिक्षकों को अवैध रूप से बीआरसी में अटैच करके धनउगाही के लिए पूर्ण समर्थन देते हैं जिस पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष के आवाज उठाने पर शिक्षक को ही जोड़ तोड़ और फर्जी तरीके से अधिकारी द्वारा खुद शिकायत कराके आवाज उठाने वाले शिक्षक के विरुद्ध ही मनमानी तरीके से नियम विरुद्ध निलम्बन का आदेश पारित कर दिया गया। बताते हैं कि प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह प्राथमिक विद्यालय दुला का पुरवा मे कार्यरत है। इनके द्वारा कुछ माह पहले खंड शिक्षा अधिकारी की मनमानी को लेकर के और उनके द्वारा अपने चहेते शिक्षको को अवैध रूप से कार्यालय मे अटैच करने और मनमाने आदेश सहित इनके द्वारा शिक्षकों के शोषण और धन उगाही को लेकर के विरोध दर्ज कराया गया था। जिसके बाद रंजिशन सांठ गाँठ करके परेशान करने की नियत से खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ द्वारा फर्जी हस्ताक्षर व फर्जी शिकायती पत्र के जरिए शिकायत की गई। जिस पर संबंधित शिक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया व शिक्षक द्वारा नियमानुसार अपना पक्ष रखने के बाद भी अधिकारियों की मनमानी इस कदर हावी है कि उसका संज्ञान न लेकर के मनगढ़ंत और फर्जी तरीके से कूट रचना करके खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा ग़लत आख्या बनाकर मनमाने तरीके से निलंबन आदेश पारित कर दिया गया। जब शिक्षक को इस मनमाने आदेश की जानकारी मिली तो उसने माननीय न्यायालय का रुख किया जहां पर माननीय न्यायालय द्वारा शिक्षक के द्वारा प्रस्तुत अभिलेख और अधिवक्ता की दी गयी दलील के दम पर मामला प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध मानते हुए निलंबन आदेश पर स्थगन का आदेश जारी कर दिया।

निलम्बन तिथि के एक माह पहले का रोका वेतन

निलम्बन के बाद जानकारी यह भी मिली कि उक्त शिक्षक को दिया जाने वाला निर्वाह भत्ता भी मनमाने तरीके से अधिकारियों की तानाशाही के दम पर नियम विरुद्ध तरीके से रोक दिया गया जबकि 27 जून 2024 के जारी निलंबन आदेश में साफ-साफ जीवन निर्वाह भत्ता दिए जाने का आदेश जारी किया गया था और तो और शिक्षक के बीमार होने पर उसके द्वारा कई बार चिकित्सीय अवकाश के लिए आवेदन किया गया लेकिन अधिकारियों को उनकी भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैया के खिलाफ शिकायत करना इतना नागवार गुजरा की उन्होंने बीमार शिक्षक के मेडिकल अवकाश को भी स्वीकृत नहीं किया। कई शिक्षकों का कहना है कि सुनील कुमार गौड़ भ्रष्टाचार शैली में इस कदर लिप्त है कि अपने चाहते शिक्षकों को कार्यालय में अटैच करके रखा गया उनसे सरकारी काम लिया जाता रहा और अवैध धन उगाही की जाती रही जो की सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बाद व विद्या समीक्षा केंद्र पर शिकायत के बाद भी बदस्तूर जारी है। जिसका परिणाम है कि आवाज उठाने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष को इसका इनाम निलंबन आदेश के जरिए दिया गया। शिक्षको मे इसको लेकर रोष है जिस पर संगठन अपना विरोध दर्ज करायेगा।

शिवसेना उद्धव गुट के नेता मनोज ने नवनिर्वाचित सांसद पुनिया से की मुलाकात

बाराबंकी। शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिवसैनिको ने आज जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही के अगुवाई में ओबरी स्थित सांसद आवास पहुंच कर इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया और मिठाई भेंट की भवानी सेना जिला प्रमुख श्रीमती मीरा श्रीवास्तव व प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव ने सांसद को गुलदस्ते भेंट कर सत्कार किया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही ने कहाकि गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसद श्री पुनिया सांसद होने के साथ साथ शिवसेना परिवार के अभिभावक की भूमिका में रहेंगे और शिवसैनिको के साथ खड़े रहेंगे।

पेड़ धरा के आभूषण : अवधेश कुमार सिंह

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। पेड़ धरा के आभूषण है दूर करते प्रदूषण है। इसलिए हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि पृथ्वी से प्रदूषण दूर करने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और उसकी हिफाजत करे। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिला कार्य समिति सदस्य घनश्याम जायसवाल चलाये जा रहे अभियान % एक पौधा मां के नामक्के तहत बरगद का पौधा रोपण करने के उपरांत विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह ने कहीं। अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह ने कहा कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरुआत की है और यह अभियान जन आंदोलन बन गया है। पृथ्वी को हरा भरा बनाने के लिए सभी को पौधरोपण करने के लिए आगे आना चाहिए। घनश्याम जायसवाल बीते कई बरसों से पौधारोपण अभियान चला रहे हैं और उसकी हिफाजत भी कर रहे हैं। उनके अभियान की सराहना करते हुए इन्हें बधाई दी। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य

घनश्याम जायसवाल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री जी ने एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरुआत की है और उन्हें खुशी हो रही है कि वह इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। घनश्याम जायसवाल का मानना है कि पीपल बरगद 24 घंटा ऑक्सीजन देते हैं और यह अन्य वृक्षों की अपेक्षा बहुत विशाल होते हैं इन पौधो के गोदे को चिड़िया खाती हैं और उनके द्वारा दूरदराज क्षेत्र में यह पौधे उग आते हैं। यह पौधे कई वर्षों तक रहते हैं। बड़े स्थान पर और नदियों के किनारे पीपल बरगद के पौधे लगाकर हम सब नदियों की शोभा बढ़ाये और मिट्टी कटान को भी रोक सकते हैं।

पेड़ पौधे वायु प्रदूषण को कम करते हैं और मानव जीवन में खुशहाली लाते हैं। बारिश का समय पौधारोपण के लिए अनुकूल है। हर लोगों को इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

डा श्यामा प्रसाद राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण के मिशाल हैः पंकज चौधरी

महाराजगंज। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन पर पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजय पांडेय की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वह महान शिक्षाविद और एक उज्जवल राष्ट्रवादी विचारक थे। डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रभक्ति,त्याग और समर्पण के अद्वितीय प्रतीक है। उनका पूरा जीवन भारत देश की एकता अखंडता के लिए समर्पित रहा।कश्मीर से परमिट राज समाप्त करने और उसे भारती अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही जनसंघ की स्थापना की थी। आज की बीजेपी पुरानी जनसंघ पार्टी का ही नया रूप है। प्रधान मंत्री मोदी हमेशा से ही कहते रहे हैं कि वह जिस भारत की स्थापना में लगे हैं, वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ही सपनों का भारत है । हिन्दुत्व की राह पर चलना ही मुखर्जी का सपना था। जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार चिरकाल तक प्रासंगिक रहेंगे। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा डॉ मुखर्जी ने अपनी दूरदर्शी सोच से देश में शिक्षा, स्वास्थ्य व औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखने और सामरिक दृष्टि से भारत को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास, नगर पंचायत अध्यक्ष पनियरा उमेश जायसवाल, वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका परिषद महाराजगंज अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, प्रभाकर द्विवेदी, अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री कुसेंद अंसारी, जिला महामंत्री ओम प्रकाश पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

27 शिकायतों में से दो का हुआ निस्तारण

महराजगंज। जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में

संपन्न हुआ। जिसमें कुल 27 जनशिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। जनशिकायतों में मुख्यतः राजस्व, सिंचाई नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव आदि से संबंधित मामले रहे। उपजिलाधिकारी सदर द्वारा जनपद में अधिक बरसात के कारण जगह-जगह जलभराव की समस्याओं के निस्तारण हेतु नगर पालिका को मौके का मुआयना कर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा बाढ़ चौकियों पर निगरानी को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बरसात के दौरान तटबंधों की निगरानी हेतु सिंचाई विभाग को निर्देशित किया और कहा कि अगर कहीं कोई समस्या है तो वहां मरम्मत कार्य को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जाए। साथ ही नावों व गोताखोरों की उपस्थिति बाढ़ चौकियों पर सुनिश्चित की जाए। उपजिलाधिकारी सदर ने भूमि विवाद के प्रकरणों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण शिकायत सुनिश्चित किया जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीसी मनरेगा करुणाकर अदीब, तहसीलदार अमित सिंह, जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नीरज कुमार अग्रवाल, डिप्टी सीवीओ विनोद विश्वकर्मा, ईओ नगरपालिका महराजगंज आलोक कुमार सहित जिलास्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा राजकीय पुस्तकालयः डीएम

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिला मुख्यालय पर निर्मित राजकीय पुस्तकालय के नवीनीकरण उच्चीकरण व सुंदरीकरण के उपरांत उच्चीकृत पुस्तकालय का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा फीता काटकर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विद्यार्थियों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत जिला राजकीय पुस्तालय को उच्चीकृत किया गया है। राजकीय पुस्तकालय को आधुनिक तरीके से संचालित किया जाएगा तथा आधुनिक पुस्तकों से सुसज्जित करते हुए पठन-पाठन की अच्छी सुविधा छात्र-छात्राओं को मुहैय्या कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण के पश्चात इसमें पाठकों की संख्या बढ़ी है और संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रतिदिन विद्यार्थी अपने को पंजीकृत करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है की जनपद के विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु एक उपयुक्त और गुणवत्तापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों का अध्ययन निर्बाध हो सके। जिला राजकीय पुस्तकालय में विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं और उपयोगी पुस्तकें व अन्य अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक और अपर

जिलाधिकारी ने अध्यन करने वाले बच्चों को एक-एक डायरी भेंट की। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा को निर्देशित किया गया कि अभ्युदय योजना के तहत बच्चों को समय-समय पर अपना मार्गदर्शन देते रहें। उपस्थित पाठकगण द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी द हिन्दू समाचार पत्र की उपलब्धता की आवश्यकता प्रकट की गई, जिसपर उन्हें आश्वस्त करते हुए जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी को यथाशीघ्र अखबार की उपलब्धता पुस्तकालय में सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और अन्य छात्रों के लिए जिला राजकीय पुस्तकालय को आईआईटी की तर्ज पर अत्याधुनिक और सभी अकादमिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। बताया कि पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए वातानुकूलित वाचनालय, आरओ वाटर कूलर, स्वच्छ शौचालय, शांतिपूर्ण माहौल और विद्यार्थियों के लिए नोट, जेईई, एसएससी, सिविल सर्विस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी।

पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहता है हल्लौर का बड़ा ताज़िया

आफ़ताब रिज़्वी

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। वैसे तो मोहर्रम मुल्क ही नहीं बल्कि विश्व भर में मनाया जाता है। मगर डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के हल्लौर का मोहर्रम उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में अपनी अलग पहचान रखता है। मोहर्रम का चांद होने के बाद सवा दो महीने अय्याम-ए-अ़जा के रूप में मनाया जाता है। इस बीच बारह हजार से अधिक आबादी वाले इस कस्बे में सिर्फ गम का माहौल छाया रहता है।

हल्लौर के मोहर्रम का इतिहास बेहद पुराना है। हल्लौर को आबाद करने वाले शाह अब्दुल रसूल भी सूफी विद्वान थे जो ईरान से हिंदुस्तान आये थे। आज का सैय्यद वंश उन्हीं की नस्ल से है। इमाम हुसैन के साथ करबला में शहीद उनके साथियों की शहादत पर खेराजे अकीदत पेश करने के लिए कस्बे में जगह-जगह ताजिया रखने के लिए चौक बना हुआ है। जहां महिलाएं मोहर्रम का चांद होते ही अपने हाथों की चूड़ियां तोड़ देती है। उनके शरीर पर नाम मात्र का भी कोई सुहाग चिंह नहीं रहता है। यह स्थिति सवा दो महीने तक रहती है। मोहर्रम के लिए ताज़िया का निर्माण एक महीने पहले ही आरंभ हो जाता है। यहां का एतिहासिक तीस फिट का बड़ा ताज़िया बकरीद पर्व से पहले ही बनना शुरू हो जाता है। जो कस्बे के मध्य स्थित इमामबारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी के चौक पर रखे जाते है। कस्बे में एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक इमाम बाड़े है, इसमें चांद रात से ही मजलिस का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है जो पूरे सवा दो महीने तक चलता है। सात मोहर्रम को प्रातः हल्लौर की दो प्रसिद्ध अंजुमनें क्रमशः अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 व अंजुमन फरोग मातम रजि0 के बैनर तले निकलने वाला जुलूस पूरे कस्बे में दिन भर गश्त करता है। रात में इमाम हसन के बेटे हजरत कासिम की याद में मेंहदी का जुलूस बरामद होता है। आठ मोहर्रम को दरगाह हजरत अब्बास से अलम के साथ मातमी जुलूस निकलता है। जिसमें शामिल होने के लिए दूर-दूर से अकीदतमंद आते है इसमें हिंदु समुदाय के लोगों की तादाद काफी अधिक रहती है। कई स्थानों पर जंजीर, कमां व तलवार का मातम भी होता है। इस मातम को देखने वाले दांत तले उंगली भले ही दबा लेते हों मगर मातमदारों के जोश में जरा भी कमी नहीं आती है। इसी रात इमाम हुसैन अस के अट्ठारह साल के बेटे अली अकबर की याद में ताबूत का जुलूस निकलता है। नौ मोहर्रम की रात होते ही सभी घरों में छोटे-बड़े ताजिये रखे जाते है। इमाम बाड़े की चौक पर रखा जाने वाला तीस फिट का ताजिया पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं लिए आकर्षक का केंद्र रहता है। चालीस दिन बाद इमाम का चेहलुम बनाया जाता है जिसमें अमारी की शबीह निकाली जाती है। इस दरमियान कस्बे में ऐसी मजलिसों का भी आयोजन भी होता है जिसको खिताब करने मुल्क के मशहूर जाकिर व धार्मिक उलेमा आते है। सवा दो महीने के आखिरी दिन यानी आठ रबीअव्वल को अय्यामे अज़ा का अंतिम दिन मनाया जाता है। जिसमें अमारी, जुलजनाह की शबीह के साथ मातमी जुलूस निकाला जाता है।

एमएलसी ने उठाई पुरानी पेंशन और वित्तविहीन शिक्षकों की समस्या

अवधनामा संवाददाता

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी में सीएम से शिक्षक एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करने और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत वित्तविहीन शिक्षकों के सेवा नियमावली, मानदेय सहित अन्य समस्याओ के निदान की मांग उठाई है। उक्त जानकारी शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कस्बा में मथुरा नगर वार्ड में स्थित अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान दी है। बस्ती सर्किट हाउस में शुक्रवार को मण्डल के विकास कार्यो की समीक्षा करने पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वर्ष 2005 के बाद के शिक्षको को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने और माध्यमिक विद्यालयों में वित्त विहीन शिक्षको की सेवा नियमावली बनाए जाने एवं मानदेय की मांग करते हुए शिक्षको की समस्याओं से रूबरू कराया।शिक्षक विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने के बाद रिटायर हों पर कर्मचारी का पालन पोषण आसान होगा। अन्यथा की स्थिति में इस महंगाई के दौर में इनका जीवन जीना भी मुहाल हो जायेगा।इसी कड़ी में वर्ष 1988 से प्रदेश के विभिन्न माध्यमिक विद्यालय में वित्त विहीन शिक्षक के तौर पर कार्यरत शिक्षकों की भी समस्याओं से अवगत कराते हुए शिक्षक विधायक ने मुख्यमंत्री से बताया कि इन शिक्षकों की समान योग्यता और परिषदीय कार्य कराने के बावजूद भी कोई सुविधा एवं एक निर्धारित मानदेय तक नहीं मिलती। संविधान में प्रदत्त समान कार्य का समान वेतन का सिद्धांत भी इनपर लागू नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि विगत 37 वर्षो से सेवा देते हुए अपनी ऊर्जा और जीवन को शिक्षक बनने की आशा में आहूत कर दिए हैं जाने के बाद भी उनकी सेवा नियमावली तक नहीं बन सकी है। जिससे वित्तविहीन शिक्षक अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

वृक्षारोपण स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी हैं: अजय गुप्ता

इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। वन विभाग द्वारा 1 से 7 जुलाई तक आयोजित वन महोत्सव के अभियान के तहत शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में वन विभाग के अधिकारियों व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के पुरोधा श्रद्धेय डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पण किया गया। इस मौके पर चेयरमैन बिस्कोहर अजय गुप्ता ने कहा कि बृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं. एक पेड़ दस पुत्र समान हैं. तत्पश्चात पर्यावरण संरक्षण के संबंध में वन विभाग के इंचार्ज व धर्म जागरण मंच के सदस्य ओमकार शास्त्री जी के द्वारा अपने विचारों को सभी के समक्ष व्यक्त किया एवं एक वृक्ष माँ के नाम के अनुक्रम में वृक्षारोपण किया। कहा कि आप समस्त शुभेच्छु भी एक वृक्ष माँ के नाम के संकल्प से खुद को जोड़कर वृक्षारोपण कर माँ भारती के पर्यावरण को सुदृढ़ करें।

टीकाकरण व गर्भवती का जांच शिविर का आयोजन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया बाजार में शनिवार को बच्चों के टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं का जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित एएनएम तारामती ने ड्यूलिस्ट के आधार पर गांव के 14 बच्चों का टीकाकरण किया, वहीं 11 गर्भवती महिलाओ का जांच व टीकाकरण किया उपस्थित महिलाओं को संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के बारे में जागरूक करती हुई कहा कि खुद के साथ अपने बच्चों व परिजनों को जलजनित बीमारियों से बचाएं। घर के आस पास सफाई रखें पानी इकट्ठा न होने दें तथा सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करे। अंत में सभी महिलाओ को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। इस दौरान आशा जायसवाल, रेनू, सुनीता, कन्यावती, लक्ष्मी, सबनम, आलिया, सूर्यमती आदि उपस्थित रही।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीडीओ ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। तहसील दिवस के उपरांत वन महोत्सव एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील जलालपुर परिसर में महोगनी तथा शुक्रएशिया के पौधे का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही साथ तहसील जलालपुर परिसर में प्रभागीय वनाधिकारी, उप जिलाधिकारी जलालपुर द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि वन महोत्सव कार्यक्रम 1 जुलाई 2024 से 7 जुलाई 2024 तक चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस वर्ष वन महोत्सव के दौरान हरित आवरण की मात्रा बढ़ाने के लिए 35 करोड़ पौधे लगाने का निर्णय लिया है।वन महोत्सव सप्ताह 2024 वृक्षारोपण गतिविधियों का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है। वन महोत्सव सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाता है। इस सप्ताह को इसलिए चुना गया है क्योंकि इस अवधि में भारत के कई हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून का अनुभव होता है जो वनीकरण के लिए अनुकूल स्थिति प्रदान करता है। वन महोत्सव सप्ताह न केवल वनीकरण के साथ मनाया जाता है, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों, शैक्षिक संगोष्ठियों आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों के साथ भी मनाया जाता है। वन महोत्सव सप्ताह के पीछे प्राथमिक लक्ष्य पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए वनों के महत्व को बढ़ावा देना है। वन महोत्सव दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है, जिसमें सरकारी निकायों, गैर-लाभकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और कई व्यक्तियों जैसे कई हितधारकों की भागीदारी के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाए जाते हैं। यह दिन विशेष रूप से पृथ्वी को टिकाऊ और स्वस्थ बनाने के लिए पेड़ लगाने का संदेश देता है।वन महोत्सव दिवस/सप्ताह के पीछे मुख्य उद्देश्य धरती को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना हैशासन के निर्देश के क्रम में जनपद अंबेडकर नगर में वन विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा कार्य योजना तैयार कर वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया जा रहा है। 01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में वन विभाग के साथ अन्य विभाग भी शिरकत कर रहे हैं वृक्षारोपण, जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण , प्रदूषण नियंत्रण, इत्यादि विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम जैसे, निबंध लेखन, प्रभातफेरी, बाद विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किए जा रहे हैं।

डीएम व एसपी की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस

सम्पूर्ण समाधान में पेश कुल 128 मामलों में से 7 का मौके पर हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम राजा गणपति आर की अध्यक्षता व एसपी प्राची सिंह की मौजूदगी में किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा फरियादियों की समस्या को अधिकारी गंभीरतापूर्वक सुनकर समय भीतर समाधान करें, ताकि समाधान दिवस के आयोजन का मकसद पूरा किया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने कहा कि शासन की मंशानुसार मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द होना चाहिए, और शिकायत का निस्तारण होने के उपरांत फरियादी से फीडबैक भी लेना चाहिए। इसको लेकर सभी विभागों के जिम्मेदार गंभीरता बरतें। जो भी शिकायतें यहां पर अग्रसारित की जाती है उसका निस्तारण करने में पूरी दिलचस्पी दिखाएं। उन्होंने जमीन से जुड़े मामलों को एसडीएम व पुलिस से जुड़े मामलों को सीओ से निस्तारण करने के लिए हिदायतें दी। इसके अलावा अन्य विभागों के लोगों से कहा कि जिनके प्रार्थना पत्र इस आयोजन में आए हुए हैं उसके निस्तारण में पूर्ण रूप से दिलचस्पी दिखाएं। अंत में उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत सुनने को मिलेगी उसके विरुद्ध अन्य तहसीलों के नामित अधिकारियों से जांच कराए जाएंगे दोषी पाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के ज्यादा लंबित मामलों लेकर भड़के डीएम, राजस्वकर्मियों को चेतावनी देते हुए बताया कि फरियादियों को दौड़ना बंद करे, अन्यथा की दशा में संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल पेश 128 में राजस्व 82, पुलिस 14 विकास 8 अन्य 24 मामले रहे। जिसमें राजस्व विभाग 5 मामले व अन्य से संबंधित 2 मामले को मौके पर निस्तारित किए गया। इस दौरान एसडीएम डा संजीव दीक्षित, बीएसए देवेन्द्र पाण्डेय, तहसीलदार डा. संतराज सिंह बघेल, नायब तहसीलदार महबूब आलम, सीओ अखिलेश वर्मा, एक्सीएन विद्युत संतोष त्रिपाठी, बीडीओ अमित सिंह, एबीएसए संजय कुमार, एआरओ विजय सहाय, अधीक्षक भनवापुर शैलेंद्रमणि ओझा, अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, राजन गुप्ता, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

तहसील परिसर में डीएम ने किया वृक्षारोपण- संपूर्ण समाधान दिवस समापन के उपरांत डुमरियागंज तहसील परिसर में राजा गणपति आर व एसपी प्राची सिंह ने संयुक्त रूप से पंच पल्लव अर्थात पीपल, गूलर, अशोक, आम और वट के पौधे को एक साथ में रोपण किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि पेड़ पौधे धरती का वातावरण शुद्ध करने के लिए अहम भूमिका निभाते है। इसलिए सभी लोगों से अपील है कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र व सरकारी दफ्तर में बची हुई जमीन पर पेड़ पौधे लगाए ताकि इससे बेहतर हरियाली हो और वातावरण की शुद्धता में सहायता मिल सके। इस दौरान एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित व अन्य लोग मौजूद रहे।

लेखपाल पर धनउगाही व धमकी देने का आरोप

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। संपूर्ण समाधान दिवस में भनवापुर ब्लाक के बघमरा निवासी रवि श्रीवास्तव ने अपने गांव के लेखपाल प्रभात कांत मौर्या पर जमीन पैमाइश करने के नाम पर धनउगाही करने का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी कहा कि जब उन्होंने बिना धन के पैमाइश करने के लिए दबाव बनाया तो लेखपाल ने उन्हें मुकदमा में फंसाने की धमकी भी दी है। इससे आवेदक को मानसिक रूप से परेशानी होने पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय दिलाने की मांग की है। जिस पर डीएम ने लेखपाल को फटकार लगाते हुए उसके विरुद्ध इटवा नायब तहसीलदार से जांच सौपी और कहा कि यदि कोई भी लेखपाल इस तरह के कार्य में लिप्त पाया जाएगा तो उसे बक्शा नहीं जाएगा।

पैमाइश आदेश के बाद भी दौड़ रहा फरियादी

संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम चौखड़ा निवासी रंजीत पुत्र हीरा द्वारा दी गई शिकायत पत्र में कहा गया है कि गांव पर स्थित मेरे गाटा संख्या की पैमाइश के लिए 3 महीना पूर्व पत्थर नशब करने का आदेश लेखपाल को दिया गया है लेकिन अब तक उस कार्य को पूरा नहीं किया गया है। हमारे द्वारा जब लेखपाल से संपर्क किया जाता है तो आजकल करके टालते हुए तहसील तक दौड़ लगवाते रहते है। उन्होंने डीएम से मामले की जांच कर पैमाइश कराए जाने की मांग की है।

जर्जर पोल व तार बदलवाने की मांग

संपूर्ण समाधान दिवस में डुमरिया नगर पंचायत के काशीराम नगर वार्ड निवासी पंकज मौर्या ने दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि हमारे घर के सामने वार्ड के लोगों के लिए विद्युत सप्लाई देने के लिए लकड़ी का पुराना पोल लगा है जो बहुत ही जर्जर स्थिति में है, और उस पर दौड़ाया गया तार भी बिखरा हुआ है। जिससे अनहोनी का डर हर समय लगा रहता है। विभागीय अधिकारियों से शिकायत की बात कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने जिला अधिकारी से इस प्रकरण के निराकण कराने की मांग की है।

गाजे बाजे के निकली कलश एवं निशान शोभायात्रा

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत बढ़नी के राणी सती दादी मंदिर से प्रभु श्याम बाबा एवं शिव परिवार के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हेतु मारवाड़ी सेवा समिति के तत्वाधान में गाजे बाजे के साथ भव्य रूप से नगर भ्रमण करते हुए कलश एवं निशान शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल रहे। शनिवार को प्रभु श्याम बाबा, शिव परिवार की मूर्तियां, काली जी एवं श्री हनुमान जी के मूर्तियों को नगर भ्रमण हेतु निकाली गई भव्य निशान एवं कलश शोभा यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल रही। नगर भ्रमण के दौरान भक्ति गीतों के धुन पर महिलाओं और पुरुष का समूह नृत्य करते हुए नजर आए।

उपखण्ड अधिकारी के स्थानांतरण पर दी गयी विदाई

आलापुर (अंबेडकर नगर) अवधनामा संवाददाता। विद्युत वितरण खण्ड रामनगर में कार्यरत उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार द्विवेदी का बीते दिनों स्थानांतरण हो गया था जिनका आज उपखण्ड कार्यालय पर भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। मालूम हो कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्थानांतरित उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार द्विवेदी को फूल मालाओं से लाद कर एवं उपहार भेंट कर भव्य विदाई किया। गणमान्य लोगों एवं कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह में शामिल लोगों ने द्विवेदी जी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य और स्वस्थ रहने की कामना किया। भव्य विदाई समारोह से श्री द्विवेदी भावुक और सभी लोगों के स्नेह प्यार मिलने की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बसपा नेता पवन मौर्या, बीजेपी नेता नारद विश्वकर्मा, उपखण्ड अधिकारी सत्य नारायण थारू, बृजेश कौशिक, अवर अभियन्ता अभिषेक गुप्ता, दिलीप कुमार पटेल, रवीन्द्र कुमार मौर्या, शैलेन्द्र देव मिश्रा, दिनेश वर्मा , प्रदीप जयसवाल, बिलिंग सर्किल इंचार्ज हेमंत कुमार, बिलिंग सुपरवाइज़र अंकित सिंह, ज्ञानदीप सिंह, दीपक सिंह, देवानंद दूबे, अजीत यादव, नागेंद्र प्रताप सिंह , शेषनाथ यादव, जीतू निगम, विशाल सिंह आदि गणमान्य लोग एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अजय हत्याकांड के आरोपी का शव

अमेठी अवधनामा संवाददाता। थाना कोतवाली क्षेत्र के कडेर गांव निवासी ग्राम प्रधान पवन कुमार सिंह के छोटे भाई अजय कुमार सिंह की गत 28 जून की रात को हत्या कर दी गई थी। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने छोटा रामनाथ पुर गांव निवासी मोनू पासी और बेनीपुर निवासी सागर और अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही थी।शनिवार को अजय हत्याकांड का मुख्य आरोपी मोनू पासी बड़ा रामनाथपुर तालाब के पास स्थित नलकूप के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उसे कब्जे में लेते हुए जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के परिजनों ने मामले की जांच करने की बात कही है तो वही ग्राम प्रधान ने इसे बड़ी साजिश बताया है। घटना को लेकर पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संदिग्ध हालत में घटना का आरोपी मोनू पासी मृत मिला है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

हाथरस कांड के दोषियों के खिलाफ सरकार उठाए सख्त कदम : बसपा

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। हाथरस जैसी दर्दनाक घटना पर बहुजन समाज पार्टी दुख व्यक्त करती है और राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन कुमारी मायावती जी ने हाथरस में हुई 121 लोगो की मौत पर अपना पछ रखते हुए कहा है कि देश में गरीबों दलितो व पीड़ितो को अपनी सभी दुखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे अनेकों और बाबाओ के अंधविश्वास व पाखंड के बहकावे में आकर अपने दुख और नहीं बढ़ना चाहिए यही बीएसपी की सलाह है। उक्त बातें बसपा के जिला उपाध्यक्ष ने समीम अहमद ने कही। उन्होंने बताया कि सुश्री बहन मायावती ने कहा है कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर उन्हें सत्ता अपने हाथों में लेकर अपनी तकदीर खुद बदलनी होगी अर्थात तुम्हें अपनी ही पार्टी बीएसपी से जुड़ना होगा तभी हाथरस जैसे कांड से बस सकते हैं जिसमें 121 लोगों की मृत्यु चिंताजनक है। हाथरस कांड में भोले बाबा जैसे अन्य दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। साथ ही साथ इस तरह के अन्य बाबाओ के खिलाफ भी कार्यवाही होनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह राजनीतिक स्वार्थ में ना पढ़कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना चाहिए ताकि आगे लोगों को अपनी जान ना गवानी पड़े।

कांग्रेसियों ने याद किया बाबू जगजीवनराम को

बस्ती अवधनामा संवाददाता। जिला कांग्रेस कमेटी पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवनराम को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' के आवाह्न पर पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर इकट्ठा हुये, बाबू जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा बाबू जगजीवनराम का जीवन सादगी से भरा था। वे पद के लालची नही थे। उन्होने गांधी के सविनय अवज्ञा आन्दोलन तथा भारत छोड़ो आन्दोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे 1977 से 1979 तक भारत के प्रधानमंत्री और 1974 से 1977 तक दो बार रक्षामंत्री रहे। उन्ळोने श्रम, रेलवे और कृषि मंत्रालय भी सफलतापूर्व संभाला था। जगजीवनराम को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से प्रवक्ता मो. रफीक खां, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बृजेश आर्या, शकुन्तला देवी, सुनील पाण्डेय, गंगाप्रसाद मिश्र, शैकत अली नन्हू, अशोक श्रीवास्तव, डा. वाहिद सिद्धीकी, सर्वेश शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता आदि शामिल रहे।

डुमरियागंज ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ हुआ

प्रधान व सचिव ने रैली निकालने के साथ ही बैठक कर लोगों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में शनिवार को संपूर्णता अभियान की शुरूआत हुई। गांवों में संबंधित ग्राम प्रधान व सचिव की मौजूदगी में रैली निकालने के बाद बैठक कर लोगों को जागरूक किया गया। क्षेत्र के बहेरिया में अभियान की शुरूआत के दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने बताया कि केंद्र सरकार ने आकांक्षी जनपद व ब्लॉक क्षेत्र में सभी विकासात्मक गतिविधियों में सुधार के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान की शुरूआत की है। ऐसे चिह्नित इलाकों में विकास संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये नीति आयोग द्वारा 6 संकेतकों का निर्धारण करते हुए विकास की दिशा में काम किया जाना है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान के तहत नीति आयोग ने सभी पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, बाल विकास के क्षेत्र में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर आगामी 30 सितंबर तक अभियान चलाया जायेगा और इसमें अपेक्षित सुधार लाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्धारित किया है। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी शिवअजोर, वीरेंद्र दूबे, कैलाश आदि मौजूद रहे। इसी तरह क्षेत्र के परसपुर, कादिराबाद, भालूकोनी, परसा, तिलगड़िया, अमौना तिवारी, सिकहरा, बसडिलिया, भालूकोनी जसी, कैथवलिया रेहरा, भग्गोभार, जमुनी आदि ग्राम पंचायतों में भी संपूर्णता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुए।

रामनगर विकास खण्ड में विधायक ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

आलापुर (अम्बेडकरनगर)। विधान सभा क्षेत्र आलापुर अन्तर्गत विकास खंड रामनगर के ग्राम सभा चहोड़ा शाहपुर में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व सांसद/ आलापुर के विधायक त्रिभुवन दत्त रहें। मालूम हो वन विभाग बसखारी रेंज के रेंजर वीश्वकेश श्रीवास्तव अपने सहयोगियों के साथ विधायक त्रिभुवन दत्त का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवनदत्त ने पाकड़, पीपल, बरगद के बाल पौध का रोपण किया। 1 जुलाई से 07 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अभियान चलाया जा रहा है। सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने पौधरोपण कर पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों को पौधे सौंपे गए और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा विधायक त्रिभुवन दत्त नें कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन,जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा भी प्रभावी ढंग से की जाए,जिससे रोपे गए पौधे संरक्षित हो सके। क्षेत्रीय वना धिकारी विजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र यादव तथा संचालन सपा नेता बिंदेश्वरी यादव ने किया। इस मौके पर वन दरोगा सुनील सिंह, दुर्गेश श्रीवास्तव, राजकुमार, कमलेश, सीताराम के अलावा सपा नेता अजय गौतम, एडवोकेट, कृष्ण कुमार पाण्डेय, जियालाल यादव, संजय गौतम, चंद्रेश पासवान, बृजेश यादव, इरफान खान, दीपक मांझी, माखनलाल, विशाल माली, सुरेंद्र यादव, कंतराम चौरसिया, जयराम सिंह ग्राम प्रधान सुदर्शन गौतम, वली मोहम्मद,अनिल कुमार, बांकेलाल गौतम, रोशनलाल, मनोज कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

व्यक्ति की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर कर दी हत्या

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। मालीपुर थाना क्षेत्र के 45 वर्षीय व्यक्ति की अज्ञात लोगों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मालीपुर थाना क्षेत्र के उस्मापुर गांव निवासी विनोद कुमार उपाध्याय की बेवाना थाना क्षेत्र के संगिया नारायणपुर गांव के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहां के ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को शव व बाइक पड़े होने की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार महरुआ थाना क्षेत्र के दो लोगों से मिलने के लिए शुक्रवार की रात घर से निकले थे लेकिन उनके साथ किस प्रकार से कैसे घटना घटी यह नहीं बता पाए। फिलहाल पुलिस हत्या के संबंध मे जानकारी इकट्ठा करने में जुट गई है।

हसीना की भारत यात्रा

हसीना दो दिनों की भारत यात्रा पर आकर दोनों देशों के पुराने मैत्री सम्बन्धों का और गाढ़ा कर गई और चीन को भारत को लेकर कुछ संकेत भी दे गई। 10 सहमतिपत्रों और समझौतो पर हस्ताक्षर हुये। सबसे अहम समझौता और सहभागिता तीस्ता नदी को लेकर हुआ जिस पर चीन की भी नज़र रही है। समझौते के अनुसार तीस्ता नदी के सरक्षण और प्रबन्धन के लिये भारत टेक्निकल टीम भेजेगा। यह चीन को बांगलादेश में उसका दखल बढ़ाने से रोकेगा जो भारत के हित में होगा। यह समझौते की खास उपलब्धि है। चीन पड़ोसी देशों में दखल बढ़ा खासतौर से भारत के लिये खतरा पैदा करने से बाज नहीं आता है। नदी जल बटवारा मुख्य समस्या रही है। 2011 में एक फार्मूले पर सहमति बन गई थी। पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध की वजह से बात नहीं बन सकी।

चीन 2020 में तीस्ता नदी के जलसंरक्षण और प्रबन्धन के लेकर दिलचस्पी दिखानी शुरू की। सभी पक्ष मामले की संवेदन शीलता से वाकिफ थे इसलिये बात आगे नहीं बढ़ी। पिछले साल दिसम्बर में ढाका में चीन के राजदूत ने इस मामले को फिर उठाया। चीन में संशोधित प्रस्ताव भेजा जिसमें लागत कम दिखाया गया था। श्रीलंका, नेपाल मालदीप आदि देशों में चीन द्वारा उठायें कदमों से यह अलग नहीं था। बांगलादेश का भारत से करीबी रिश्ता है, इसलिये तीस्ता जल के बंटवारे को लेकर उभरी असहमति ऐसी गम्भीर नहीं थी कि दोनों देशों के करीबी रिश्तों में आंच आये। दोनों देशों ने समय रहते अलग अलग स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत इस समझ को मजबूती दी कि साझा हितों से जुड़े मसलों पर तीसरे देश का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिये। चीन के लिये यह मजबूत अवरोध बना है। बांगलादेश और भारत की यह साझी सोच नदी के संरक्षण और प्रबन्धन के मसले पर भारत के टेक्निकल टीम के बांगलादेश जाने पर बनी सहमति में पिरलक्षित होती है। टीम इस पर विचार करेगी कि मानसून से मिलने वाले अतिरिक्त पानी के रख रखाव के लिये किसी जलाशय के निर्माण की जरूरत है या नहीं। चीन ने शायद बांगलादेश को इसी तरह का प्रस्ताव दिया था अनुमान है।

महत्वपूर्ण और काबिले गौर है कि शेख हसीना अगले महीने चीन की मेहमान होगी। दोनो देशों के अच्छे आर्थिक और व्यापरिक रिश्ते है। बांगलादेश अपने लिये भारत के महत्व और रिश्ते से वाकिफ है। चीन के साथ कोई भी समझौता करेगी तो भारत के सुरक्षा चिन्ताओं के हमेशा ध्यान में रख कर सर्वेपरि रक्खेगी। तीसरे टर्म के मोदी काल में पहली विदेशी अतिथि बनने का गौरव हंसीना को मिला है। काम्प्रहेन्सिव इकनामिक पार्टनरशिप एग्रीमेन्ट समझौता के लिये बहुत दिनों से लटका हुआ था। जो अब पूरा हुआ। फ्री टेऊड होगा भारत के सबसे लम्बे फ्रंटिन्टयर पर। डिफेन्स इन्डस्ट्रियल पार्टनरशिप और दोनों देशो के आर्म्ड फोर्सेज के बीच सहयोग बढ़ेगा। दोस्ती दोनों के लिये फलदायी है चीन के लिये किरकिरी है।

डिस्लिपिडेमिया को जीवन शैली से जुड़ी समस्या माना जाता है। कहा जाता है कि इस समस्या के मूल में आर्थिक समृद्धि के कारण लोगों की खान-पान, नशा एवं उन्मुक्त जीवनशैली है। देर रात को सोना एवं सुबह देर से उठना, ना खाने का समय, ना शरीर को तपाने की कोई पद्धति। फास्ट-फूड के आधुनिक दौर में अब हमारे भोजन में ज्यादा शर्करा, ज्यादा कार्बोहाईड्रेट और ज्यादा वसा होने के कारण यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। निश्चित ही यह यह रोग अमीर लोगों में ज्यादा देखने को मिलता है, लेकिन बड़ी समस्या यह है एक बड़ी आबादी इसकी गिरफ्त में आ गयी है।

कोलेस्ट्रॉल का बढ़ रहा खतरा स्वास्थ्य को चौपट कर देगा

स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत का अनेक खतरों से रू-ब-रू होना चिन्ता में डाल रहा है। बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता के साथ मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसे रोग दबे पांव इंसानों को घेर कर बड़ी चुनौतियां बन रहे हैं, जिन्हें बड़े खतरों के रूप में देखा जाना चाहिए। इन्हीं बढ़ते खतरों के बीच देश में कोलेस्ट्रॉल एक नई स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभरा है। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की 22 सदस्यीय समिति ने अब अधिक कोलेस्ट्रॉल की वजह से होने वाले डिस्लिपिडेमिया को लेकर जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे इसी मायने में महत्वपूर्ण एवं स्वास्थ्य के मोर्चे पर गंभीर हैं। शरीर का यह ऐसा विकार है, जिसका पता अक्सर खुद उसके शिकार को भी नहीं चल पाता, क्योंकि अक्सर इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते। नतीजा यह होता है कि वह धीरे-धीरे हृदय रोग और गंभीर स्थितियों में हृदयाघात जैसी समस्याओं की ओर बढ़ता जाता है। बहरहाल, इस संगठन ने भारत के बारे में जो आंकड़े दिए हैं, वे डराने वाले हैं। देश की 81 फीसदी आबादी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुरक्षित सीमा से काफी ज्यादा मिला है, यानी चुपचाप होने वाले इस शारीरिक विकार का खतरा देश की आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से पर मंडरा रहा है। कोलेस्ट्रॉल की पहचान के लिए लोगों को लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराना चाहिए। शरीर में लिपिड का लेवल कितना हो इसके लिए भारत की अपनी पहली गाइडलाइन बनाई गई है। कोलेस्ट्रॉल का बेहतर ढंग से इलाज दिल की बीमारियों का खतरा कम कर सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ना बेहद खतरनाक होता है। इससे कई तरह की गंभीर शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं।

ललित गर्ग

आज जितनी भी नई-नई बीमारियां उभर रही है, उसका कारण असंतुलित एवं सुविधावादी जीवनशैली है। डिस्लिपिडेमिया को जीवन शैली से जुड़ी समस्या माना जाता है। कहा जाता है कि इस समस्या के मूल में आर्थिक समृद्धि के कारण लोगों की खान-पान, नशा एवं उन्मुक्त जीवनशैली है। देर रात को सोना एवं सुबह देर से उठना, ना खाने का समय, ना शरीर को तपाने की कोई पद्धति। फास्ट-फूड के आधुनिक दौर में अब हमारे भोजन में ज्यादा शर्करा, ज्यादा कार्बोहाईड्रेट और ज्यादा वसा होने के कारण यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। निश्चित ही यह यह रोग अमीर लोगों में ज्यादा देखने को मिलता है, लेकिन बड़ी समस्या यह है एक बड़ी आबादी इसकी गिरफ्त में आ गयी है। वह गरीब आबादी जो देश में आज मुफ्त अनाज पर निर्भर है। इसलिये बहुसंख्यक लोगों में इस रोग के पनपने एवं शारीरिक समस्या के लिए सिर्फ हम जीवनशैली को दोषी नहीं ठहरा सकते। यही वजह है कि भारतीय स्थितियों में इस समस्या के प्रसार के अभी और गहन एवं गंभीर अध्ययन की जरूरत है। इस बढ़ते खतरे को समय पर नियंत्रित नहीं किया गया तो भारत बीमारों का

देश बन जायेगा। भारत में डिस्लिपिडेमिया की बीमारी तेजी से फैल रही है, जो एक साइलेंट किलर की तरह है। इस बीमारी के लक्षण तो नजर नहीं आते लेकिन यह धीरे-धीरे शरीर में अपनी जड़े जमाने लगती है और हार्ट अटैक जैसी खतरनाक बीमारियों का जोखिम बढ़ा देती है। निश्चित ही कोलेस्ट्रॉल को लेकर जो खबर आई है, वह बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि, इसके पीछे की जो पहल है, उसकी तारीफ तो की ही जानी चाहिए। पहली बार देश में कोलेस्ट्रॉल को लेकर दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। अभी तक जब देश के डॉक्टर मरीजों के कोलेस्ट्रॉल या सरल भाषा में कहें, तो शरीर में जमा हो गई चर्बी का इलाज करते थे या लोगों को लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराने की हिदायत देते थे, तो वे यह काम यूरोपियन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजी के दिशा-निर्देशों के तहत कर रहे होते थे। हार्ट अटैक को लेकर अक्सर ये कहा जाता रहा है कि डायबिटीज, हाइपरटेंशन, स्ट्रेस, तंबाकू सेवन, मद्यपान आदि के कारण हार्ट अटैक होते हैं, लेकिन इसके विपरीत भारत में हार्ट अटैक के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार जो चीज देखी गई है, वह है डिस्लिपिडेमिया यानि लिपिड प्रोफाइल जो भारत में 80 फीसदी लोगों में नॉर्मल नहीं है और न ही लोगों को इसकी जानकारी ही है। विशेषज्ञ बताते हैं कि पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में पिछले 10 सालों में दिल का रोग बढ़ता गया है। इसका बड़ा कारण खानपान, खराब एवं असंतुलित हुई जीवनशैली, दैनिक शारीरिक गतिविधि में आई कमी सहित दूसरे कारण है।

इस बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को गंभीरता से लेना होगा। क्योंकि अभी भी हमारे देश में आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंच पाती हैं। बहुत सारी छोटी-छोटी मौसमी बीमारियों तक का इलाज, खासकर दूरदराज के अनेक ग्रामीण इलाकों में आज भी सहज उपलब्ध नहीं है और जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच गई हैं, वहां भी शायद ही इस तरह की स्वास्थ्य-समस्या के इलाज की समुचित व्यवस्था होगी। इसलिए हमारे सामने जो चुनौती है, वह बहुत ज्यादा बड़ी है। इसी के साथ-साथ यह भी बहुत जरूरी है कि इस समस्या से बचाव के तरीकों का देश में पर्याप्त प्रचार-प्रसार हो। यह बहुत कठिन काम नहीं है। उदाहरण भी हमारे पास है। सही तरीके से प्रचार के कारण ही कोविड के दौर में बहुत बड़ी आबादी ने मास्क पहनने, सार्वजनिक दूरी बनाने, खानपान को संतुलित करने के उपक्रम शुरू कर दिए थे। कोलेस्ट्रॉल के इलाज को सर्वसुलभ बनाने के रास्ते भी हमें खोजने होंगे। हमारे देश की आधी आबादी शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं है। भारत की जनता शारीरिक रूप से सक्रियता के मामले में दुनिया में 12वें नबंर पर है। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल के अनुसार हमारे देश में 57 फीसदी महिलाएं शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं। वहीं, इस सूची में पुरुष तकरीबन 42 फीसदी है।

दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई-नई चिकित्सा पद्धतियां असफल हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान रोग-प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे-वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। भारत की चिकित्सा स्थितियां एवं सेवाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां सुधर रही हैं, वहीं स्वास्थ्य-स्थितियां नई-नई चुनौतियां लेकर खड़ी हो जाती है। इसलिये चिकित्सा-स्थितियों के साथ-साथ स्वास्थ्य-स्थितियों में सुधार की तीव्रता से अपेक्षा है।

विनम्रता से जग जीता, अहंकार से लंका ढही

संजीव ठाकुर

प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अतः वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। मनुष्य मूलतः अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे-धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी ,साधु एवं सच्चे सदुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सदुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इसका श्रेय देते हैं। और अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठू बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है। विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई-नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं। जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी। ज्ञानी व्यक्ति केवल सूचनाओं का केंद्र ही नहीं होता बल्कि ज्ञान उसे विनम्र और सदुणी बनाता है, विनम्रता मनुष्य को उसके जीवन में अच्छे मार्ग में प्रशस्त होता है विनम्र व्यक्ति ही समाज में उचित स्थान तथा सम्मान का हकदार बनता है। विनम्रता से ही मनुष्य समाज के हर पहलू में उसका पात्र बनकर उसे ग्रहण करने का अधिकार रखता है। इसलिए विनम्र एवं ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव सम्मानित एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति बन जाता है। विनम्र व्यक्ति में नेतृत्व गुण भी संभावित होता है क्योंकि ज्ञानी और विनय शील व्यक्ति को अपने नेतृत्व कर्ता के रूप में शहर से स्वीकार करती है। क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने विचारों को आमजन पर अधिरोपित नहीं करता बल्कि उनके विचारों को उनके सुझाओं को प्राप्त कर नए-नए समाधान भी निकलता है। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता के लिए इसे अपना अस्त्र तथा शस्त्र बनाया था। सत्य और अहिंसा विनम्र व्यक्ति के दो अमोघ अस्त्र की तरह थे जो विनम्रता को और प्रभावशाली बनाते हैं। विनम्र व्यक्ति सदा संतोषी एवं परम सुखी होता है क्योंकि उसकी अपनी कोई महत्वाकांक्षा इच्छा, लोभ,जलन अथवा प्रतिस्पर्धा नहीं रहती है, वह अवगुणों से दूर रहकर अपने को परिमार्जित कर लेता है और समाज के विकास के लिए समर्पित भी रहता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में कहा जाता है कि जब वे ज्ञान की खोज में देशाटन कर रहे थे तब लोगों ने उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं दी पर महात्मा बुध ने बिना विचलित हुए अपनी खोज में लगे रहे और उनके अथक प्रयास ,विनम्रता और ज्ञान के दम पर महापरिनिर्वाण की स्थिति को प्राप्त किया। जिस तरह शक्ति को दबाया जा सकता है किंतु समाप्त नहीं किया जा सकता उसी प्रकार विनम्रता कुछ समय के लिए कमजोर प्रतीत हो सकती है अंततः उसकी अपनी क्षमता व्यापकता और पर्वत के समान कठोर तत्वों के कारण वह हर बाधा को पार कर मनुष्य को सफलता दिलाने में सक्षम होती है इसी विनम्रता और कठोर श्रम के चलते महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार की बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया और भारतवासियों को अपनी विनम्रता से स्वाधीनता का स्वाद चखाया।

जगत के नाथ और पालनहार भगवान जगन्नाथ

मंदिर के दक्षिण में अरब द्वार उत्तर में हाथी द्वार और पश्चिम में बाघ द्वार है। द्वारों का यह नामकरण उनके निकट स्थित जानवरों की मूर्तियों के नाम पर किया गया है। मुख्य मंदिर के अंदर पश्चिम की ओर एक रत्न वेदी पर सुदर्शनचक शोभायमान है। स्थापत्य कला की दृष्टि से मंदिर के चार भाग हैं पहला भाग भोग मंडप है, जहाँ भक्त लोगों का महाप्रसाद मिलता है। दूसरा भाग नृत्य मंडप है, जहाँ आरती के समय वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि पर भक्त गण आत्म विभोर होकर नृत्य करते हैं। तीसरा भाग जगमोहन मंडप कहलाता है, जहाँ दर्शक बैठते हैं। इस मंडप की दीवारों पर बहुत ही आकर्षक कलाकृतियां बनी हुई हैं। चौथा भाग मुख्य मंडप है। इसी में जगन्नाथ जी विराजमान रहते हैं।

उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर से भारत के चारों धाम में से एक धाम जगन्नाथ पुरी पास ही पड़ता है। हिंदू धर्म के आदि गुरु शंकराचार्य ने प्राचीन जंबूद्वीप (भारत) में चारों कोनों में चार धर्मपीठ स्थापित किए थे। जो कालांतर में हिंदुओं के प्रमुख धार्मिक स्थल एवं तीर्थ स्थान बन गए। उन्हीं में से एक जगन्नाथपुरी है।?बहुत बड़ा ताज्जुब का यह विषय है कि उड़ीसा में कुछ वर्ष पूर्व नवम्बर माह में आग एवं भीषण चक्रवाती तूफान में पुरी क्या किसी भी स्थान के मंदिरों को रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुँचा था। जबकि बड़े बड़े विशाल वृक्ष एवं बिल्डिंगे धाराशायी हो गये। पर किसी भी मंदिर को कुछ भी नुकसान नहीं हुआ। यहाँ तक कि उनके गुंबज पर फहरा रहे झंडे का भी तूफान कुछ नहीं कर सका। सोचने की यह बात है कि जहाँ सैकड़ों मनुष्य काल कवलित हो गये, अरबों रुपयों का नुकसान हो गया। पचासों गाँव तूफान एवं बाढ़ में डूबकर बर्बाद हो गए पर इन मंदिरों को कुछ भी नुकसान नहीं हुआ। यह दैवीय चमत्कार नहीं है तो क्या हो सकता है। पुरी के सुप्रसिद्ध मंदिर श्री जगन्नाथ मंदिर की ऊंचाई 214 फीट 8 इंच है। इसे तूफान न तो डगमगा सका और न ही तेज वर्षा और समुद्र के पानी से यह जल प्लावित हो सका। धार्मिक विश्वास है कि जिस दिन समुद्र का पानी श्री जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करेगा, उसी दिन प्रलय हो जायेगा। पुरी पहुँचने के बाद सबसे अधिक आतुरता जगन्नाथ पुरी मंदिर को देखने की होती है। यह मंदिर नगर के मध्य में बना है। जो काले पत्थरों को तराश कर बनाया गया है। मंदिर में प्रमुख प्रतिमा जगन्नाथ जी की है। इसके साथ साथ बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां भी प्रतिष्ठ हैं। इन प्रतिमाओं की विशेषता यह है कि ये प्रतिमायें चंदन की लकड़ी से बनी हैं, पर इन्हें हीरे-जवाहरात और बहुमूल्य रत्नों में सजाया गया है। जगन्नाथ की मूर्ति के भीतर एक अस्थि मंजूषा बताई जाती है , जिसे प्रति बारह वर्ष में बदलकर नयी मूर्ति में प्रतिष्ठित कर दिया जाता है। कहा जाता है कि ये अस्थि अवशेष भगवान श्रीकृष्ण के हैं, किंतु भारतीय हिन्दू इतिहास में अस्थि संरक्षण की ऐसी कोई अन्य उदाहरण देखने को नहीं मिलती है। बौद्ध मत में जरुर अस्थि आदि विशिष्ट अंगों के संरक्षण की परंपरा मिलती है। शायद इसी कारण पाश्चात्य विद्वान इन मूर्तियों पर बौद्ध प्रभाव मानते हैं। और तीनों मूर्तियों को बौद्धों के त्रिरत्नों, बुद्ध, संघ और धर्म का प्रतीक बताते हैं।

सुरेश सिंह बैस

ऐतिहासिक प्रमाणों से प्रमाणित होता है कि जहाँ आज यह विशाल मंदिर बना है, वहाँ पहले एक बौद्ध स्तूप था ऐतिहासिक दृष्टि से मंदिर का जो भी इतिहास हो, पर आज शैलिक दृष्टि से यह मंदिर अत्यंत आकर्षक और महत्वपूर्ण है। जगन्नाथ जी का मंदिर बेहद विशाल है और दो परकोटों के भीतर है। इसमें चारों ओर चार महाद्वार हैं। पूरब का सिंह द्वार सबसे सुंदर है। जिसके दोनों ओर दो सिंह मूर्तियाँ सजीव सी लगती है। सिंह मूर्तियों के सामने काले पत्थर का सुंदर गरुड़ स्तम्भ है, जिस पर कोणार्क से लाकर स्थापित किया हुआ

उच्च अरुणा स्तम्भ है । इसकी प्रदक्षिणा तथा सिंहद्वार को प्रणाम करके द्वार में प्रवेश करने पर दाहिनी ओर भगवान जगन्नाथ जी के श्री विग्रह दिखाई पड़ने लगते हैं।

मंदिर के दक्षिण में अरब द्वार उत्तर में हाथी द्वार और पश्चिम में बाघ द्वार है। द्वारों का यह नामकरण उनके निकट स्थित जानवरों की मूर्तियों के नाम पर किया गया है। मुख्य मंदिर के अंदर पश्चिम की ओर एक रत्न वेदी पर सुदर्शनचक शोभायमान है। स्थापत्य कला की दृष्टि से मंदिर के चार भाग हैं पहला भाग भोग मंडप है, जहाँ भक्त लोगों का महाप्रसाद मिलता है। दूसरा भाग नृत्य मंडप है, जहाँ आरती के समय वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि पर भक्त गण आत्म विभोर होकर नृत्य करते हैं। तीसरा भाग जगमोहन मंडप कहलाता है, जहाँ दर्शक बैठते हैं। इस मंडप की दीवारों पर बहुत ही आकर्षक कलाकृतियां बनी हुई हैं। चौथा भाग मुख्य मंडप है। इसी में जगन्नाथ जी विराजमान रहते हैं। ये चारों मंडप परम्पर मिले हुये हैं ताकि एक मंडप से दूसरे मंडप में प्रवेश किया जा सके। जगन्नाथ जी मंदिर के दूसरे द्वार के भीतर जाने से पूर्व पच्चीस सीढ़ी चढ़ना पड़ता है। इन सीढ़ियों को प्रकृति के पचीस विभागों का प्रतीक माना जाता है। द्वितीय प्रकार के द्वार में प्रवेश के पहले दोनों ओर भगवत प्रसाद का बाजार दिखाई पड़ता है।आगे चलने पर अजाननाथ, गणेश, महादेव तथा पर मंगला देवी के स्थान मिलते हैं। यहाँ सत्यनारायण भगवान का श्री विग्रह भी है। तत्पश्चात वटवृक्ष के नीचे वट पत्तशाबी, बालमुकुंद के दर्शन होते हैं। आगे गणेश जी का मंदिर, है जिन्हें सिद्ध गणेश कहते हैं। जगन्नाथ जी के निज सात मंदिर द्वार के सामने मुक्ति मंडप है जिसे ब्रम्हासन कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि पूर्वकाल में ब्रम्हाजी यज्ञ के प्रधानाचार्य बनकर यहीं विराजमान होते थे। मुक्ति मंडप के पीछे मुक्त नृसिंह का मंदिर है। ये यहाँ के क्षेत्रपाल माने जाते हैं। इस मंदिर के निकट ही रोहिणी कुंड है। इसके आगे माता सरस्वती का मंदिर है। सरस्वती और लक्ष्मी जी के मंदिरों के बीच नीलमाधवजी का मंदिर है। महालक्ष्मीजी देवी के मंदिर के पास ही जगदुर शंकराचार्य तथा भगवान श्री लक्ष्मीनारायण के श्री विग्रह हैं। इसी मंदिर में कथा कीर्तन तथा शास्त्र चर्चा आदि होती है। महालक्ष्मी मंदिर के पास सूर्य का मंदिर है। इस मंदिर में सूर्य, चंद्र तथा देवराज इंद्र की छोटी - छोटी प्रतिमायें? स्थापित हैं। कोणार्क मंदिर से जो भगवान सूर्य की प्रतिमा लाई गई थी, वह इसी मंदिर के गुप्त स्थान में रखी हैं। सूर्य मंदिर के पास जगन्नाथ जी के मामा ईइगनेश्वर मंदिर हैं। इस लिंग विग्रह के सम्मुख जो नंदी की मूर्ति है, उससे गुप्त गंगा का प्रवाह होता है।

निज मंदिर का एक द्वार बाहर की ओर है जिसे बैकुण्ठद्वार कहते हैं। बैकुण्ठद्वार के पास ही जय विजय द्वार है, जहाँ पर जय विजय की प्रतिमायें हैं। इनके दर्शन करके अनुमति लेने पर ही निज मंदिर में जाना उचित बताते हैं। इसी द्वार के पास जगन्नाथ जी का भंडारघर हैं। ये सभी मंदिर निज मंदिर के घेरे के मंदिर कहलाते हैं। प्रायः यात्री मंदिर की परिक्रमा करने के बाद निज मंदिर के जगमोहन में गरुड स्तम्भ हैं। कहा जाता है कि चैतन्य महाप्रभुजी यही से जगन्नाथजी के दर्शन किया करते थे। इसी गली से जगन्नाथ जी की परिक्रमा की जाती है। निज मंदिर में सोलह फुट चौड़ी गली है। इस वेदी पर भगवान श्री जगन्नाथ जी, माता सुभद्रा देवी तथा बलराम जी की मूर्तियाँ हैं। एक औ मुक्ष्यमूर्तियाँ हैं। पुरी. एक पुराना और संकरी गलियों का शहर होते हुये भी सैलानियों और तीर्थ यात्रियों के लिये सभी सुख सुविधा से पूर्ण है। जगन्नाथपुर का मंदिर उसकी वास्तुकला, शिल्प, भारतीय संस्कृति की भव्यता भक्तों को मुग्ध कर लेती है। नारियल और काजू की बनी वृक्षावली से हराभरा एवं धान के लहलहाते खेतों से हिलोरे लेता जगन्नाथपुरी समुद्र की उत्ताल लहरों पर बसा है। चतुर्युग के अनुसार कलियुग का पावनकारी धाम पुरी ही माना गया है। यह माना जाता है कि पहले यहाँ नीलांचल नामक पर्वत था। और नील माधव भगवान की मूर्ति थी। देववाग से यह पर्वत भूमि में प्रविष्ट हो गया औरउस मूर्ति को देवता लोग ले गये। इस क्षेत्र को नीलांचल भी कहा जाता है, जगन्नाथपुरी के मंदिर के शिखर पर विराजमान चक्र को नीलछत्र कहा जाता है।

भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी कुशल व्यक्तित्व-जुग जुग जियो

मैंने यह महसूस किया कि माता-पिता, पूरा परिवार सहित कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें देखने मात्र से या यूं कहें के उनकी हुजूरी या उपस्थिति मात्र से ही दिल दिमाग व हृदय में ताकत का अद्भुत संचार होता है,भले ही वे कुछ वर्क करें या ना करें, मार्गदर्शन दें या ना दें, या फिर रिटायरमेंट का जीवन जी रहे हो, फिर भी उनकी हुजूरी या उपस्थितसे हमारे माथे पर आशीष की छाया रहती है, तो बल मिलता है, एक ताकत मिलती है। यही भाव भारतीय राजनीति व विशेष रूप से सत्ताधारी पार्टी में यह महसूस होता है। यही कारण है कि माननीय पीएम ने उनको भारत रत्न देने व शपथ ग्रहण से पहले उनके घर पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया था।

वैश्विक स्तरपर दिनांक 5 जुलाई 2024 को देर शाम जहां एक ओर दुनियां की निगाहें ब्रिटेन में हुए सांसद चुनाव नतीजे पर लगी थी,जहां 14 वर्षो के बाद सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी, लेबर पार्टी से चुनाव हार गई और ब्रिटेन के 58 वें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर बन गए। ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव में उनकी पार्टी ने जीत हासिल की है। लेबर पार्टी ने 650 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में 412 सीट हासिल कीं, यह संख्या 2019 में पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 211 अधिक है।अब की बार, 400 पार आखिरकार हो गया, लेकिन किसी दूसरे देश में। वहीं ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ने 121 सीट पर जीत दर्ज की जो पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 250 कम हैं। लेबर पार्टी का मत प्रतिशत 33.7 रहा, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी का मत प्रतिशत 23.7 रहा।वही मैं जब अपने कुछ व्हाट्सएप ग्रुप को चेक करने के लिए खोला,तो हैरान व दंग रहगया! क्योंकि एक फोटो के साथ एक पोस्ट था और धड़ाधड़ उसके आगे अनेक पोस्ट ओम शांति, ओम शांति रूपी श्रृद्धाजंलियां थी!चूंकि मैं वकालत के साथ मीडिया से भी रेगुलर जुड़ा हुआ हूं तो अनेक काल मेरी मोबाइल पर भी आई, फिर मैंने जब ऊपर मोबाइल लगाई तो सब फेक निकला, फिर धड़ाधड़ पोस्ट डिलीट होते चले गए। इस महान व्यक्तित्व, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी राजनीति सेवा में समर्पित की तथा 96 वर्ष पार की उम्रमें स्वास्थ्य के कारण पहले 26 जून 2024 को दिल्ली की एम्स में भर्ती हुए व 27 जून को वहां से छुट्टी मिल गई, फिर दोबारा 3 जुलाई 2024 को दिल्ली की अपोलो अस्पताल में भर्ती हुए और फिर 4 जुलाई 2024 को देरशाम छुट्टी मिल गई।मैंने स्वयं एएनआई की 4 जुलाई 2024 की देर रात्रि की कुछ वीडियो क्लिप देखी जो सोशल मीडिया पर चलरहीं थी, जिसमें अपोलो के गेट नंबर 3 से आडवाणी जी बाहर आ रहे थे जो कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में थे। इसलिए मैंने देर शाम ही इस महान व्यक्तित्व पर आर्टिकल लिखने का मन बनाया व रिसर्च शुरू कर देर रात्रि तक आर्टिकल लिखा। मैंने यह महसूस किया कि माता-पिता, पूरा परिवार सहित कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें देखने मात्र से या यूं कहें के उनकी हुजूरी या उपस्थिति मात्र से ही दिल दिमाग व हृदय में ताकत का अद्भुत संचार होता है,भले ही वे कुछ वर्क करें या ना करें, मार्गदर्शन दें या ना दें, या फिर रिटायरमेंट का जीवन जी रहे हो, फिर भी उनकी हुजूरी या उपस्थितसे हमारे माथे पर आशीष की छाया रहती है, तो बल मिलता है, एक ताकत मिलती है। यही भाव भारतीय राजनीति व विशेष रूप से सत्ताधारी पार्टी में यह महसूस होता है। यही कारण है कि माननीय पीएम ने उनको भारत रत्न देने व शपथ ग्रहण से पहले उनके घर पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया था। ये वही आडवाणी हैं जिन्होंने 1984 में दो सीटों पर सिमट गई पार्टी को रसातल से निकालकर पहले भारतीय राजनीति के केंद्र में पहुंचाया और फिर 1998 में पहली बार सत्ता का स्वाद चखाया। हम कई पुरानी तस्वीरों में देखते रहते हैं कि माननीय पीएम किसी जमाने में लालकृष्ण आडवाणी के राइटहैंड बने रहते थे जो रथ यात्रा की तस्वीर में भी पूरे विश्व ने देखा और हम कामना करते हैं कि इसी तरह माननीय लाल कृष्ण जी हंसते मुस्कुराते व स्वस्थ रहें। चूंकि पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी भारतीय संसद में एक अच्छे सांसद के रूप में अपनी भूमिका के लिए सराहे और पुरस्कृत किए गए थे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी कुशल व्यक्तित्व, जुग जुग जियो। साथियों बात अगर हम माननीय लालकृष्ण आडवाणी के 27 जून एम्स व 3 जुलाई को अपोलो में भर्ती होने की करें तो, सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार (3 जुलाई) की रात को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार (4 जुलाई 2024) की दोपहर एक बजे उनकी हालत स्थिर बताई गई थी। अब लालकृष्ण आडवाणी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार दोपहर को लालाकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर थी। उन्हें न्यूरोलॉजी विभाग में एक डॉक्टर्स के ग्रुप की निगरानी में रखा गया था। पूर्व उप प्रधानमंत्री को बुधवार रात करीब नौ बजे अपोलो अस्पताल लाया गया था। उनके साथ उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी भी थीं। उनका इलाज यहां कुशल डॉक्टर की निगरानी में किया जा रहा था। पिछले सप्ताह एम्स में भी हुए थे भर्ती, इससे पहले पिछले सप्ताह 26 जून को लालकृष्ण आडवाणी को नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। वहां उनका इलाज यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी डॉक्टर्स की निगरानी में हो रही थीहालांकि अगले ही दिन 27 जून को उन्हे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

किशन भावनानी



साथियों बात अगर हम लालकृष्ण आडवाणी के जीवन और कुशल नेतृत्व की करें तो, लालकृष्ण आडवाणी, (जन्मः 8 नवम्बर 1927) सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी को भारतीय राजनीति में एक प्रमुख पार्टी बनाने में उनका योगदान सर्वोपरि कहा जा सकता है। वे कई बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। जनवरी 2008 में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन ने लोकसभा चुनावों को आडवाणी के नेतृत्व में लड़ने तथा जीत होने पर उन्हें प्रधानमन्त्री बनाने की घोषणा की थी। हाल ही में भारत सरकार ने 31 मार्च 2024 को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की और उन्हें भारत रत्न सम्मान दिया गया। वर्ष 1951 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की। तब से लेकर सन 1957 तक आडवाणी पार्टी के सचिव रहे। वर्ष 1973 से 1977 तक आडवाणी ने भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष का दायित्व सम्भाला। वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद से 1986 तक लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के महासचिव रहे। इसके बाद 1986 से 1991 तक पार्टी के अध्यक्ष पद का उत्तरदायित्व भी उन्होंने सम्भाला।1990 राम रथ यात्रा,इसी दौरान वर्ष 1990 में राममन्दिर आन्दोलन के दौरान उन्होंने सोमनाथ से अयोध्या के लिए राम रथ यात्रा निकाली। हालांकि आडवाणी को बीच में ही गिरफ़्तार कर लिया गया पर इस यात्रा के बाद आडवाणी का राजनीतिक कद और बड़ा हो गया। 1990 की रथयात्रा ने लालकृष्ण आडवाणी की लोकप्रियता को चरम पर पहुँचा दिया था। वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद जिन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है उनमें आडवाणी का नाम भी शामिल है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

चलते हुए शो को छोड़ना एक कठिन निर्णय था

'पंड्या स्टोर' छोड़ने की वजह पर खुलकर बोलीं मेघा शर्मा, शो बनाने वालों पर लगाया ये बड़ा आरोप



छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री मेघा शर्मा अब धारावाहिक 'पंड्या स्टोर' का हिस्सा नहीं रहीं। चर्चा है कि उन्हें शो की बदलती कहानी के चलते बाहर कर दिया गया है। हालांकि, मेघा का अब ये कहना है कि ये शो उन्होंने खुद छोड़ दिया है। मेघा का आरोप है कि जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ रही थी, उनके किरदार को शो में बिल्कुल हाशिये पर पहुंचा दिया गया था। धारावाहिक 'पंड्या स्टोर' छोड़ने के अपने फैसले की वजह बताते हुए मेघा ने कहा, मैं लगभग 9-10 महीनों तक शो का हिस्सा रही और पहले चार महीनों तक मैंने अपनी भूमिका का भरपूर आनंद लिया। लेकिन फिर, चीजें दोहराई जाने लगीं और मेरा चरित्र विकसित नहीं हो रहा था। मुझे ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं मिल रहा था, इसलिए मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं एक अंतिम पड़ाव पर पहुंच रही हूं। मेघा के मुताबिक, जो कुछ हो रहा था, मुझे इस पर रोक लगाने की जरूरत महसूस हुई। इस प्रकार, मैंने शो छोड़ दिया क्योंकि मेरा किरदार विकसित नहीं हो रहा था और मेरे पास मुश्किल से ही कोई स्क्रीन टाइम या लाइन्स थीं। मैंने इसके बारे में बहुत सोचा, लेकिन जब मुझे एहसास हुआ कि मुझे चमकने का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है, तो मुझे छोड़ने का फैसला करना पड़ा। मेघा कहती हैं, ÷चलते हुए शो को छोड़ना एक कठिन निर्णय था क्योंकि मुझे टीम के साथ काम करने में बहुत मजा आया, वे बहुत अच्छे थे। लेकिन एक अभिनेत्री के तौर पर मुझे अभिनय के मौके चाहिए। जब उन अवसरों की कमी थी, तो मुझे एहसास हुआ कि मुझे आगे बढ़ने के लिए एक कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए, मैंने अन्य अवसरों का लाभ उठाने के लिए छोड़ने का निर्णय लिया। अब, मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि भविष्य में मेरे लिए क्या होगा क्योंकि मैं अन्य परियोजनाओं पर विचार कर रही हूं। मेघा का मानना है कि एक कलाकार के लिए संघर्ष कभी खत्म नहीं होता है और जब भी उन्हें किसी चुनौती का सामना करना पड़ता है तो वह सकारात्मक दृष्टिकोण रखने में विश्वास रखती हैं। वह कहती हैं, ÷यह बस इस बात पर निर्भर करता है कि आप उस संघर्ष को कैसे समझते हैं, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। कुछ लोग संघर्षों का सामना करने पर हार मान लेते हैं, लेकिन यदि आप इसे सकारात्मक रूप से लेते हैं, तो आप तब तक प्रयास करते रहते हैं जब तक आप कुछ हासिल नहीं कर लेते।

'भूल भुलैया 3' में डांस का महामुकाबला माधुरी और विद्या होंगी आमने-सामने

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' में डर और कॉमेडी के साथ-साथ डांस का भी जोरदार तड़का देखने को मिल सकता है। अक्षय कुमार स्टारर 'भूल भुलैया' और कार्तिक आर्यन अभिनीत 'भूल भुलैया 2' की सफलता के बाद अब इसकी तीसरी किस्त दर्शकों के बीच आने वाली है। इस बार फिल्म में बहुत कुछ खास होने वाला है। विद्या बालन की वापसी से फिल्म में रोमांच बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में माधुरी दीक्षित भी अहम भूमिका निभाते हुए दिख सकती हैं। इसी बीच दावा किया जा रहा है कि फिल्म के निर्माता माधुरी और विद्या के डांस फेस-ऑफ की तैयारी कर रहे हैं। अगर ऐसा होता है, तो दर्शकों को एक शानदार डांस का मुकाबला देखने को मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री विद्या बालन और माधुरी दीक्षित एक दूसरे के आमने-सामने नजर आएंगी। दोनों अभिनेत्रियों में डांस का महामुकाबला देखने को मिलेगा। निर्माताओं ने दोनों के फेस-ऑफ की तैयारी भी शुरू कर दी है। ऐसा दावा है कि 'आमी जे तोमार' गाने पर दोनों अपनी प्रस्तुति देंगी। मीडिया सूत्रों की मानें तो इस गाने की कोरियोग्राफी चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस गाने को फिल्म के सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर फिल्माया जाएगा।

बाहुबली कंपनी ने फिर थामा साउथ सिनेमा का परचम

दक्षिण सिनेमा की कई दमदार फिल्में इस साल रिलीज की कतार में हैं। हिंदी पट्टी में इनके वितरण का दायित्व अनिल थडानी की कंपनी एए फिल्म्स पूरा करेगी। यह फिल्में हैं- अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, राम चरण की गेम चेंजर, प्रभास की कल्कि और जूनियर एनटीआर की देवरा। इन फिल्मों के भारत में वितरण का जिम्मा एए फिल्म्स पूरा करेगी। यह सभी फिल्में मूल रूप से तेलुगु भाषा में बनी हैं। लेकिन, इन्हें दुनियाभर में रिलीज किया जाना है। ये पैन इंडिया फिल्म हिंदी के अलावा कई भारतीय भाषाओं में दर्शकों तक पहुंचेंगी। हिंदी में इन फिल्मों को अनिल थडानी की एए फिल्म्स वितरित करेगी। पैन इंडिया शब्द आमतौर पर चार दक्षिण भारतीय भाषाओं - तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में बनी उन फिल्मों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें हिंदी और अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाता है। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी ये फिल्में रिलीज होती हैं। मणिरत्नम की तमिल भाषा की फिल्में रोजा (1992) और बॉम्बे (1995) अपने हिंदी भाषा में डब संस्करणों के साथ देशभर में हिट रहीं। हाल के वर्षों में देखें तो तेलुगु और तमिल भाषा की फिल्म बाहुबली, बाहुबली 2 आरआरआर, केजीएफ-चैप्टर 1, केजीएफ-चैप्टर 2, कांतारा, सलार और द गोट लाइफ के नाम इसमें शामिल हैं। इन फिल्मों में से बाहुबली, केजीएफ और कांतारा के हिंदी संस्करणों का वितरण एए फिल्म्स ने किया। अब इस वर्ष के लिए इस कंपनी ने जिन फिल्मों के वितरण की जिम्मेदारी ली है, उनकी रिलीज से पहले ही जबर्दस्त चर्चा है। दुनियाभर के दर्शकों की निगाहें इन फिल्मों पर टिकी हैं। उम्मीद लगाई जा रही है कि पुष्पा से लेकर देवरा तक, सभी चारों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली हैं।

सलमान को मारने के लिए आरोपियों ने उनके घर के बाहर चलाई गोलियां, कोर्ट में पुलिस का दावा

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से पकड़ा गया और बाद में मुंबई लाया गया। बिहार के रहने वाले आरोपी 24 वर्षीय विक्की गुप्ता और 21 वर्षीय सागर पाल रविवार सुबह यहां बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद से भाग रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना के समय गुप्ता मोटरसाइकिल चला रहे थे और पीछे बैठे पाल ने अभिनेता के घर पर गोलियां चलाई थीं। दोनों को मंगलवार को यहां एक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को एक स्थानीय अदालत में कहा कि गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों ने यहां बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को मारने की कोशिश में उनके घर के बाहर गोलीबारी की। पुलिस ने इस आधार पर 14 दिनों के लिए उनकी हिरासत की मांग की कि साजिश का पता लगाने और घटना के पीछे के मास्टरमाइंड की पहचान करने के लिए हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एल एस पाडेन ने दोनों आरोपियों को 25 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अपराध शाखा ने अदालत को सौंपे अपने रिमांड नोट में कहा कि दोनों ने खान को मारने के इरादे से उनके आवास के बाहर गोलीबारी की थी।नोट में कहा गया है है कि दोनों आरोपियों ने अभिनेता को मारने की कोशिश में सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की। मास्टरमाइंड की पहचान करने और मकसद का पता लगाने के लिए हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों ने कथित अपराध में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गोलीबारी की थी। पुलिस ने अपने रिमांड नोट में आगे कहा कि इस बात की जांच के लिए आरोपी की हिरासत की आवश्यकता है कि क्या आरोपी की सलमान खान के अलावा किसी और पर हमला करने की योजना थी। पुलिस को अभी तक घटना में इस्तेमाल की गई बंदूक बरामद नहीं हुई है और आरोपी व्यक्तियों द्वारा इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के संबंध में भी जांच की जानी आवश्यक है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक शख्स ने इसकी जिम्मेदारी ली। यह खाता किसी विदेशी देश से संचालित किया जा रहा था। इस पर आगे की जांच और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जरूरत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि एफबी पोस्ट का आईपी (इंटरनेट प्रोटोकॉल) पता पुर्तगाल का पाया गया है और पुलिस इसकी पुष्टि कर रही है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 120-बी (आपराधिक साजिश) और 34 (एक सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य) और शस्त्र अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

'बर्लिन' को मिल रही तारीफ से चमका इश्वाक का करियर

फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में एक छोटी सी भूमिका निभाकर अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले अभिनेता इश्वाक सिंह इन दिनों अपनी फिल्म 'बर्लिन' को लेकर सुर्खियों में हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरने के बाद इस फिल्म का हाल ही में मुंबई में आयोजित रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ और तब से ही ये फिल्म लगातार चर्चा में बनी हुई है। इश्वाक सिंह अपनी इस फिल्म को लेकर खासे उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि ये फिल्म उनके अभिनय करियर में एक नया मील का पत्थर साबित होगी।

इश्वाक सिंह कहते हैं, फिल्म 'बर्लिन' में बहुत सारी बारीकियां और संदर्भ हैं, जो लोगों को प्रवासी या विदेशी लोगों की तुलना में अधिक मिलते हैं। फिल्म में मेरी अपनी भी बहुत सारी पुरानी यादें हैं। यह फिल्म एक जासूसी थ्रिलर है और इसमें इश्वाक ने एक बहरे आदमी की भूमिका निभाई है। फिल्म 'बर्लिन' में अपने किरदार के बारे में जिक्र चलने पर इश्वाक सिंह बताते हैं, हो सकता है कि यह हर समय मेरे दिमाग में नहीं गूंज रहा हो, लेकिन जिस समुदाय का मैं इस फिल्म में प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, उसके प्रति सम्मानजनक होना मेरे लिए महत्वपूर्ण है। फिल्म करते समय भी मैं उस स्तर पर पहुंचना चाहता था, जहां संकेतों के जरिये संवाद करना मेरा पसंदीदा तरीका हो। यह जानना काफी मार्मिक था कि बधिर समुदाय की दुर्दशा क्या है। इश्वाक सिंह कहते हैं, %फिल्म 'बर्लिन' में ये किरदार करने का असली सुख उन्हें तब मिला जब दर्शकों में मौजूद कुछ ऐसे लोगों ने मेरी सराहना की, जो सुन नहीं सकते थे। लंदन और लॉस एंजिलिस में मुझे ऐसे लोगों से मिलना याद है, जो कहानी की असलियत फिल्म में दिए गए संदेश से प्रभावित थे।% इश्वाक सिंह मानते हैं कि 'पाताल लोक', 'रॉकेट बॉयज' और अब 'बर्लिन' ऐसी कहानियां हैं, जिनमें वह सोलो हीरो नहीं हैं। दो हीरो वाली कहानियों के दौर के बारे में इश्वाक सिंह कहते हैं, %यहां हमेशा दो व्यक्तियों की बात होती है। मैं कह सकता हूं कि रोमांस की जगह मेरे पास ब्रोमांस है। मेरे लिए किसी भी फिल्म या सीरीज में जो बात सबसे ज्यादा मायने रखती है, वह है इसकी कहानी। एक बार ये पसंद आ जाए, तो फिर मेरे लिए ये बात कोई मायने नहीं रखती कि मैं इसका सोलो हीरो हूं या फिर इसमें एक से ज्यादा हीरो है। अपनी अब तक की अभिनय यात्रा से इश्वाक काफी संतुष्ट हैं। वह बताते हैं, यह एक कठिन रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है।

सपा की जड़ को और मजबूत करेगा पीडीए पौधरोपण अभियान

सुल्तानपुर। जिला पंचायत सदस्य राम शंकर यादव ने शनिवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र के गोरे बाबा रवनिया पश्चिम में पीडीए पौधरोपण अभियान के तहत कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए पौधरोपण अभियान तेज है। पौधरोपण अभियान से सपा की और जड़ मजबूत होगी और 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।जिला पंचायत सदस्य राम शंकर यादव इसौली विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड कुड़वार के गोरे बाबा धाम रवनिया पश्चिम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन कार्यक्रम के तहत पीडीए का पेड़ लगाया। इस अभियान में पीडीए को मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पीडीए गठबंधन ने देश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव लाया है। मौजूदा सरकार संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। नौजवानों को

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में माह जुलाई के प्रथम शनिवार को तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी महोदया द्वारा तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालय में आता है। इसलिये जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 190 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 07 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। अवशेष 183 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित विभाग को निस्तारण हेतु भेजे जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी सदर को दिया गया। इसी प्रकार अन्य समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जन शिकायतें सुनी गयी और सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किए गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी, एसडीएम सदर टी.पी. सिंह सहित अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

बेटे अकाय के साथ मुंबई लौटीं अनुष्का

बॉलीवुड की पसंदीदा जोड़ियों में अनुष्का-विराट का नाम भी शामिल है। फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेकरार रहते हैं। अनुष्का ने फरवरी में बेटे अकाय को जन्म दिया था। बेटे के जन्म के बाद से ही अनुष्का लंदन में थीं। हालांकि विराट बेटे के जन्म के बाद मार्च में मुंबई लौट आए थे, लेकिन अनुष्का आज ही भारत वापस आई हैं। इस बात से फैंस खुशी से झूम रहे हैं कि उनकी पसंदीदा अभिनेत्री अपने दोनों बच्चों के साथ मुंबई आ गई हैं।

अनुष्का शर्मा ने 15 फरवरी बेटे को जन्म दिया था। उनके बेटे का नाम अकाय है। डलवरी के बाद से ही फैंस अनुष्का और उनके बेटे अकाय के दीदार के लिए तरस रहे हैं। आज अनुष्का को जब एयरपोर्ट पर फैंस ने देखा तो वह खुशी से झूम उठे। अनुष्का लंबे समय से लंदन में ही थीं। वहीं, एक्ट्रेस ने बेटे अकाय को जन्म दिया था। अकाय से पहले उनकी एक बेटी हुई थी जिसका नाम उन्होंने वामिका

शादी में रणवीर का हाई एनर्जी लूंगी डांस

मशहूर फिल्म डायरेक्टर एस. शंकर की बेटी ऐश्वर्या की दूसरी शादी 15 अप्रैल थी। उन्होंने बड़ी धूमधाम से अपनी लाडली बेटी ऐश्वर्या की शादी की है। इस शादी में साउथ सिनेमा और बॉलीवुड की कई तमाम हस्तियां शामिल हुईं। कमल हासन से लेकर रजनीकांत, सूर्या और विक्रम तक इस शादी में मेहमान बने। सोशल मीडिया पर शंकर की बेटी ऐश्वर्या की शादी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

इसी बीच अब रणवीर सिंह और निर्देशक एटली का एक धमाकेदार डांस वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वैसे तो इस शादी में कई सितारे शामिल हुए, लेकिन जब किसी शादी या इवेंट में हाई एनर्जी हीरो रणवीर सिंह जाते हैं तो वहां ताबड़तोड़ मस्ती होती है। इस शादी में रणवीर सिंह और निर्देशक एटली का एक डांस वीडिया सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि रणवीर और एटली लगातार कई गानों पर जमकर डांस कर रहे हैं। रणवीर और एटली ने अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने पर डांस किया। साथ ही इन दोनों ने गलियों की रासलीला-राम लीला के भी गानों पर जमकर डांस किया। एटली और रणवीर सिंह ने शाहरुख खान की फिल्म चैन्नई एक्सप्रेस के गाने लूंगी डांस पर भी धांसू डांस किया। ऐश्वर्या की दूसरी शादी में निर्देशक शंकर ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो एस. शंकर फिलहाल दो फिल्मों पर काम कर रहे हैं। इनमें से एक कमल हासन की %इंडियन 2% है और दूसरी राम चरण की %गेम चेंजर% है। जहां %इंडियन 2% इस साल जून में रिलीज होगी, वहीं %गेम चेंजर% सितंबर में रिलीज होगी। वहीं रणवीर सिंह निर्देशक फरहान अख्तर की एक्शन थ्रिलर फिल्म %डॉन 3% में नजर आएंगे। इस

संपत्ति विवाद में 'शोले' के निर्देशक रमेश सिप्पी को झटका, हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज

'शोले' फिल्म के निर्देशक रमेश सिप्पी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। संपत्ति विवाद के मामले में कोर्ट ने निर्देशक को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट ने दक्षिण मुंबई में अल्टामाउंट रोड पर एक फ्लैट में अधिकार और सिप्पी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के 500 शेयरों सहित 27 फिल्मों के अधिकारों का दावा करने वाले उनके आवेदन को खारिज कर दिया है। अदालत ने उन्हें राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि आवेदन बिना किसी ठोस योग्यता के पाया गया है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 'शोले', 'सीता और गीता' और 'शक्ति' जैसी सुपरहिट फिल्में बनाने वाले निर्देशक ने अंतरिम राहत के रूप में चल और अचल संपत्तियों के लिए एक अदालत रिसीवर नियुक्त करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनके पिता और माता की मृत्यु के बाद वह अपने चार भाई-बहनों में बराबर के हकदार हैं। उनके पिता ने एक वसीयत बनाई और संपत्ति मां के नाम कर दी। बाद में उन्होंने एक वसीयत बनाकर संपत्ति भाई सुरेश को दे दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अदालत में निर्देशक ने दावा किया था कि संपत्ति का बंटवारा चारों भाई-बहन में बराबर होना चाहिए, लेकिन अदालत ने कहा कि रमेश सिप्पी की याचिका में उनकी मां के द्वारा सुरेश सिप्पी को सौंपे गए कागजात में प्रथम दृष्टया उनके दावे कमजोर हैं। बता दें कि रमेश सिप्पी का उनके परिवार से काफी दिनों से संपत्ति विवाद चल रहा है। वहीं, उनकी नई याचिका पिछली सुनवाई पर किए गए दावों से अलग भी है।

सम्पूर्ण समाधान दिवसः 32 शिकायती पत्र में तीन का मौके पर ही निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सैफई के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने-अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 32 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सामाजिक निदेशक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी गीता राम, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सपा के प्रतिनिधि मण्डल ने किया पत्रकारों का अपमान

अवधनामा ब्यूरो

- राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने जताया भारी विरोध

मथुरा। बीते दिनों कृष्णा विहार कॉलोनी मै गिरी पानी की टंकी हादसे की घटना के बारे मैं जानकारी लेने आए समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में शामिल मथुरा के समाजवादी पार्टी नेता जोगेश्वर यादव ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर आपत्ति जनक टिप्पणी कर डाली। जिस पर मथुरा जनपद की मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों ने भारी विरोध किया। इस बात की जानकारी होने पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा संरक्षक और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी मथुरा जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा द्वारा समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल की भारी आलोचना करते हुए कहा अयोध्या सीट जीतने के बाद समाजवादी पार्टी का जो घमंड सर चढ़ कर बोल रहा है, वह समाजवादी पार्टी को गर्त मै ले जायेगा। पत्रकारों ने बढ़ी बढ़ी पार्टियों के घमंड को उतार दिया। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा जनपद मैं सभी पत्रकारों को एक जुट कर समाजवादी पार्टी के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी और जब तक समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष इस मामले मै पत्रकारों से माफी नहीं मागते तब तक विरोध जारी रहेगा । राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, और युवा पत्रकार प्रतीक चतुर्वेदी ने कहा प्रदेश अध्यक्ष की माफी के अलावा समाजवादी पार्टी को ऐसे बड़बोले नेता को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना होगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद आगरा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने कहा अगर समाजवादी पार्टी जल्द से जल्द पत्रकारों पर दिए गए वक्तव्य पर माफी नहीं मांगती तो पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेताओ का विरोध किया जाएगा इसके लिए सभी पत्रकार संगठनों से वार्ता कर आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आज की घटना पर मथुरा के वरिष्ठ पत्रकारों मै भारी विरोध दर्ज कराया गया मथुरा के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य, वरिष्ठ पत्रकार निरंजन धुरंधर, वरिष्ठ पत्रकार चौधरी मंत्र वीर सिंह, पत्रकार रवि कांत,पत्रकार, निर्भय यादव,पत्रकार नंद किशोर शर्मा,पत्रकार ठाकुर तेज सिंह, सहित तमाम पत्रकारों ने अपना विरोध दर्ज कराया।

स्वर्ग रामविलास पासवान की जयंती मनाई गई

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। पूर्वांचल जन मोर्च कार्यालय स्थित पर गरीबों, वंचितो, शोषितों, कमजोर वर्गों, के मसीहा, देश के दूसरे अंबेडकर भारत के गौरवशाली नेता ओजस्वी तेजस्वी कर्तव्य निष्ठा प्रति समर्पित रहने वाले देश के कैबिनेट मंत्री रहे रामविलास पासवान साहब का जन्म 5 जुलाई 1946 बिहार के खगड़िया जिला ग्राम शहरबननी मे पिता जमुना माता सिया देवी के घर हुआ था देश के भारतीय राजनीति में 1969 में पहली बार विधानसभा पहुंचे पासवान जी के आदर्श जयप्रकाश नारायण जननायक कर्पूरी ठाकुर के साथ लोहिया जी के विचारों में आस्था रखते थे देश में इमरजेंसी के दौरान काफी दिनों तक जेल में रहना पड़ा 1977 में हाजीपुर लोकसभा से रिकॉर्ड मतो से चुनाव जीता और आगे वाले दिनों में कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार ने सबसे पहले उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जितनी भी वर्णन किया जाए उतना ही काम है इनकी सोच सदा कमजोर वर्गों के साथ रही देश के राजनीति में अपनी स्थिति को सदा एक निष्पक्ष नेता के रूप में स्थापित करते हुए सन 2000 में लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना किया और देश में अपनी हिस्सेदारी को सुनिश्चित किया और आने वाले दिनों में अनेक कार्य किया इन्होंने देश के प्रति सदा समर्पित रहे और अपने जीवनकाल में ही अपने हाजीपुर लोकसभा को अपने छोटे भाई पशुपति कुमार पारस जी को समर्पित कर उन्हें विजई बनवाया 8 अक्टूबर 2020 को उनकी मृत्यु के उपरांत एनडीए गठबंधन के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा पारस जी को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनाया गया और समाज को गति और बल देने का काम पारस जी करने लगे इसी बीच परिवारीक विवाद में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना किया नेताजी को विचारों के प्रति समर्पित किया 2024 लोकसभा में उन्होंने एनडीए के प्रति अपना समर्थन देते हुए पुन सरकार बनाने का काम किया और पासवान जी के प्रति समर्पित भावना से चिराग पासवान को विजई भी बनवाने का काम किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी चंद्रमी गौतम एवं संचालन बृजेश राजभर ने किया! कार्यक्रम उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सर्वश्री- रामप्रकाश तिवारी अधिवक्ता, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, राम लगन विश्वकर्मा,रामसरन, सुरज,रामसुनदर राम, रामनयन विश्वकर्मा, सूर्यनाथ यादव, आलोक लहरी, पंचम राम, नितिन कुमार, बृजभान, अशोक कुमार कनौजिया, श्रीमती शांति देवी, ब्लॉक अध्यक्ष संजू गोड उषा गौतम समय सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

एक पेड़ मां के नाम पर महिलाओं ने किया पौधारोपण

अवधनामा संवाददाता

सम्भल/चंदौसी। शनिवार को शीर्ष संगठन के आदेश अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष राखी सिरोही के निर्देशानुसार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आरंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी स्थित पार्क में महिला मोर्चा की बहनों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें अमरूद, गुड़हल, पीपल, नीम गेंदा ,सहजन बरगद आदि के पेड़ लगाए। पौधारोपण का उदेश्य तब ही सार्थक है जब उनका पालन व देखभाल होती रहे ,इसी को देखते हुए पार्क के निकट रहने वाली भावना गुप्ता को देखभाल जैसे पानी देना आदि की जिम्मेदारी सौंपी। एडवोकेट किरन शर्मा ने कहा कि पर्यावरण सुधार हेतु पौधा रोपण नितांत आवश्यक है। आशा गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ते हुए तापमान को नियंत्रित करना तथा ऑक्सीजन हेतु पौधों की परम आवश्यकता है। मोक्षिका शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पौधारोपण के लिए बरसात का मौसम अत्यंत उपयुक्त है हमें पौधारोपण इसी मौसम में करना चाहिए । ताकि वह पल व बढ सकें ।कार्यक्रम में मोक्षिका शर्मा, किरन शर्मा, आशा गोस्वामी, आभा रानी, भावना गुप्ता, आदि बहनों की सहभागिता रही।

जब सपा प्रतिनिधि मंडल को भागना पड़ा

- यूपी लोकसभा चुनावों में जीतने पर सपा को हुआ अहंकार,मथुरा मैं टंकी कांड पर सहानभूति दिखाने की जगह प्रतिनिधि मंडल के बिगड़े बोल
- प्रतिनिधिमंडल ने छिड़का पीढ़ितो के जले पर नमक
- लोगों के भारी विरोध से पीड़ितों के बीच से भागना पड़ा, लोगों ने लगाए सपा मुर्दाबाद के नारे

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता के बिगड़े बोल ने समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल की फजीहत करा दी। पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे सपा नेताओं को लोगों में फैले आक्रोश के चलते उल्टे कदम वापस लौटना पड़ गया। सपा नेता के बोल सुनकर गुस्साए लोगों ने प्रतिनिधिमंडल के सामने ही समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगा दिए। कृष्ण बिहारी कॉलोनी में छह करोड़ से बनी पानी की टंकी धराशाई हो गई। पीड़ित परिवारों से मिलने समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शनिवार दोपहर पहुंच। सांसद नरेश उत्तम पटेल पीड़ित परिवारों से बात कर रहे थे। उनकी पीड़ा सुन रहे थे। इसी बीच स्थानीय सपा नेता जोगेश्वर यादव के बयान ने आक्रोश पैदा कर दिया। सपा नेता के बिगड़े बोल सुनकर स्थानीय लोगों और पत्रकारों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते हालात इतने बिगड़े की समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ गया। दरअसल जिस वक्त समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल परिवारों से बातचीत कर रहा था, उस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता जागेश्वर यादव पत्रकारों के बीच पहुंचे। जागेश्वर, महिला पत्रकार से बोले कि पत्रकारों के घर सबसे पहले टूटने चाहिए। स्थानीय पत्रकारों ने इस बात पर आपत्ति जताई। समाजवादी पार्टी के नेता जागेश्वर यादव तैश में आ गए। कहा कि जो करना हो कर लो। मैं तो मीडिया के लिए ऐसे ही बोलूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मेरा कुछ नहीं कर सकते। मैं किसी से नहीं डरता। सपा नेता के बिगड़े बोल देखकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश फैल गया। लोगों ने मौके पर ही समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। मामला बिगड़ता देख समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल को उल्टे पांव मौके से वापस लौटना पड़ा। सपा नेता जागेश्वर यादव का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

संपूर्ण समाधान दिवसः उपजिलाधिकारी ने बाँटा हरा पेड़

लालगंज आजमगढ़। तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कुल 39 वाद प्रस्तुत हुए जिसमें तीन का निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के सभी प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारी समय समयबद्ध तरीके से उसका निस्तारण कराये। इस दौरान उप जिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी व तहसीलदार लालगंज शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से सभी पत्रकारों या अन्य लोगों को हरा पौधा वितरित किया। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम से अवश्य लगाये और उसकी सुरक्षा भी करें।

महावन समाधान दिवस में दर्ज हुई 89 शिकायतें, एस डी एम ने दिये निर्देश

महावन (मथुरा)। महावन तहसील में एसडीएम राजकुमार भास्कर की मौजूदगी में समाधान दिवस लगाया गया जिसमें 89 शिकायत मिली जिसमें 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

महावन तहसील में अधिकांश शिकायत जलभराव को लेकर लोग समाधान दिवस में पहुंचे। विकास खंड राया के गांव नगला तेजा एवं गढ़ी रूपा से ग्रामीण पहुंचे उन्होंने बताया कि गांव में जलभराव की दिक्कत बनी हुई है पानी का निकास नहीं होने से गलियों में पानी भरा हुआ है जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। साथ राजस्व विभाग की शिकायतें मिली जिसमें एसडीएम ने मौके पर निस्तारण भी कर दिया।

दुवासु में नगद बिक्री केंद्र का दिया प्रशिक्षण

मथुरा। आज इफको मथुरा द्वारा नकद बिक्री केंद्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र दुआसू वेटरनरी कॉलेज मथुरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक यतेंद्र कुमार तेवतिया थे। उप क्षेत्र प्रबंधक सतवीर सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उपमहाप्रबंधक यतेंद्र कुमार कुमार ने भविष्य के उर्वरक जल विलय उर्वरक, जैव उर्वरक, बायोडिकॉम्पोजर एवम नैनो उर्वरक का किसान एवम बिक्री केंद्रों को आर्थिक लाभ बताते हुए प्रोत्साहन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी विक्रेताओं को नैनो उर्वरकों के प्रयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किया और विक्रेता बंधुओ को नैनो के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एस. के सिंह ने उपस्थित सभी विक्रेताओं को नैनो उर्वरकों के प्रयोग करने की विधि एवं लाभ पर अपने विचार प्रस्तुत किया। इफको- एमसी मनीष यादव ने कीटनाशक दवाओं का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में लगभग 90 विक्रेताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बी. एस भदोरिया , डॉ ब्रजमोहन जी, सुरजीत यादव , एवं कुलदीप चतुर्वेदी एक्रा एग्री प्रतिनिधि की उपस्थिति प्रार्थनीये रही।

मानसून के मौसम में सभी लोग सामूहिक और व्यक्तिगत तौर पर पेड़ अवश्य लगाएंः कुलपति

- यूपीयूएमएस में चिन्हित स्थानों पर पौधों को रोपित कर मनाया गया वृक्षारोपण सप्ताह

वहाज अली निहाल

इटावा, सैफई। पूरे प्रदेश में एक से सात जुलाई तक वृक्षारोपण सप्ताह मनाया गया।इसी क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वाधान में वृक्षारोपण सप्ताह समापन कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर डॉ.प्रभात कुमार सिंह ने अमरूद का पौधा लगाया।उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में सभी लोग सामूहिक और व्यक्तिगत तौर पर पेड़ अवश्य लगाएं और पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें।कार्यक्रम में उपस्थित कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ पीके जैन ने बताया कि वन संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए और पर्यावरण को बचाने के लिए एक से सात जुलाई तक इस विशेष सप्ताह को मनाया गया जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा चिह्नित अलग-अलग स्थान पर पौधों को रोपित किया गया और संस्थान को हरा भरा बनाने के लिए सभी ने संयुक्त प्रयास किया।उन्होंने बताया कि पेड़ और जंगल पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है और यह मनुष्यों को आक्सीजन प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसीलिए हम सबको सामूहिक और सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए जरूर वृक्षारोपण करना चाहिए।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में 500 छायादार और फलदार वृक्ष लगाए गए और ÷एक पौधा मां के नाम÷थीम पर मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस(बैच 2022)छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन कर वृक्षारोपण के महत्व को बताया।कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ चंद्रवीर सिंह, डॉ संदीप गुप्ता, डॉ एनपी सिंह, डॉ धीरज श्रीवास्तव, डॉ नरेश पाल, डॉ रश्मि डॉ अनामिका, डॉ सुगंधी डॉ सोनम उपस्थित रहे।

वन विभाग ने संयुक्त रूप से लगाए पौधे

अवधनामा संवाददाता

सम्भल। शनिवार को सम्पूर्ण तहसील दिवस के बाद अधिकारीयों के साथ ग्रीन संभल कॉरिडोर ओर वन विभाग ने तहसील परिसर के अंदर पौधारोपण किया गया। गर्मी से बचाव का कार्य बरसात के दिनों में किया जाता हैं क्योंकि बरसात में दिनों में पौधे की ग्रोथ जल्दी होने लगती हैं। इस लिए बरसात के दिनों में पौधारोपण का कार्य तेजी से किया जाता हैं। 2 महीने बरसात होने के कारण अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाता है जिससे आने वाले मौसम में छाया अधिक से अधिक मिल सकें। हालांकि समय-समय पर शासन की तरफ सभी पौधारोपण किया जाता है। अधिकारी भी पौधारोपण करते हैं। और लगातार जनता को जागरूक करने का प्रयास भी करते रहते हैं। इसी क्रम को लेकर आज संभल सदर तहसील परिसर में पौधारोपण किया गया इस पौधा रोपण के कार्यक्रम को संयुक्त रूप से किया गया।

तहसील के समस्त अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी और ग्रीन संभल कॉरिडोर मौजूद रहे। विनय कुमार मिश्रा ने को अनुज कुमार चौधरी, तहसीलदार, एआरटीओ डॉ सरोज कुमार, वन विभाग अधिकारी अंकिता किशोर, उस्मान अली, मोहित कुमार, ग्रीन संभल कॉरिडोर से राजकुमार शर्मा, जसपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहें। एसडीएम सदर विनय कुमार मिश्रा ने कहा है कि वन विभाग के साथ आज ग्रीन संभल कॉरिडोर के माध्यम से पौधारोपण किया गया है। इस पौधारोपण के अभियान में तेजी से कार्य चल रहा है। बरसात के दिनों में पौधारोपण करके पौधों का जीवन अच्छा रहता है। ग्रीन संभल कॉरिडोर के माध्यम से पौधों को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है। अपनी ओर से पौधों को संरक्षित करने के लिए ट्री गार्ड भी लग रही है। और आशा है कि यह ग्रीन संभल कॉरिडोर इसी प्रकार से पौधे की सुरक्षा तय करके उनका ध्यान रखा रखेगी।

जल्द निकलेंगी एलोपैथिक फार्मासिस्ट की वेकेंसीः भूषण

- फार्मासिस्ट एसोसियेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की घोषणा
- उपकेन्द्रों पर भी हो फार्मासिस्ट की नियुक्ति की मांग

अवधनामा संवाददाता

बल्देव (मथुरा)। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन बल्देव स्थित आर.एस.एस. मेडिकल कॉलेज पर किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद के फार्मासिस्टों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर हाथरस में हुए हादसे में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि भी दी गई।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने कहा प्रदेश में जल्द-से-जल्द एलोपैथिक फार्मासिस्ट की वेकेंसी निकलवाई जायेगी। आने बाले कुछ समय में पी.पी.आर. 2015 एक्ट संगठन उच्च न्यायालय कोर्ट से के द्वारा लागू करा दिया जायेगा। संगठन सिड्युल को केंद्र सरकार से निरस्त कराने मांग करेगा। जिससे उपकेंद्रों पर ही फार्मासिस्ट की नियुक्ति हो। आर.एस.एस. मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डा.यतेन्द्र सिंह सिकरवार ने कहा वह फार्मासिस्टों के हर संघर्ष में साथ हैं। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार का केक काटकर जन्मदिन भी मनाया गया।

इस अवसर पर, वी.के.सिंह राष्ट्रीय महासचिव, शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र., लोकेश सरौला,प्रशांत सिंह , अजीत सिंह, ललित शर्मा,उत्पल अग्निहोत्री , अमित तिवारी , रजत सैनी,अक्षय मिठारिया, सुनील प्रकाश यादव,भानू, राहुल चौधरी, प्रवीण धवल, नेत्रपाल सिसोदिया, तेज प्रकाश सिंह, खुशवू चौहान, अंजना यादव, मो.आजम,नितिन शर्मा, सरताज हुसैन, पियूष वर्मा, पंकज कुमार, हरिओम सिंह,अनुज भारती, बृजेश शर्मा, नीरज यादव, ठाकुर सिंह, आकर्षक वार्ष्णेय आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन शैलेंद्र सिंह वर्मा ने किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के जन्मदिवस पर उनको किया याद

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पुष्पांजलि उपवन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन दिवस पर पुष्पांजलि एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी का शुभारंभ प्रदेश के मंत्री अर्चना मिश्रा राजकुमार अग्रवाल, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे द्वारा मुखर्जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी में प्रदेश की मंत्री अर्चना मिश्रा ने डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 06 जुलाई तिथि को भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक आजादी के बाद देश की एकता एवम अखंडता देश की राजनीति व सामाजिक कार्य शैली के शुभचिंतक प्रथम सर्वोच्च बलिदानी योद्धा भारतीय जनसंघ के संस्थापक परम पूज्य श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता एवम अखंड भारत की परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए सदैव याद किया जाएगा। भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल ने बताया डॉक्टर साहब ने एक निशान एक विधान और एक प्रधान का भी अपना मत रखा था। वहीं उन्होंने कहा ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है।

ताईक्वाडो कॉम्पिटिशन रायबरेली में भाग लेने के लिए सम्भल के बच्चे हुए रवाना

अवधनामा संवाददाता

सम्भल। ताईक्वाडो कॉम्पिटिशन मे भाग लेने और जीत के लिए हर सम्भव प्रयास कर तैयारी करने वाले फ़्लाइंग जोन इंटरनेशनल एकेडमी के बच्चे रायबरेली को रवाना हुए है। परिवार के लोगों एवं एकेडमी ने जोश के साथ रवाना करते हुए उनका होंसला वर्धन करते हुए जीत ऐतिहासिक जीत के लिए दुआएँ की। इस कॉम्पीटिशन मे कई जिलों के बच्चे प्रतिभाग करेंग उत्तर प्रदेश के जनपद रायबरेली मे होने वाली ताईक्वाण्डों प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए सम्भल से भी बच्चे रायबरेली को पूरी तैयारी के साथ रवाना हुए। इस कॉम्पटीशन मे कई जनपदो के बच्चे प्रतिभाग करेंगे जिनमे संभल जनपद का नाम भी शामिल किया गया था। इंटर डिस्ट्रिक ताईक्वाडो चेपियनशिप 2024 मे सब जूनियर, केडेट, जूनियर एन्ड सीनियर का यह कॉम्पिटिशन होगा। ताइक्वाडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन रायबरेली एंड एके ताइक्वाडो क्लब द्वारा कम्पिटिशन का आयोजन किया जा रहा है। फ़्लाइंग जोन इंटरनेशनल एकेडमी संभल के कोच मोहम्मद ताजवर ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया की उनकी एकेडमी से मुशब शिराज, मोहम्मद शुमामा, ज़ियान तुर्क, अफ्फान खान, मुआवीज़ शरीफ, शाकिब वारसी, शाहिम, अहमद, अवान, माज़ उमर, मोहम्मद फैसल, अतिया आमिल, असमा आमिल, कशिश क़ासिम, रफत ईलाही सहित 15 बच्चे शामिल है, जो की कोच शाहाम कमर, मोहम्मद फरदीन खान के मेंजमेंट मे तथा मोहम्मद ताजवर के नेतृत्व मे रायबरेली मे संभल का नाम रोशन कर जीत का झंडा गड़ेंगे।

डीपीआरओ ने पंचायतों को भेजे निर्देश

मथुरा। उच्चतम न्यायालय के आदेश 23 अक्टूबर 2023 के अनुपालन प्रदेश में मैन्युअल स्कैवेंजर एवं अस्वच्छ शौचालय का सर्वेक्षण किया जाएगा। यह सर्वे डीएम के निर्देशन में 8 जुलाई से पूरे जनपद की सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्र ,नगर निगम क्षेत्र में प्रारंभ होगा। डीपीआरओ ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान ऐसे सभी लोग जो की शुष्क शौचालय में या फिर मैन्युअल स्कैवेंजर्स के रूप में कार्य कर रहे हैं वह सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म के माध्यम से भी अपना आवेदन संबंधित निकायों व पंचायतों में जमा कर सकते हैं या फिर सर्वेक्षण टीम के माध्यम से भी अपनी सूचना संबंधित नगर निकायों व ग्राम पंचायतों को उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायत में, नगर निकायों एवं नगर निगम के क्षेत्र में सर्वेक्षण टीम का गठन किया जा चुका है। ये टीमें 8 जुलाई से अपना कार्य प्रारंभ कर देंगी। जिसके तहत हाथ से मैला ढोने वाले, सेप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई करने वाले लोगों को चिन्हित किया जाएगा। उनको नगर निकायों व पंचायतों से जोड़ा जाएगा। डीपीआरओ किरण चौधरी ने बताया कि सभी ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे मैन्युअल स्कैवेंजर को चिन्हित करें और उनकी सूची बनाकर विकास खंड पर संकलित किया जाएगा।

ऑनलाइन गेम में हार गया, पैसे वसूलने को अपहरण करके की लूट

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस ने पांच अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार

मथुरा। थाना वृंदावन में हार जीत के लेनदेन के विवाद में युवक का अपहरण कर लिया। बंधक बनाकर उसके साथ लूट की। मामले में पुलिस ने पांच अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मोबाइल फोन, अपराध में शामिल दो गाड़ियां और लूटी गई नकदी बरामद की है।

बृहस्पतिवार देर रात पुलिस को मध्य-प्रदेश से आए एक मोबाइल कॉल से सिद्धार्थ पांडेय के अपहरण होने की सूचना मिली। पुलिस ने मोबाइल कॉल को गंभीरता से लेते हुए अपना ऑपरेशन शुरू किया। एसपी सिटी डॉक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि साक्षी पांडेय ने फोन पर बताया कि उसके भाई सिद्धार्थ को कुछ लोग अपहरण करके ले गए हैं। उसे जान से मारने की धमकी देकर परिजनों से सात लाख रुपये की मांग कर रहे हैं।

साक्षी के अनुसार उसके भाई के फोन की लोकेशन उसके पास है। इस पर पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस करनी शुरू कर दी, जो कि पानीगांव स्थित सुखधाम रिसॉर्ट की मिली। पुलिस टीम ने तुरंत रिसोर्ट में छापा मारकर कमरे में मौजूद पांच लोगों को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में बंधक बनाकर रखे गए सिद्धार्थ ने बताया कि इन आरोपियों ने उसे और उसके दोस्त अमित को धोखे से बुलाकर अपनी गिरफ्त में ले लिया। उसके फोन से घर पर मैसेज करके पैसों की मांग की। इतना ही नहीं उनके पास रखे करीब 28 हजार रुपये भी लूट लिए।

एसपी सिटी ने बताया कि मुख्य आरोपी मुकुंद और सिद्धार्थ मोबाइल पर गेम खेलते थे। सिद्धार्थ ने मुकुंद से सात लाख रुपये उधार लिए थे। इसी बात को लेकर मुकुंद ने अपने साथी दिगंबर, रामगोपाल, संतोष और महेंद्र सिंह के साथ इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो गाड़ियां और मोबाइल फोन के साथ लूटे गए रुपये भी बरामद कर लिए हैं।

त्वचा के लिए सबसे बेहतर क्या है बीयर या वाइन?

आमतौर पर लोग बीयर या वाइन जरुर पीते होंगे। लेकिन कभी किसी ने नहीं सोचा होगा कि बीयर और वाइन पीने से स्किन को सबसे ज्यादा फायदा होता है। वाइन मुख्य रुप से एक मादक पेय है जो खमीर के साथ किण्वित फल से बनाया जाता है। वहीं, बीयर एक अल्कोहलिक पेय है। इसमें चावल, जई, गेहूं और मक्का भी होता है।

क्या वाइन त्वचा के लिए बेहतर है?

आप ने कभी नहीं सोचा होगा कि वाइन टैनिन और फ्लेवोनोइड जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। जो त्वचा में कोलेजन को बहाल करती है और उम्र बढ़ने के संकेतों से लड़ती है। स्किन को हेल्थी रखती है। इसके साथ ही वाइन में पॉलीफेनोल्स होते हैं जो बेजान त्वचा को ठीक करते हैं और हमारी त्वचा को चमक देता है। यह हमारी त्वचा को फुंसियों से भी बचाता है।

क्या बीयर त्वचा को बेहतर करती है?

यह सच है कि बीयर त्वचा के लिए अच्छी होती है। क्योंकि, यह त्वचा को पोषण देती है और विटामिन बी से भरपूर होती है जो त्वचा को स्वस्थ और पोषित बनाता है। बीयर विटामिन से भरपूर होता है। जो त्वचा के प्राकृतिक चमक लाती है और त्वचा के पीएच संतुलन को बनाए रखते हुए नेचुरल फेस क्लींजर की तरह काम करती है।

आपकी त्वचा के लिए दोनों में से क्या बेहतर है?

फ्रेश रेड वाइन का सेवन और बीयर दोनों ही त्वचा के लिए समान लाभ प्रदान करते हैं। याद रहे कि दोनों का सेवन सीमित मात्रा में करें अन्यथा इसके दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

बीयर और वाइन के नुकसान

चाहे बीयर हो या वाइन, दोनों ही सेहत को अलग-अलग तरह से नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे लिवर से लेकर अन्य अंगों पर ज्यादा दुष्प्रभाव देखने को मिलता है।

गर्मी के मौसम में स्किन फ्रेंडली रहेंगे कॉटन पटियाला सूट, आप भी करें स्टाइल

जून-जुलाई के महीने में गर्मी इतनी अधिक होने लगती है कि हर कोई घर पर रहना पसंद करता है। क्योंकि इस चिलचिलाती धूप में बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बाहर जाने से पहले यह सोचना पड़ता है कि क्या आउटफिट पहना जाए। हालांकि घर पर रहने के दौरान तो यह समस्या नहीं होती है, लेकिन जब किसी पार्टी या फंक्शन में जाना होता है, तो इस बारे में सोचना पड़ता है।

ऐसे में अगर आपको भी यह सोचना पड़ता है कि कौन सा आउटफिट पहनें, जिसमें स्टाइलिश दिखने के साथ कंफर्टेबल रह सकें। ऐसे में आप कॉटन पटियाला सूट स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॉटन पटियाला सूट डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको पहनकर आप अच्छा और कंफर्टेबल लुक पा सकती हैं।

अगर आप किसी खास इवेंट में जाने की तैयारी कर रही हैं, तो आप हैवी प्रिंट वाले पटियाला सूट को कैरी कर सकती हैं। इसको पहनन कर आपको बहुत प्यारा लुक मिलेगा। वहीं आपको नए डिजाइन का सूट पहनने का मौका मिलेगा। आप चाहें तो पटियाला या हैवी पटियाला डिजाइन वाले सूट के साथ छोटे कुर्ते को कैरी कर सकती हैं। या फिर पटियाला डिजाइन वाले सूट खरीदकर टेलर से अपनी पसंद का डिजाइनर सूट बनवा सकती हैं। इस तरह के सूट के लिए ढाई मीटर कपड़े की जरूरत होगी वहीं पटिलाया के लिए साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा। इतने में आपका हैवी पटियाला सूट बनकर तैयार हो जाएगा।

अगर आप अलग-अलग डिजाइन वाले पटियाला सूट पहनना चाहती हैं। साथ ही आप कपड़ा खरीदकर ऐसा सूट तैयार करवा रही हैं। तो आप अलग-अलग डिजाइन के फैब्रिक को खरीदकर कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए पटियाला सूट बनवा सकती हैं। लाइट प्रिंट कुर्ते के साथ फ्लोरल प्रिंट पटियाला डिजाइन काफी अच्छा लगेगा। वहीं आप चाहें तो टेलर से भी इस तरह के कॉम्बिनेशन वाला सूट बनवा सकती हैं। सूट के हिसाब से चुन्नी डिजाइन करवा सकती हैं। बता दें कि बाजार से आप 500 से 1000 रुपए तक में इस तरह के सूट आसानी से मिल जाएंगे।

अगर अधिक गर्मी के कारण आपका अधिक हैवी सूट पहनने का मन नहीं है, तो आप सिंपल डिजाइन वाला सूट कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको लुक अच्छा मिलेगा और आप कंफर्टेबल भी रहेंगी। इस तरह के सूट में आपको छोटा और बड़ा दोनों तरह के प्रिंट मिल जाएंगे। आप चाहें तो फैब्रिक खरीदकर भी इसको तैयार करवा सकती हैं। इस तरह के सूट में आप नेकलाइन और स्लीव्स के नए डिजाइन बनवा सकती हैं। इससे आपके सूट को प्यारा लुक मिलेगा।

ग्लोइंग और ग्लॉस स्किन पाने के लिए ऐसे करें हयालूरोनिक एसिड का इस्तेमाल, जानिए इसके फायदे

फ्लॉलेस और चमकदार स्किन पाने के लिए सही स्किन केयर रुटीन अपनाया जाना चाहिए। अधिकतर लोग हेल्दी और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए तरह-तरह के सीरम का इस्तेमाल करते हैं। सही समय का पता न होने के कारण स्किन केयर प्रोडक्ट वैसा असर नहीं दिखा पाता है, जैसा हम चाहते हैं। सही समय पर सही प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने के कारण ऐसा होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सीरम और एसिड का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए।



विटामिन सी सीरम

त्वचा के लिए विटामिन सी बेहद जरूरी है। अगर आपके काले घेरे हैं, तो आपके लिए विटामिन सी काफी जरूरी है। क्योंकि यह आपको सन बर्न और दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाता है। आप विटामिन सी सीरम को मॉर्निंग और नाइट स्किन केयर रूटीन में लगा सकते हैं।

हयालूरोनिक एसिड

फ्लॉलेस स्किन पाने के लिए आपको हयालूरोनिक एसिड लगाना शुरूकर दें। यह एंटी एजिंग की तरह काम करता है और आपकी त्वचा को खूबसूरत बनाता है। आप क्लींजिंग और टोनिंग के बाद इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। हयालूरोनिक एसिड को सनस्क्रीन या मेकअप करने से पहले लगाना चाहिए।

सैलिसिलिक एसिड

अगर आपको भी दानों और मुहांसों की समस्या रहती है, तो आप सैलिसिलिक एसिड का उपयोग कर सकती हैं। रोम छिद्रों में जमी गंदगी की वजह से मुहांसों की समस्या होती है। ऐसे में जब आप सैलिसिलिक एसिड का इस्तेमाल करती हैं, तो यह रोम छिद्रों की गंदगी को बाहर निकाल देता है। आप रात में सोने से पहले इसको अप्लाई कर सकते हैं।

लैक्टिक एसिड

ग्लास स्किन हर किसी को पसंद होती है। अगर आप भी ग्लास स्किन पाना चाहती हैं, तो आपको लैक्टिक एसिड का इस्तेमाल करना चाहिए। यह आपकी त्वचा को रिलैक्स करता है और स्किन की बनावट में सुधार करता है। यह झुर्रियों को कम करने के साथ आपकी रंगत को निखारता है और छिद्रों की स्थिति कम करता है। आप इसको दिन में एक या दो बार लगा सकती हैं।

ग्लाइकोलिक एसिड

ग्लाइकोलिक एसिड आपकी त्वचा को यंग बनाता है। त्वचा पर होने वाली जलन से बचने के लिए आप ग्लाइकोलिक एसिड को स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकती है। बता दें कि यह कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करता है। अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो इसको दिन में एक बार अप्लाई करें। जैसे-जैसे आपकी स्किन को इसकी आदत हो जाए, तो आप इसको दिन में दो बार लगाएं।

नियासिनमाइड

नियासिनमाइड को त्वचा पर लगाने से तेल उत्पादन को कंट्रोल करने में सहायता करता है। ग्लास स्किन लगाने के लिए नियासिनमाइड का इस्तेमाल करें। आप इसको सुबह और शाम की स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

स्किन टाइट रखने में मददगार साबित होगा रोज ड्राई फ्रूट खाना, झुर्रियां होगी दूर

स्किन का ध्यान न रखना और खराब लाइफस्टाइल के चलते समय से पहले चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइंस एजिंग के निशान दिखने लगते हैं। वैसे तो सभी लोग यंग दिखना चाहते स्किन केयर और बढ़िया डाइट से सब दूर रहते हैं। जब आपके शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा तो उम्र से पहले ही बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगते हैं। अगर आप डाइट में एंटी-एजिंग गुणों की चीजों को शामिल करते है, तो आपके बुढ़ापे की रफ्तार धीमी जरुर कर सकते हैं। चलिए हम आपको ऐसे ड्राई फ्रूट फ्रूट के बारे में बताएंगे जिनके सेवन आपकी स्किन उम्र से पहले बूढ़ा होने से बचाता है और साथ ही एजिंग के लक्षणों को भी कम करता है।

बादाम खाएं

अगर आप भी समय से पहले बूढ़ा नहीं दिखना चाहते हैं तो अपनी डाइट में बादाम जरुर शामिल करें। बादाम में विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर होता है जो स्किन को पोषण देता है। बादाम में मौजूद विटामिन्स स्किन में कोलेजन को सुरक्षित रखने में मदद करता है। जिससे आपकी स्किन जवान दिखती है।

स्किन को टाइट रखता है

बादाम विटामिन ई से भरपूर होता है जो स्किन में नमी बनाए रखता है जिससे स्किन की इलास्टिसिटी बढ़ती है। प्रतिदिन 6-7 बादाम खाने से आप अपनी स्किन को टाइट और सुंदर रख सकते हैं। रात भर भीगे हुए बादाम खाने से भी कई फायदे मिलते हैं।

डिफरेंट लुक पाने के लिए लहरिया डिजाइन में ट्राई करें को-ऑर्ड सेट, लगेंगी बेहद खूबसूरत

हर दूसरे दिन फैशन में कुछ न कुछ बदलाव देखने को मिलता है। फैशन ट्रेंड में बदलाव के साथ ही लोगों के आउटफिट को स्टाइल करने का तरीका भी बदल जाता है। क्योंकि इससे हम फैशन ट्रेंड के साथ-साथ चलते हैं। साथ ही हमें कुछ नया ट्राई करने का भी मौका मिलता है। वहीं आज के समय में हर किसी को को-ऑर्ड सेट स्टाइल करना बेहद पसंद है।

ऐसे में हम सभी अलग-अलग डिजाइन खोजते हैं, जिसके कि हम अधिक स्टाइलिश दिख सकें। अगर आप भी नए डिजाइन को-ऑर्ड सेट सर्च कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको को-ऑर्ड सेट के कुछ ऑप्शन दिखा रहे हैं। ऐसे में आप भी इन ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं।

लहरिया प्रिंटेड एम्ब्राइडरी वर्क को-ऑर्ड सेट

अगर आप भी एम्ब्राइडरी वर्क वाले आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। तो आप लहरिया प्रिंटेड एम्ब्राइडरी वर्क को-ऑर्ड सेट ट्राई कर सकती हैं। इसमें ऊपर वाले टॉप पर एम्ब्राइडरी वर्क होता है। जो आपके लुक को अच्छा बनाता है। वहीं आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा। इसमें आपको प्रिंट के हिसाब से एम्ब्राइडरी मिलेगी। इसको कैरी करने से आपका लुक अधिक स्टाइलिश लगेगा। इस तरह के आउटफिट को आप पार्टी में भी पहन सकती हैं। बता दें कि मार्केट में इस तरह के को-आर्ड सेट 500-1000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएंगे।

पैंट को-ऑर्ड सेट विद डिजाइनर बेल्ट

इसके अलावा आप को-ऑर्ड सेट को पैंट स्टाइल में भी खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको लॉन्ग कुर्ता स्टाइल टॉप मिलेगा। इसके साथ आपको डिजाइनर बेल्ट भी मिलेगी। इससे आपका आउटफिट और भी अच्छा लगेगा और आप भी स्टाइलिश नजर आएंगी। इसमें आपको दो कलर के साथ डिजाइन मिलेगी। जिससे आपका लुक देखते ही बनेगा। मार्केट में 1,000-2,000 तक इस तरह का आउटफिट मिलेगा।

सिंपल लहरिया को-ऑर्ड सेट

अगर आप ऑफिस के लिए भी को-ऑर्ड सेट स्टाइल करना चाहती हैं। तो आप सिंपल लहरिया को-ऑर्ड सेट ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको शर्ट स्टाइल को-ऑर्ड सेट मिलेगा। आप चाहें तो इसमें अलग-अलग कलर ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के को-आर्ड सेट मार्केट में 250-500 रुपए तक में मिल जाएंगे। लहरिया प्रिंट के को-ऑर्ड सेट को स्टाइल करने पर आपको अच्छा लुक मिलेगा। इसमें आपको अलग-अलग कलर व डिजाइन भी मिलेंगे।

उम्र से पहले बुढ़ापा नहीं चाहते तो रोजाना इन चीजों का करें सेवन, स्किन रहेगी टाइट

बढ़ती उम्र से पहले स्किन का नहीं रखा ख्याल तो समय से पहले ही बुढ़ापा नजर आने लगेगा। बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां और एजिंग लाइंस का आना एक नेचुरल प्रक्रिया है। लेकिन कई लोगों के चेहरे पर उम्र से पहले ही झुर्रियां, दाग-धब्बे और एजिंग साइन नजर आने लगता है। चेहरे पर झुर्रियां और एजिंग लाइंस होने का सबसे ज्यादा जिम्मेदार कारक लोगों की लाइफस्टाइल और खानपान में पोषक तत्वों की कमी। अगर आप कम उम्र में नहीं दिखना चाहते बूढ़े तो आपको अपनी डाइट में कुछ चीजों को जरुर शामिल करें।

विटामिन से भरपूर फलों का सेवन करें

अगर आप भी उम्र से पहले बूढ़ा नहीं दिखना चाहते हैं तो आप अपनी डाइट में विटामिन से भरपूर फलों का सेवन करें। संतरा, बैरीज, अनानास, एवोकाडो, कीवी और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों का सेवन कर सकते हैं। इन फ्रूट्स में सबसे ज्यादा विटामिन सी पाया जाता है। विटामिन सी रिच फलों के खाने से चेहरे की झुर्रियां गायब हो जाती है।

प्रोटीन को डाइट में शामिल करें

अपनी डाइट में प्रोटीन से भरपूर चीजों को शामिल करें। आप अपने आहार में अंडे, चिकन और डेयरी प्रॉडक्ट्स को एड ऑन कर सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर फूड के सेवन करने से चेहरे की झुर्रियां और एजिंग लाइंस दूर हो जाती है।

डेयरी प्रॉडक्टस का सेवन करें

उम्र से पहले बुढ़ापा नहीं चाहते तो आप रोजाना अपने डाइट में डेयरी के प्रॉडक्टस को शामिल करें। दूध-दही शरीर में पोषक तत्वों को बढ़ाते हैं जिससे स्किन भी बेहतर होती है। इन चीजों के सेवन से स्किन टाइट और झुर्रियां भी कम होती है।

ड्राई फ्रूट्स खाएं

ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने से स्किन जवान रहती है। यह त्वचा को सुंदर बनाता है। अगर आप ड्राई फ्रूट्स खाएंगे तो आप समय से पहले बूढ़े नजर नहीं आएंगे। बादाम, अंजीर और काजू जैसे ड्राई फ्रूट्स विटामिन ई से भरपूर होते हैं और स्किन की सुरक्षा करते हैं।

पैरों की टैनिंग करनी है दूर, तो अपनाएं ये होम रेमिडीज



जब भी टैनिंग की बात होती है, तो हम सभी अक्सर अपने चेहरे या फिर हाथों की टैनिंग पर ही ध्यान देते हैं। लेकिन वास्तव में पैरों पर भी टैनिंग काफी अधिक होती है। दरअसल, इस मौसम में हम अपने पैरों को पूरी तरह से कवर नहीं करते हैं, जिससे हानिकारक यूवी किरणें पैरों को नुकसान पहुंचाती हैं और उसमें टैनिंग नजर आने लगती हैं।

ऐसे में जरूरी होता है कि आप पैरों की खूबसूरती बनाए रखने के लिए उसे डी-टैन करें। जिद्दी टैन को हटाने के लिए पार्लर में बार-बार डी-टैन सेशन लेना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है, क्योंकि इसमें आपके काफी सारे पैसे यूं ही खर्च हो जाते हैं। अपने पैसों को बचाने और पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप कुछ आसान घरेलू उपायों को अपनाएं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही होम रेमिडीज के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप पैरों की टैनिंग को आसानी से दूर कर सकते हैं-

दही और हल्दी

पैरों की टैनिंग दूर करने के लिए दही और हल्दी की मदद ली जा सकती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए एक चम्मच दही में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को अपने पैरों पर लगाएं और इसे धोने से पहले 20 से 30 मिनट तक लगा रहने दें। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को लाइटन करने में मदद कर सकता है।

आलू

पैरों की टैनिंग को दूर करने में आलू काफी मददगार साबित हो सकता है। यह एक ऐसी सब्जी है, जो हर घर में आसानी से अवेलेबल होती है। आलू के रस में एंजाइम होते हैं जो त्वचा को हल्का करने में मदद कर सकते हैं। टैनिंग को दूर करने के लिए आप एक आलू को कद्दूकस करके उसका रस निचोड़ लें। अब इस रस को पैरों के टैन एरिया पर लगाएं और 20 से 30 मिनट तक लगा रहने दें।

टमाटर

टमाटर में पाया जाने वाला विटामिन सी स्किन को लाइटन करने में मदद करता है। टमाटर में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं जो टैन को हल्का करने में मदद कर सकते हैं। आप अपने पैरों की टैनिंग दूर करन के लिए टमाटर का पल्प लगाएं और करीबन 15 से 20 मिनट तक ऐसे ही लगा रहने दें। अंत में, पानी की मदद से पैरों को क्लीन करें।

पैरों की सुंदरता के लिए रोजाना करें बस ये काम, ऐसे करें फुट की केयर

जिस तरह से स्किन केयर रुटीन को फॉलो करके आप सभी निखरी त्वचा पाते हैं, ठीक वैसे ही पैरों की केयर करना जरुरी है। आमतौर पर बहुत ही कम लोग अपने पैरों का ख्याल रखते हैं। पैरों की अच्छी तरह से केयर नहीं करने पर इनकी सुंदरता कम हो जाती है। अक्सर महिलाएं चेहरे को सुंदर बनाएं रखने के लिए कई महंगे-महेंग प्रोडक्ट्स का यूज करते हैं लेकिन पैरों की सही तरह से देखभाल नहीं करती हैं और इस वजह से पैर बदसूरत दिखने लगते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स देने जा रहे हैं जिन्हें आप नहाने से पहले कर सकते हैं।

पैरों को करें पेडिक्योर

पैरों की खूबसूरती बनाएं रखने के लिए पेडिक्योर जरुर करें। पैरों को पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और इस तरह पैरों की त्वचा खूबसूरत नजर आएंगी।

ऐसे करें पेडिक्योर

- एक बाल्टी में गर्म पानी लें।
- पानी में शैंपू डालें।
- इसके बाद बाल्टी पैर डालें।
- 10 मिनट बाद पैरों को साफ कर लें।
- इस उपाय को आप रोजाना नहाने से पहले कर सकते हैं।

स्क्रब का यूज करें

स्क्रब के इस्तेमाल से पैरों में जमा कालापन साफ हो जाता है और पैर सुंदर नजर आते हैं। वहीं, पैरों की सुंदरता बनाए रखने के लिए रोजाना पैरों को स्क्रब करें।

इस तरह से करें पैरों पर स्क्रब

- एक बाल्टी में गर्म पानी लें।
- इसमें एप्पल साइडर विनेगर डालें।
- इस पानी में पैरों को रखें।
- इसके बाद पैरों को प्यूमिक स्टोन से स्क्रब करें।
- ये उपाय आप रोजाना कर सकते हैं।

केरल सरकार समुद्री कटाव रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही, कांग्रेस नेता साठीसन ने मुख्यमंत्री विजयन पर साधा निशाना

एर्नाकुलम। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी साठीसन ने शनिवार को राज्य की वामपंथी सरकार पर समुद्री कटाव को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समुद्री कटाव की वजह से राज्य में मछुआरा समुदायों के जीवन और आजीविका प्रभावित हो रही है। एर्नाकुलम के एडवनकाड तटीय गांव में साठीसन ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, मानसून और अन्य सभी मौसमों के दौरान राज्य में तेजी से समुद्री कटाव हो रहा है। बहुत सारे घर नष्ट हो गए हैं और लोग परेशानी में हैं। इस गांव में कई घर समुद्री कटाव के कारण प्रभावित हुए हैं। साठीसन के गांव के दौरे के दौरान कांग्रेस सांसद हिबी ईडन भी उनके साथ थे। साठीसन ने कहा, ÷सड़कें बह जाने के कारण कोई सड़क नहीं है। जो लोग वहां नहीं रह सकते, खासकर गरीब मछुआरे, उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे मौसम की मार और समुद्री कटाव की वजह से अपना गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी एकमात्र आजीविका मछली पकड़ना है; वे इस जगह को छोड़ रहे हैं। दुर्भाग्य से सरकार कुछ नहीं कर रही है।

मानसून

एर्नाकुलम के एडवनकाड तटीय गांव में साठीसन ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, मानसून और अन्य सभी मौसमों के दौरान राज्य में तेजी से समुद्री कटाव हो रहा है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों से कई वादे किए थे, लेकिन वे सभी केवल कागजों पर ही रह गए हैं। राज्य सरकार को तटीय क्षेत्रों को समुद्री कटाव से बचाना है।

केरल के मत्स्य पालन मंत्री ने तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों से कई वादे किए हैं, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ है। पिछले बजट में तटीय क्षेत्रों के लिए घोषित पैकेजों को लागू नहीं किया गया है, समुद्री कटाव को रोकने के लिए एक भी रुपया खर्च नहीं किया गया है।

साठीसन ने कहा कि अरब सागर में लगातार उथल-पुथल हो रही है और मछुआरा समुदाय पीड़ित है। उन्होंने कहा, शायद जलवायु परिवर्तन या किसी अन्य कारण से अरब सागर बहुत अशांत है और मछुआरा समुदाय बहुत अधिक पीड़ित है। वे किसी अन्य क्षेत्र में रहने के लिए स्थानांतरित नहीं हो सकते, क्योंकि मछली पकड़ना उनकी आजीविका है। हमें तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा देनी होगी। दुर्भाग्य से, राज्य सरकार कुछ नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि ईडन को संसद में केंद्र सरकार से जवाब मिला कि राज्य सरकार द्वारा समुद्री कटाव को रोकने के लिए कोई परियोजना प्रस्तुत नहीं की गई है।

हमारे सांसद (हिबी ईडन) को संसद में केंद्र सरकार से जवाब मिला कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत कोई भी परियोजना लंबित नहीं है। यह बहुत आश्चर्यजनक है, क्योंकि हमें केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।

कुलगाम मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल, अभियान जारी

कुलगाम(हि.स.)। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदरगाम गांव में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच जारी मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल हो गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा की गई शुरुआती गोलीबारी में ही जवान घायल हो गया। घायल जवान को पास के अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां पर उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सेना की 9 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो मौके पर छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवाब दिया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई।

तमिलनाडु में बसपा नेता की हत्या पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख, विपक्ष हमलावर

नई दिल्ली (हि.स.)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। स्टालिन ने शनिवार को एक्स पर कहा कि आर्मस्ट्रांग की हत्या चौंकाने वाली और बेहद दुखद है। पुलिस ने हत्या में शामिल लोगों को रात को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आर्मस्ट्रांग की पार्टी, शोक संतप्त परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए लोगों को भरोसा दिया कि पुलिस को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर हमला बोलते हुए राज्य की कानून कानून व्यवस्था को लचर बताया। तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने कहा कि चेन्नई हत्याओं का शहर बनता जा रहा है। पूरे राज्य में पिछले 2-3 वर्ष में संगठित अपराध बढ़ा है। डीएमके सरकार का द्रविड़ मॉडल सभी ने देखा है। तिरुपति ने सवाल किया है कि प्रशासन कहां है?

उन्होंने कहा कि राज्य में प्रशासन की विफलता का मुख्य कारण ड्रग सिंडिकेट है। सरकार ड्रग सिंडिकेट और अवैध शराब पर अंकुश लगाने में असमर्थ है। पुलिस को खुली छूट देने की जरूरत है, अन्यथा हत्याएं होती रहेंगी। अगर मुख्यमंत्री इस गड़बड़ी को नियंत्रित नहीं कर सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

कुलगाम मुठभेड़ में सेना का एक जवान बलिदान, अभियान जारी

कुलगाम(हि.स.)। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदरगाम गांव में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच जारी मुठभेड़ में सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा की गई शुरुआती गोलीबारी में ही जवान घायल हो गया। घायल जवान को पास के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर वह उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सेना की 9 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

हाथरस त्रासदी के बाद भूमिगत भोले बाबा मीडिया के सामने आए, कहा-शासन-प्रशासन पर भरोसा

हाथरस(हि.स.)। हाथरस त्रासदी पर सवालों से घिरे सूरजपाल उर्फ भोले बाबा आखिरकार आज मीडिया के सामने आए और चुप्पी तोड़ी। उल्लेखनीय है कि दो जुलाई को सिकन्दराराऊ के गांव फुलरई मुगल गढ़ी में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा उर्फ साकार हरि भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो चुकी है। इस त्रासदी में दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं। उनका अभी तक अलीगढ़, आगरा, हाथरस, एटा सहित अन्य स्थानों पर उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह हादसे से व्यथित हैं। उन्हें शासन-प्रशासन पर पूरा भरोसा है कि उपद्रवकारी बक्शे नहीं जाएंगे। दो जुलाई के बाद से उत्तर प्रदेश पुलिस भोले बाबा की तलाश में है। कई राज्यों खाक छानने के बाद वह सूरजपाल उर्फ भोले बाबा तक नहीं पहुंच पाई। शनिवार को भोले बाबा उर्फ सूरजपाल मीडिया के सामने आए। कैमरों के सामने आते ही कुछ पल मौन रहे। इसके बाद अपने प्रवचन अंदाज में कहा कि नारायण साकार हरि की पूरे ब्रह्मांड में सदा-सदा के लिए जय जयकार हो। 2 जुलाई की घटना के बाद से वह बहुत व्यथित हैं। ईश्वर उन्हें और संगत को इस दुखभरी घड़ी से उबरने की शक्ति दे। उन्होंने अपने अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह के माध्यम से कमेटी के पदाधिकारियों से बातचीत की है। भोले बाबा की तरफ से कहा गया है कि वह पीड़ित परिजनों के साथ जीवन पर्यंत सहयोग के लिए तन-मन-धन से खड़े रहेंगे। कमेटी के लोग भी इस विचार से सहमत हैं और पीड़ितों की मदद भी कर रहे हैं। अपने अंदाज में ही बोले बाबा ने कैमरे के सामने अपने बात खत्म की।

झारखंड में माओवादियों का खतरनाक मंसूबा विफल, विस्फोट से पहले 35 आईईडी बरामद

गुमला(हि.स.)। झारखंड में पुलिस ने माओवादियों का खतरनाक मंसूबा विफल कर दिया। गुमला जिले के सुदूरवर्ती गुमला कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए करीब 35 आईईडी बरामद किए हैं। गुमला इलाका नक्सल प्रभावित है। माओवादियों ने पुलिस को निशाना बनाने के लिए निर्माणाधीन कुटमा-बामड़ा सड़क पर पांच आईईडी बिछा दिए थे। बम निरोधक दस्ता और जगुआर पुलिस की टीम ने शुक्रवार देररात इनको निष्क्रिय कर दिया। हरिनाखाड़ इलाके से करीब 30 आईईडी बरामद किए गए हैं। इनको आज निष्क्रिय किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, ग्रामीणों को जमीन से एक तार निकला देखा तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। इन लोगों ने इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रांची से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। दस्ते ने बिना समय गंवाए पहुंच कर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। एसपी शंभू कुमार सिंह ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

झारखंड में माओवादियों का खतरनाक मंसूबा विफल, विस्फोट से पहले 35 आईईडी बरामद

गुमला (हि.स.)। झारखंड के गुमला जिले में स्थानीय लोगों की सक्रियता से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने माओवादियों के खतरनाक मंसूबे को विफल करते हुए गुमला जिले के सुदूरवर्ती गुमला कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए 35 आईईडी बरामद किए हैं। बम निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को पांच केन बम को सड़क खोदकर निकाला और निष्क्रिय कर दिया। इसके अलावा हरिनाखाड़ इलाके से करीब 30 आईईडी बरामद किए गए हैं। इनको शनिवार को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। बम करीब 200 फीट की दूरी तक सड़क के बीच बिछाया हुआ था। बम को निष्क्रिय करने के दौरान गांव के आसपास का

इलाका धमाकों से गूंज उठा। इस रास्ते पर आम लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गयी है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार छानबीन कर रही है। एसपी शंभू कुमार सिंह ने शनिवार बताया कि गुमला इलाका नक्सल प्रभावित है। माओवादियों ने पुलिस को निशाना बनाने के लिए निर्माणाधीन कुटमा-बामड़ा सड़क पर पांच आईईडी बिछाए थे। बम निरोधक दस्ते और जगुआर पुलिस की टीम ने शुक्रवार देर रात इनको निष्क्रिय कर दिया। पुलिस के मुताबिक, ग्रामीणों ने जमीन से एक तार निकला देखा तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रांची से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। दस्ते ने बिना समय गंवाए पहुंच कर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

ब्रिटेन की नई सरकार में डेविड लैमी विदेश मंत्री, रेचल रीव्स को वित्त और जॉन हीली बने रक्षामंत्री

इंग्लैंड(हि.स.)। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को लेबर पार्टी की शानदार जीत के बाद प्रधानमंत्री पद संभालने के कुछ ही घंटों बाद एंजेला रेनर को अपना डिप्टी नियुक्त किया जबकि डेविड लैमी को नया विदेश मंत्री और जॉन हीली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को ब्रिटेन की पहली महिला वित्त मंत्री के रूप में रेचल रीव्स और अपनी डिप्टी के रूप में एंजेला रेनर को नियुक्त किया। स्टार्मर ने डेविड लैमी को ब्रिटेन का नया विदेश मंत्री और जॉन हीली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया जबकि यवेट कूपर आंतरिक मंत्री बनीं, जिन्हें गृह सचिव के रूप में जाना जाता है, जो घरेलू सुरक्षा और पुलिसिंग की देखरेख करता है। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को लेबर पार्टी की शानदार जीत के बाद प्रधानमंत्री पद संभालने के कुछ ही घंटों बाद एंजेला रेनर को अपना डिप्टी नियुक्त किया। 44 वर्षीय रेनर, स्टार्मर द्वारा अपने मंत्रिमंडल में पहली पुष्टि की गई नियुक्ति थीं। डाउनिंग स्ट्रीट ने एक बयान में कहा कि वह लेवलिंग अप, आवास और समुदायों के लिए मंत्री का पद भी संभालेंगी। रेचल रीव्स लेबर सरकार में वित्त मंत्री या चांसलर ऑफ द एक्सचेकर की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे वह वित्त मंत्री की भूमिका निभाने वाली ब्रिटेन की पहली महिला बन गई हैं। स्टार्मर ने डेविड लैमी को विदेश सचिव और यवेट कूपर को कैबिनेट में आंतरिक मंत्री नियुक्त किया है। 51 वर्षीय लैमी, एक अग्रणी अश्वेत सांसद, ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक के रूप में कंजर्वेटिव के डेविड कैमरन की जगह लेंगे जबकि 55 वर्षीय कूपर गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गयी है।

कायराना हरकतों से ताइवान को लगातार उकसा रहा चीन, कई इलाकों में घुसे चीनी लड़ाकू विमान और सैन्य जहाज

ताइपेई ताइवान। चीन ने पिछले कुछ महीनों से ताइवान के ताइपे के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियों को बढ़ा दिया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय एमएनडी ने शुक्रवार को जानकारी दी कि एक बार फिर बीजिंग की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की है। ताइवान एमएनडी ने कहा कि 30 चीनी सैन्य विमान और नौ नौसैनिक जहाज शुक्रवार को सुबह 6 बजे स्थानीय समय और शनिवार को सुबह 6 बजे स्थानीय समय उसके क्षेत्र के पास सैन्य गतिविधि कर रहे थे। कुल विमानों में से 23 पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पीएलए के विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र एडीआईजेड में घुसे। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार चीनी सैन्य विमान दक्षिण में एलुआनबी से 72 किलोमीटर और उत्तर में कीलुंग से 77 किलोमीटर की दूरी पर आए।

ताइवान

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय एमएनडी ने शुक्रवार को जानकारी दी कि एक बार फिर बीजिंग की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की है।

ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चीन की सैन्य कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने लड़ाकू गश्ती विमान और नौसैनिक जहाज भेजे और बीजिंग की गतिविधि पर नजर रखने के लिए भूमि-आधारित वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली तैनात की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ताइवान के एमएनडी ने कहा, आज सुबह 6 बजे स्थानीय समय तक ताइवान के

आसपास 30 पीएलए विमान और 9 नौसैनिक जहाजों का पता चला। 23 विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी एडीआईजेड में प्रवेश कर गए। रिपब्लिक ऑफ चाइना सशस्त्र बल यानी आरओसी ने स्थिति पर नजर रखी है और तदनुसार प्रतिक्रिया दी है। ताइवान ने चीनी जहाजों को 35 बार देखा जुलाई में अब तक ताइवान के एमएनडी ने चीनी सैन्य विमानों को 131 बार और नौसेना के जहाजों को 35 बार ट्रैक किया है।

सितंबर 2020 से चीन ने ताइवान के पास और अधिक सैन्य विमान और नौसेना के जहाज भेजकर ग्रे जोन रणनीति के अपने उपयोग को तेज कर दिया है। सीएसआईएस के अनुसार ग्रे जोन रणनीति को प्रयास या प्रयासों की श्रृंखला के रूप में कहा जाता है जो स्थिर-स्थिति निरोध और आश्वासन से परे है जो बल के प्रत्यक्ष और बड़े पैमाने पर उपयोग का सहारा लिए बिना किसी के सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास करता है। यह नवीनतम घटना हाल के महीनों में चीन द्वारा इसी तरह के उकसावे की एक श्रृंखला में शामिल है। चीन ने ताइवान के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियों को बढ़ा दिया है जिसमें ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र एडीआईजेड में नियमित हवाई और नौसैनिक घुसपैठ और द्वीप के पास सैन्य अभ्यास शामिल हैं। ताइवान 1949 से चीन से स्वतंत्र रूप से शासित है। हालांकि चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है और यदि आवश्यक हो तो बल द्वारा अंततः पुनर्मिलन पर जोर देता है।

केअर स्टॉर्मर ने संभाला ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद, ऋषि सुनक ने दिया इस्तीफा

लंदन(हि.स.)। ब्रिटेन के आम चुनाव में लेबर पार्टी की प्रचंड जीत के बाद केअर स्टॉर्मर ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को कार्यभार संभालने के बाद देशवासियों के 'हृदय में व्याप्त निराशा' को दूर करने और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। इससे पहले चुनाव में भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को करारी हार के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। चुनाव में प्रचंड जीत के बाद 61 वर्षीय स्टॉर्मर ने बकिंघम पैलेस में महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ रस्मी बैठक के बाद 58वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। लेबर पार्टी ने 650 सदस्यीय 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में 412 सीट हासिल कीं। यह संख्या 2019 में पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 211 अधिक है। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ने 121 सीट पर जीत दर्ज की जो पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 250 कम हैं। लेबर पार्टी का मत प्रतिशत 33.7 रहा, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी का मत प्रतिशत 23.7 रहा। स्टॉर्मर ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास, 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपने संबोधन में कहा, ''हमारे देश ने परिवर्तन, राष्ट्रीय नवीनीकरण और सार्वजनिक सेवा के लिए राजनीति की वापसी के वास्ते निर्णायक रूप से मतदान किया है।'' स्टॉर्मर ने कहा कि आगे का काम 'अत्यावश्यक है और हम इसे आज ही शुरू कर रहे हैं'। हालाँकि, उन्होंने कहा कि यह 'स्विच दबाने' जितना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''जब लोगों द्वारा किए गए त्याग और राजनीतिक नेताओं से प्राप्त सेवा के बीच अंतर काफी बढ़ जाता है, तो इससे राष्ट्र के हृदय में निराशा उत्पन्न हो जाती है, आशा, भावना, बेहतर भविष्य में विश्वास खत्म हो जाता है। हमें एक साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।'' स्टॉर्मर ने कहा कि विश्वास की कमी को केवल काम करके दूर किया जा सकता है, शब्दों से नहीं। उन्होंने संकल्प लिया कि उनकी सरकार देश के प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करेगी। अक्टूबर 2022 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले सुनक ने कहा कि वह आम चुनाव में अपनी हार के लिए 'जिम्मेदारी' लेते हुए कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के रूप में पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा, आपका ही निर्णय मायने रखता है। मैंने आपका गुस्सा, आपकी निराशा देखी है और मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूंज इस परिणाम के बाद, मैं पार्टी नेता के रूप में पद छोड़ दूंगा, तुरंत नहीं, बल्कि मेरे उत्तराधिकारी के चयन की औपचारिक व्यवस्था हो जाने के बाद।'' कंजर्वेटिव पार्टी की हार के लिए सुनक के कई चर्चित मंत्रियों और सांसदों तथा उनकी पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री लिज ट्रस की 'मिनी बजट' जैसी नुकसानदेह आर्थिक नीतियों को जिम्मेदार माना जा रहा है। वहीं, लेबर पार्टी में प्रीत कौर गिल और टैन ढेसी सहित भारतीय मूल के कई सांसद फिर से चुने गए और भारतीय मूल के जस अठवाल तथा कनिष्क नारायण जैसे नए चेहरे भी संसद के लिए चुने गए। इससे पहले, स्टॉर्मर ने लंदन में होलबोर्न एवं सेंट पैनक्रास की अपनी सीट 18,884 मतों से जीती।

स्टॉर्मर

चुनाव में प्रचंड जीत के बाद 61 वर्षीय स्टॉर्मर ने बकिंघम पैलेस में महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ रस्मी बैठक के बाद 58वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया।

ईरान के राष्ट्रपति चुने गए डॉ. मसूद पेजेश्कियान

तेहरान(हि.स.)। ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के नतीजे आ गए हैं। सुधारवादी उम्मीदवार डॉ. मसूद पेजेश्कियान ने रूढ़िवादी सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। देश के चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा की है।आयोग के प्रवक्ता मोहसिन एस्लामी ने बताया देश में 49.8 प्रतिशत मतदान हुआ। नया राष्ट्रपति चुनने के लिए करीब 30 मिलियन वोट डाले गए। शुक्रवार के चुनाव के बाद अधिकारियों की ओर से पेश किए गए आंकड़ों में पेजेशकियान को 16.3 मिलियन वोटों के साथ विजेता घोषित किया गया।जलीली को 13.5 मिलियन वोट मिले। ईरान के हार्ट सर्जन और सांसद मसूद पेजेश्कियान ने चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिम तक पहुंच बनाने का वादा किया। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हरा दिया। ईरान में पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की राष्ट्रपति पद पर रहते हुए इसी साल मई में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी। इब्राहिम रईसी पूर्वी अजरबैजान प्रांत में बांध का उद्घाटन करके लौट रहे थे तभी उनका हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। इस हादसे में राष्ट्रपति और विदेश मंत्री समेत नौ लोगों की मौत हुई है। उसके बाद ईरान में नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था।

ब्रिटेन के नवनियुक्त विदेश मंत्री डेविड लैमी इसी माह आ सकते हैं भारत दौरे पर

लंदन(हि.स.)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को डेविड लैमी को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। नवनियुक्त प्रधानमंत्री ने आम चुनाव जीतने के बाद लेबर पार्टी की सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारत के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के समर्थक लैमी (51) ने पिछले महीने कहा था कि अगर उनकी पार्टी चार जुलाई को सत्ता में आती है तो वह नई दिल्ली का दौरा करेंगे। लैमी ने पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए निर्धारित दिवाली 2022 की समय सीमा चूक जाने का जिक्र करते हुए कहा था, कई दिवाली बिना किसी व्यापार समझौते के गुजर गई और बहुत सारे व्यवसाय इंतजार में रह गए। लैमी ने कहा था कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को मेरा संदेश है कि लेबर पार्टी आगे बढ़ने के लिए तैयार है। आइये, मुक्त व्यापार समझौता करें और आगे बढ़ें। लैमी ने यह भी कहा कि अगर वह सरकार में शामिल हुए तो जुलाई के खत्म होने से पहले दिल्ली में होंगे।

कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- 81 शिकायती प्रार्थना पत्र में 11 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 57, पुलिस विभाग के 14, विकास विभाग के 05, चकबंदी विभाग के 02, आपूर्ति विभाग के 02, डूडा विभाग 01 प्राप्त हुई, जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उनकी जांच करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में विशेष ध्यान दें, निस्तारण में लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि लेखपालों तथा कानूनगों की संयुक्त टीम बनाकर जमीन विवाद के मामलों की जांच कराई जाए तथा उसका नियमानुसार समाधान कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जमीन विवादों के प्रकरण में यदि कोई भी लेखपाल लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन विवादों का त्वरित निस्तारण शासन की प्राथमिकता है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार, सीओ सदर परमानंद कुशवाहा, सीओ सिटी देवेश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य जनपद एवं तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्कूल चलो अभियान रैली का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कोठवार में संपन्न हुआ। जिसमें राज्यमंत्री युवा कल्याण एवं खेलकूद उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें कक्षा एक में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर तथा माल्यार्पण कर बच्चों का स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्रों को पुस्तक वितरित की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने शिक्षा के उन्नयन तथा नामांकन पर बल दिया तथा अभिभावकों को प्रेरित किया कि अधिकतम नामांकन करायें विशिष्ट अतिथि ने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन करने तथा गुणवत्ता में वृद्धि पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 संजीव कुमार अस्थाना तथा प्रदीप कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान समस्त स्टाफ अभिभावक तथा समस्त बच्चे उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों को शासन द्वारा संचालित बच्चों से संबंधित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की प्रगति व्याख्या प्रस्तुत किया तथा बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने अपना उद्बोधन में बच्चों के अच्छे भविष्य तथा चरित्र निर्माण पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि एक बच्चा अगर अच्छी शिक्षा ले ले तो उसे अपने जीवन में किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और उसका जीवन खुशहाल रहेगा। राज्यमंत्री ने विद्यालय में एक-एक पौधा रोपण किया तथा उपस्थित समस्त अध्यापकों से एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया।

पत्रकार साथियों के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू

- केराकत प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू का पत्रकारों नें किया जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के सिहौली में स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जौनपुर इकाई के जिला अध्यक्ष तामीर हसन शीबू के प्रथम आगमन पर केराकत तहसील अध्यक्ष पत्रकार योगेंद्र यादव सहित केराकत के तमाम पत्रकार साथियों नें जिला अध्यक्ष का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के साथ जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डाक्टर इम्तियाज अहमद काभी जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार साथियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष तामीर हसन शीबू नें कहा कि आप सभी पत्रकार साथियों को मैं सर्वप्रथम आदाब, नमस्कार प्रणाम, करता हूं। आप सभी सम्मानित पत्रकार साथी निष्पक्ष निर्भीक होकर बिना डरे बिना सहमें अपने लेखनी का निष्पक्ष इस्तेमाल करें। क्यों कि आप सभी लोगों के उपर समाचार की जिम्मेदारी है आप लोगों को समाचार के चौथा स्तंभ कहा जाता है। आप सभी लोग समाज के चौथे स्तंभ हैं आप सभी पत्रकार साथी इमानदारी से सच्चाई को पता करके समाज में हो रहे बुराई अन्या और जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने का काम करें। और रही बात मेरी तो जहां भी कभी भी मेरी ज़रूरत होती है एक फोन करें मैं आपके साथ कन्धों से कन्धा मिलाकर चलने के लिए तैयार रहूंगा। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष पत्रकार योगेंद्र यादव, महासचिव रामनारायन, उपाध्यक्ष अमित यादव, आनन्द कुमार, सुबेदार यादव, जितेन्द्र कन्नौजिया,मनीष पाठक,बादामा यादव, रेनू देवी गुड़िया राज, सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

रेलकर्मियों के प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, कार्मिक विभाग, मुख्यालय प्रयागराज में कार्मिक विभाग के रेलकर्मियों के कौशल एवं कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरम्भ किया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 5 जुलाई को शैक्षिक एवं प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम-2024 का शुभारम्भ प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने कार्मिक विभाग के महिला एवं पुरुष कर्मचारियों के एक दल को प्रयागराज शहर के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने व्यक्तित्व विकास में शिक्षण कौशल एवं जीवन कौशल जैसे साधनों की समृद्धि हेतु इस शैक्षिक एवं प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम को अनिवार्य बताया। उन्होंने बताया कि शिक्षण कौशल एवं जीवन कौशल अनुकूल और सकारात्मक व्यवहार की क्षमताएं हैं जो मनुष्य को जीवन की मांगों और चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाती हैं। कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक विभाग, मुख्यालय के सभी कर्मचारियों के कौशल विकास, रचनात्मकता, जिज्ञासा एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल कर्मचारियों में प्रशिक्षण के लिए अति उत्साह दिखा। इस दौरान कार्मिक विभाग, मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सीटीईटी परीक्षा के लिए रेलवे संचालित करेगा ट्रेनें

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। रेल प्रशासन द्वारा 7 जुलाई को आयोजित होने वाली सीटीईटी परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिये ट्रेनों को संचालित करने की व्यवस्था की गई है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 04064 गाज़ियाबाद-पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन अनारक्षित विशेष 6 जून को गाज़ियाबाद से 1800 बजे चलेगी। अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, फ़तेहपुर, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव होगा। ट्रेन में सामान्य/स्लीपर के 18 एवं एसएलआर के 2 कोच होंगे। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04066 गाज़ियाबाद-पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन अनारक्षित विशेष गाड़ी 7 जुलाई को गाज़ियाबाद से 1630 पर चलेगी। ट्रेन का अलीगढ़, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव होगा। ट्रेन में सामान्य/स्लीपर के 18 एवं एसएलआर के 2 कोच होंगे। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04048 गाज़ियाबाद-पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन अनारक्षित विशेष गाड़ी, 7 जुलाई को गाज़ियाबाद से 2030 पर चलेगी तथा अलीगढ़, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव होगा। इस ट्रेन में भी सामान्य/स्लीपर के 18 एवं एसएलआर के 2 कोच होंगे। जिन ट्रेनों को गाड़ियों की रीशेड्यूलिंग करके संचालित किया जायेगा उसमें गाड़ी संख्या 04342 कानपुर सेंट्रल-बालामऊ प्रस्थान एवं आगमन 14:50 17:15 बजे, गाड़ी संख्या 04154 कानपुर सेंट्रल-रायबरेली 16:30 17:45 बजे के अलावा गाड़ी संख्या 04133 कानपुर सेंट्रल-फर्रूखाबाद 15:25 17:30 बजे कानपुर अनवरगंज से चलेगी। इसी प्रकार 19812 इटावा-कोटा 17:00 18:00, 04144 कानपुर सेंट्रल-खजुराहो पर आगमन-प्रस्थान 16:20 17:20 बजे। जिन गाड़ियों का विस्तार किया जायेगा उसमें गाड़ी संख्या 04130 कानपुर सेंट्रल-फ़तेहपुर मेमू कानपुर सेंट्रल-18:25 प्रस्थान, फ़तेहपुर-20.45 आगमन सूबेदारगंज तक संचालित की जायेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04160 इटावा-कानपुर सेंट्रल मेमू इटावा-17:20 प्रस्थान, कानपुर सेंट्रल-20:15 आगमन लखनऊ तक आवश्यकतानुसार संचालित की जायेगी। जिन गाड़ियों का रीस्टोरेशन किया जायेगा उसमें गाड़ी संख्या 03333/03334 पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज छिवकी सूबेदारगंज तक आएगी। यह ट्रेन अभी प्रयागराज स्टेशन के प्लेटफ़ार्म संख्या 04 एवं 05 के बंद होने के कारण प्रयागराज छिवकी तक ही आती है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनीं फरियाद

- सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण करें शिकायतों का निस्तरणः मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मण्डलायुक्त मनीष चौहान तथा डीआईजी वैभव कृष्ण ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में आमजन से उनकी समस्याओं को सुना। मण्डलायुक्त ने आमजन से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को हस्तान्तरित करते हुए निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर पर नियमित रूप से होती है, इसलिए इसके प्रति पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाय तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय, ताकि शिकायतकर्ता को पुनः उसी शिकायत को लेकर आने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों का निस्तारण पक्षकारों की आपसी सहमति से होने योग्य है। ऐसे प्रकरणों को लेखपाल आदि के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित कराया जाय, जिससे शिकायतकर्ता तहसील, जिला मुख्यालय तक भाग दौड़ करने से बच सकें। मण्डलायुक्त चौहान ने कहा कि जिन मामलों का निस्तारण राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम के माध्यम से कराया जाना है, उसमें तिथि निर्धारित करते हुए तत्परता से कार्यवाही कराई जाय। इस अवसर पर अधिकारियों के समक्ष आमजन द्वारा अपनी समस्याओं से सम्बन्धित कुल 180 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गये। जिसमें राजस्व से सम्बन्धित 145, पुलिस के 26, विकास के 3 तथा अन्य विभागों से सम्बन्धित 6 प्रार्थना पत्र सम्मिलित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 10 मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ, जबकि शेष प्रार्थना-पत्रों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अनिवार्य रूप से निस्तारित किए जाने के निर्देश के साथ हस्तान्तरित किया गया। डीआईजी वैभव कृष्ण ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्रों की सुनवाई की गयी। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संयुक्त टीम के माध्यम से निस्तारित किए जाने वाले प्रकरणों में समय से पुलिस बल उपलब्ध कराया जाय, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

ग्राम प्रधान पर हमला पुलिस ने किया मुकदमा

आजमगढ़। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के तुलापुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान मुकेश प्रजापति पुत्र बेचन प्रजापति ने रौनापार थाने में बिजेंदर पटेल, गुलशन पटेल, इंद्रपत, दीनानाथ गुप्ता व अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कराया। ग्राम प्रधान मुकेश प्रजापति ने तहरीर में बताया है कि 4 जुलाई की रात 10.30 बजे निमंत्रण से घर वापस आते समय गांव के पास अवधू पटेल के घर के सामने तुलापुर गांव निवासी विजेंद्र पुत्र जगपत पटेल ने गाली गुप्ता देते हुए मारपीट करने लगे। उसके साथ में गुलशन पुत्र इंद्रपत, इंद्रपत पुत्र रामसूरत, दीनानाथ गुप्ता पुत्र राम अवध गुप्ता और इंद्रपत के घर की महिलाएं भी पहुंच कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचा। थानाध्यक्ष रौनापार विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि ग्राम प्रधान की सूचना पर डायल हंड्रेड पुलिस पहुंचीं थीं।

उपभोक्ता अधिवक्ता बार एसोसिएशन ने सौंपा ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। आज जिला उपभोक्ता अधिवक्ता बार एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष एम0ए0 अंसारी व बार के पदाधिकारी ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा से मिलकर उनको ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला तथा प्रदेश भर के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं से उनको अवगत कराया। श्री अंसारी बार अध्यक्ष द्वारा ऊर्जा मंत्री को बताया गया कि दिसम्बर 2022 के बाद से विद्युत व्यवस्था निवारण फोरम प्रयागराज कोर्ट चलना बन्द हो गयी थी जो अब पुनः शुरु हो गयी है। जिसनें अधीक्षण अभियंता प्रथम द्वारा प्रत्येक मंगलवार को खण्ड रामयाग, खण्ड करैलाबाग, खण्ड कल्याणी देवी तथा खण्ड नैनी की सुनवाई होना निश्चित हुई है। परन्तु बड़े खेद का विषय है कि 2-3 बैटकों के बाद सुनवाई नहीं हो गये है। जिससे खण्डों के उपभोक्ता व्यथित है। वह अपने ऊपर हो रहे शोषण की व्यथा भी नहीं सुना पा रहे है जो कि उपभोक्ता शोषण का प्रबल प्रमाण है। बार अध्यक्ष ने यह भी बताया कि चेकिंग के नाम पर एवं मीटर की गड़बड़ी के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण तथा स्थानीय स्तर पर तो कंजम्पशन के आधार पर मीटरो की प्रयोगशाला में जांच के नाम पर शोषण तथा स्थानीय स्तर पर किसी प्रयोगशाला का होना तथा सूचना के अधिकार में मांगे गये जवाबों का न देना आदि जारी है। उन्होंने यह भी मांग की कि विद्युत व्यथा निवारण फोरम प्रयागराज में प्रत्येक माह के प्रत्येक कार्य दिवस पर तथा नियामक आयोग तथा राजपक्ष के अनुसार व्यथा निवारण फोरम का सुबह 10 से शाम 5 बजे के रूप में माह के प्रत्येक कार्य दिवस में व्यथा फोरम चलाना सुनिश्चित करें जिससे कि स्थित नुकदमों वर्तगान मुकदमा शिकायतों का निवारण हो सके और जिले और प्रदेश भर के व्यथित बिजली उपभोक्ताओं को न्याय मिल सके।

झूठी शानो शौकत में चढ़ा अहंकार का नशा

- आस्था समिति द्वारा नाटक नशा की मंच प्रस्तुति

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। आदमी कमजोरियों का पुतला होता है, जो अपनी स्वभावगत कमजोरियों के कारण ही किसी नशे का शिकार होता है। ऐसा नशा भाव अथवा स्वभाव के नष्ट हो जाने के बाद ही उतरता है। कला थियेटर मुट्ठीगंज प्रयागराज में आस्था समिति द्वारा मुंशी प्रेमचंद कृत नाटक नशा की मंच प्रस्तुति में देखने को मिला। नाटक की कथावस्तु के अनुसार बीर और ईश्वरी दो घनिष्ठ मित्र हैं। ईश्वरी ज़मीदार का बेटा है। उसमें ज़मीदारी वाले सारे तेवर मौजूद हैं। जबकि बीर गरीब परिवार का है। बीर हमेशा जमीदारों की आलोचना करता है। वह उन्हें भ्रष्टाचारी, अत्याचारी और समाज का शोषण करने वाला कहता। ईश्वरी का मिजाज ज़मीदारी वाला जरूर था लेकिन अपने मित्र द्वारा की गई आलोचना पर वह कभी क्रोधित नहीं होता था। एक बार अपने मित्र बीर को अपने गांव ले जाता है। गांव वालों से बीर का परिचय ऐसे धनवान के रूप में करवाता है जो कि महात्मा गांधी का भक्त होने के कारण धनवान होते हुए भी निर्धन जैसा जीवन व्यतीत करता है। इस परिचय से लोग उसे गांधी जी वाले कुंअर साहब कहने लगे। इस झूठे परिचय से बीर पर अमीरी का ऐसा नशा चढ़ा कि वह इंसानियत को ही भूल गया। पहले जिन बातों के लिए वह जमीदारों की निंदा किया करता था वही काम वह खुद करने लगा। उसके इस बदले हुए व्यवहार से ईश्वरी भी चिंतित रहने लगा। एक दिन तो हद हो गई। ईश्वर के साथ घर लौटते समय ट्रेन खचाखच भरी थी। झूठे कुंअर के नशे में चूर बीर को यह बर्दाश्त नहीं हुआ कि उसकी सीट पर कोई और बैठ जाये या उसके आसपास भी भीड़ इकट्ठा रहे। वह अपने पास बैठे व्यक्ति की पिटाई कर देता है और उसको बहुत बुरा भला कहता है। ईश्वर की सहन शक्ति अब जवाब दे जाती है। वह क्रोधित होकर बीर को फटकारता है। यह सुनते ही बीर पर चढ़ा नकली धनवानी का नशा काफूर हो जाता है और फिर से वही गरीब बीर की आत्मा में लौट आता है। बीर की भूमिका में आरिश जमील, ईश्वरी की भूमिका में प्रशांत वर्मा, जमीदार की भूमिका में रमेश चंद ने अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। आकांक्षा देवी, अफसार, उत्कर्ष गुप्ता, कीर्ति चौधरी, अब्दुल्ला ने भी अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया। प्रकाश व्यवस्था संदीप यादव, संगीत संयोजन मनोज गुप्ता, रूप सज्जा संजय चौधरी, मंच व्यवस्था अंकित पांडेय, ज्योति यादव की थी। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मंचित नाटक की प्रस्तुति परिकल्पना एवं निर्देशन मनोज गुप्ता, धन्यवाद ज्ञापित संस्था के अध्यक्ष बृजराज तिवारी ने किया।

छुट्टा पशुओं के आतंक से परेशान किसान का विरोध प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

- सांड ने तीन लोगों पर किया जानलेवा हमला

बुढनपुर,आजमगढ़। अहरौला विकासखंड के मतलूबपुर ग्राम सभा के गमीणों ने छुट्टा पशुओं के आतंक से परेशान होकर विरोध प्रदर्शन किया है ग्रामीण का कहना है की कई साल से समस्या बनी है हमारे गांव के लोग छुट्टा खेती किसानी करना छोड़ दिये है। एक सांड के द्वारा एक सप्ताह में तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया छुट्टा पशुओं के समाधान के लिए कई बार ब्लॉक पर और एसडीएम के यहां भी प्रार्थनापत्र दिया गया लेकिन छुट्टा पशुओं का कोई निदान नहीं किया गया जिससे गांव के अधिकांश किसान खेती करना बंद कर दिये है। कई सालों से किसान छुट्टा पशुओं के आतंक से खेती किसानी नहीं कर पा रहे हैं छुट्टा पशुओं में एक सांड इतना उग्र हो गया है कि एक सप्ताह में गांव के तीन लोगों पर जान लेवा हमला कर चुकां है सांड के हमले में घायल जगदंबा शुक्ला, रोहित पांडे, राधेश्याम यादव इन लोगों का कहना है की सांड के द्वारा लगातार लोगों पर हमला बोला जा रहा है दरवाजा बंद करने पर वह दरवाजे पर ठोकर मार रहा है वही गांव में घूम रहे छुट्टा पशु किसानों के फसलों को भी बर्बाद कर दे रहे हैं मतलूबपुर गांव के किसानों का कहना है कि जब वह ब्लॉक पर प्रार्थनापत्र देने जाते हैं तो ब्लॉक के लोग कहते हैं पहले पैसा जमा कराईये जिससे पशुओं को पकड़वाने और लेजाने के लिए की व्यवस्था कि जाए सरकार छुट्टा पशुओं के समाधान की बात कहती है लेकिन कोई बात सुनने को तैयार नहीं है ऐसे में किसान करें तो क्या।

रोजगार मेले में 33 अभ्यर्थियों का चयन

प्रयागराज। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में शनिवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 33 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 64 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक, सेवायोजन राजीव कुमार यादव एवं कार्यालय के मेला प्रभारी अधिकारी प्रशांत तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की सफलता की इबारत लिख रही है मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना

- प्रयागराज में नए शैक्षिक सत्र में 300 प्रतियोगी छात्रों का हुआ दाखिला
- लगातार बढ़ रहा कोचिंग की तरफ युवाओं का रुझान
- सफल छात्रों के प्रतिशत में भी हो रहा है इजाफा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के छात्रों को कॉम्पिटेशन की कोचिंग प्राप्त करने के लिए दूसरे जिलों एवं राज्यों में जाना पड़ता है। इन प्रतियोगी छात्रों में ऐसे भी छात्र होते हैं जो दूसरे जिलों में रहकर कोचिंग प्राप्त करने का खर्च वहन नहीं कर सकते। ऐसे सभी छात्रों के लिए यूपी की योगी सरकार की तरफ से शुरू की गई मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना मददगार साबित हो रही है। प्रयागराज में इसे लेकर छात्रों का रुझान तेजी से बढ़ा है।प्रतियोगी परीक्षाओं के हब कहे जाने वाले प्रयागराज में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करने में योगी सरकार की मुख्यमंत्री अंभुदय योजना मददगार साबित हो रही है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित हो रही इन कोचिंग्स के चौथे बैच की शुरुआत हो गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञा पांडेय बताती हैं कि जुलाई में के पी इंटर कालेज परिसर में शुरू हुई अंभुदय कोचिंग के बैच में 300 छात्रों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। सभी छात्रों को विषय विशेषज्ञों के जरिए शिक्षण कार्य भी शुरू करा दिया गया हैं। इन 300 छात्रों में यूपीएससी के लिए 173 और नीट/ जेईई के लिए 67 छात्र नियमित रूप से कक्षाएं ले रहे हैं। छात्रों का चयन भी पिछले वर्ष यहां अच्छा रहा है। कोर्स कॉर्डिनेटर हृदयानंद बताते हैं कि पिछले साल यहां से 9 छात्रों का चयन हुआ था। चयनित छात्रों ने राजस्व लेखपाल के लिए चार, जेईई के लिए चार और बिहार शिक्षक भर्ती में एक छात्र शामिल है।

ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन कक्षाओं की भी व्यवस्था

प्रयागराज। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रयागराज के शहरी और ग्रामीण दोनो क्षेत्रों में मुख्यमंत्री अंभुदय योजना के अंतर्गत निशुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाई जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञा पांडे के मुताबिक इस स्कीम के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों के माध्यम से छात्रों को आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, एनडीए, सीडीएस, नीट और जे ई ई जैसी प्रतियोगिताओं की परीक्षा की तैयारी करने के लिए कोचिंग दी जा रही है। छात्रों को सिलेबस एवं क्वेश्चन बैंक भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं चलाने की भी व्यवस्था की जा रही। उन्हें ऑनलाइन स्टडी मटेरियल भी दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत केवल कोचिंग ही नहीं बल्कि छात्रों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। विभिन्न सेवाओं में चयनित अधिकारियों द्वारा इनको मार्गदर्शन का द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

ट्रांसफार्मर खराब होने से घंटों गुल रही बिजली

जौनपुर (खेतासराय) विद्युत उपकेंद्र खेतासराय का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की आधी रात को अचानक खराब हो गया। जिससे नगर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। पूरे नगर में बिजली आपूर्ति ठप होने से नगर के लोग बेहाल हो गए।

33/11विद्युत उपकेंद्र खेतासराय (बादशाही) का पैनल चलाने के लिए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है। रात लगभग 12 बजे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिससे ब्रेकर काम न करने पैनल बंद हो गया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-आक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोनः लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:** CatgGMUSMU07-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 03-07-2024 समय 17:36 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 18-07-2024 समय 13:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 18-07-2024 समय 14:20 बजे। **नीलामी का प्रकारः** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः** E-Auction Module of *www.ireps.gov.in*

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-76 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई- निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **31.07.2024** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि** का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। **डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉज़िट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

	निविदा सूचना संख्या		06302024 दिनांक 05.07.2024
1	कार्य का नाम	1	सहायक मण्डल इंजीनियर –जौनपुर/उ०रे०/लख० के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/रेल पथ–शाहगंज के परिक्षेत्र में शाहगंज–अकबरपुर की डबलिंग के बचे हुए कार्य तथा ट्रैक के रखरखाव को किये जाने का कार्य।
		2	लखनऊ मण्डल में टंग रेल तथा एस०ई०जे० की पुनर्संरचना का कार्य
2	अनुमानित लागत	1	रू0. 1,28,04,321.05
		2	रू. 52,61,624.82
3	धरोहर राशि	1	रू. 2,14,000.00
		2	रू. 1,05,200.00
4	कार्य की समापन अवधि	क्रम सं0 01 के लिए	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह।
		क्रम सं0 02 के लिए	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह।
5	निविदा डालने का प्रारंभ	क्रम सं0 01 तथा 02 के लिए	17.07.2024
6	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	क्रम सं0 01 तथा 02 के लिए	31.07.2024 15:00 बजे
7	वेबसाईट	www.ireps.gov.in	

नोटः– 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नयी दिल्ली का पत्र सं0 **74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015. 2060/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

5 साल में पैदा हुईं 8 करोड़ नौकरियां, श्रम मंत्रालय ने बताया कहां से आया इतना रोजगार

नई दिल्ली। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) और स्टार्टअप्स भारत में नौकरियां पैदा करने में प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। यह जानकारी श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने दी है। उनका कहना है कि इन दोनों ने मिलकर पिछले पांच साल में करीब आठ करोड़ नई नौकरियां पैदा की हैं। ग्लोबल कैपिबिलिटी सेंटर आमतौर पर दुनियाभर के संगठन बनाते हैं। इसका मकसद वैश्विक प्रतिभा, संसाधनों और विशेषज्ञता का सही तरीके से इस्तेमाल करना होता है। ये अमूमन बड़े कॉर्पोरेशन का हिस्सा होते हैं और ऋ×ष्ठ, आईटी सर्विसेज, बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, इंजीनियरिंग सर्विसेज जैसी कई सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। श्रम मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा भारतीय उद्योग परिसंघ

(सीआईआई) और एम्प्लॉयर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएफआई) के बोल रही थीं। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) का हवाला देते हुए 5 साल में 8 करोड़ रोजगार पैदा होने की बात कही। डावरा ने श्रम कानूनों को अपराधमुक्त करने और महिला कार्यबल भागीदारी बढ़ाने जैसे सुधारों का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने व्यापार को आसान बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। डावरा ने कहा, सामाजिक सुरक्षा और श्रम कल्याण जैसे सुधारों से भारत में समावेशी विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, 29 श्रम कानूनों को चार श्रम कानूनों में संहिताबद्ध किया गया है। एक राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल सक्रिय है और कौशल मंत्रालय से डेटा एकीकृत किया जा रहा है। डावरा ने कहा कि भारत में 1 करोड़ गिग वर्कर हैं और साल 2030 तक गिग इकोनॉमी से करीब 2.4 करोड़ लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। गिग वर्कर का मतलब ऐसे कर्मचारियों से हैं, जो स्थायी कर्मचारी नहीं होते। ये लोग फ्रीलांसर या फिर काफी कम समय के कॉन्ट्रैक्ट पर काम करते हैं। जैसे कि जोमैटो या स्विगी जैसे ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म के डिलिवरी ब्वॉय और ओला-उबर से जुड़े ड्राइवर। गिग कर्मचारी अर्थव्यवस्था के सर्विस सेक्टर का अहम हिस्सा होते हैं। यह क्षेत्र लगातार तेजी से बढ़ रहा है। डावरा ने कहा कि सरकार ने नौकरियों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है। उन्होंने कहा कि एआई पर हमें किसी नतीजे पर पहुंचने से और भी ज्यादा स्टडी करने की जरूरत है।

भारतीय शेयर मार्केट में फिर बढ़ रहा विदेशी निवेशकों का भरोसा

नई दिल्ली। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में नई दिलचस्पी दिखाई है, जुलाई के पहले सप्ताह में उन्होंने 7,962 करोड़ रुपये (.1.03 बिलियन) का शुद्ध निवेश किया है। इस सकारात्मक प्रवाह के साथ ही 2024 में भारत में कुल एफपीआई निवेश 1,03,934 करोड़ रुपये (.13.5 बिलियन) हो गया है। इस महीने एफपीआई प्रवाह देखने वाला भारत अकेला उभरता हुआ बाजार नहीं था। इंडोनेशिया ने 127 मिलियन अमेरिकी डॉलर, मलेशिया ने 81 मिलियन अमेरिकी डॉलर और फिलीपींस ने 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मामूली प्रवाह देखा। जुलाई के पहले सप्ताह में रिकॉर्ड तोड़ 927 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ दक्षिण कोरिया सबसे आगे

रहा। हालांकि, थाईलैंड और वियतनाम ने इस प्रवृत्ति को तोड़ते हुए क्रमशः 69 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का शुद्ध बहिर्वाह देखा। बाजार विश्लेषक भारत में सकारात्मक रुझान का श्रेय आगामी केंद्रीय बजट को लेकर आशावाद को देते हैं। अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत सरकारी समर्थन की उम्मीदें निवेशकों की भावना को बढ़ा रही हैं। इसके अतिरिक्त, आईटी सेवा कंपनियों के लिए आगामी QvFY25 आय सीजन रुचि पैदा कर रहा है। हालांकि, विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि एफपीआई प्रवाह अस्थिर रहने की संभावना है। यह हालिया प्रवाह एफपीआई बहिर्वाह के दो महीने के रुझान को उलट देता है। जून में एक बदलाव देखा गया, जिसमें एफपीआई ने चुनाव परिणामों से प्रेरित शुरुआती बिकवाली के बाद भारतीय इक्विटी में 26,565 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

पंजाब नेशनल बैंक समेत पांच बैंकों पर गिरी आरबीआई की गाज, लगा तगड़ा जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई के पहले हफ्ते में नियमों का सही तरीके से न करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक समेत पांच बैंकों पर जुर्माना लगाया है। पीएनबी पर1.31 करोड़ रुपये जुर्माना लगा है। केंद्रीय बैंक का कहना है कि पीएनबी ने 'अपने ग्राहक को जानो' और ऋण और अग्रिम से जुड़े कुछ निर्देशों को नजरअंदाज किया, जिसके चलते उस पर जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति की जांच की थी। उसमें कुछ गड़बड़ी मिली और उसने पीएनबी को नोटिस जारी किया था। आरबीआई ने पीएनबी से पूछा था कि निर्देशों का पालन करने में नाकाम रहने के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। पीएनबी ने आरबीआई की नोटिस का जवाब दिया। साथ ही, व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान भी मौखिक दलीलों के जरिए अपना पक्ष रखा।

उद्योगों में बढ़ेगी महिलाओं की हिस्सेदारी, सरकार ने औद्योगिक संगठनों को दी खास हिदायत

नई दिल्ली। सरकार अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी के लिए कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना चाहती है। श्रम मंत्रालय ने सभी

औद्योगिक संगठनों को इस दिशा में पहल करने के लिए कहा है। मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक, बड़े औद्योगिक संगठनों के साथ एमएसएमई से जुड़े संगठनों को भी इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कहा गया है। अभी भारत के कार्य बल में महिलाओं की भागीदारी 37 प्रतिशत है, जबकि विश्व बैंक के मुताबिक वैश्विक स्तर पर महिलाओं की औसत भागीदारी 47.3 प्रतिशत है। चीन के कार्य बल में महिलाओं की भागीदारी 60 प्रतिशत तो ब्रिटेन में 72 प्रतिशत है। विशेषज्ञों का कहना है कि 2030 तक भारत अपनी जीडीपी को सात ट्रिलियन डॉलर के पास ले जाना चाहता है और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना यह संभव नहीं है। मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से आगे बढ़ रहे वियतनाम में महिलाओं की भागीदारी 68 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। यही वजह है कि कुछ माह पहले श्रम मंत्रालय ने औद्योगिक इकाइयों से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए शपथ लेने को कहा था। हालांकि, औद्योगिक इकाइयों के लिए महिलाओं की भागीदारी के लिए कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटप्राइजेज (फिस्मे) के महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर मंत्रालय का पत्र प्राप्त हुआ है। लेकिन उत्तर भारत में चुस्त कानून व्यवस्था के अभाव में मैन्युफैक्चरिंग में महिलाओं की भागीदारी नहीं बढ़ पा रही है। दक्षिण भारत की कई मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में महिलाओं की संख्या पुरुष से अधिक है। ओला इलेक्ट्रिक की एक इकाई का पूरा संचालन महिलाओं के हाथों में है। भारत में महिलाएं मुख्य रूप से कृषि सेक्टर में काम करती हैं। शहरी क्षेत्र के कार्य बल में महिलाओं की भागीदारी अभी 25 प्रतिशत ही पहुंच पाई है।

सेविंग अकाउंट मिलने वाले ब्याज पर बढ़ेगी टैक्स छूट की सीमा? जनता के साथ बैंकों को भी होगा फायदा

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जुलाई के तीसरे हफ्ते में केंद्रीय बजट 2024 पेश करने वाली हैं। इससे हर वर्ग की काफी उम्मीदें जुड़ी हैं। बैंकिंग सेक्टर भी आस लगाए बैठा है कि सरकार आम जनता को कुछ ऐसी राहत दे, जिससे लोग बैंक में पैसे जमा करने के लिए प्रोत्साहित हों। दरअसल, पिछले कुछ साल बैंकों को डिपॉजिट-लोन ग्रोथ का आंकड़ा गड़बड़ा रहा है। इसका मतलब कि जनता ने बैंकों से कर्ज लेना तो ज्यादा किया है, लेकिन वह अपने पैसे बैंक में जमा करना कम कर रही है। इससे बैंकों की मुसीबत बढ़ रही है, क्योंकि अगर बैंक में पैसे जमा ही नहीं होंगे, तो वे लोन देने वाली रकम कहां से लाएंगे। बैंक चाहते हैं कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट 2024 में बजत खातों से मिलने वाले ब्याज पर टैक्स कटौती की लिमिट को बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दें। इससे लोग सेविंग अकाउंट में पैसे जमा करना बढ़ा सकते हैं। अभी यह आयकर अधिनियम की धारा 80ञ्ज्ञ के तहत बचत खाते से सालाना 10 हजार रुपये की ब्याज आय टैक्स फ्री है। सीनियर सिटिजन यानी 60 साल या इससे अधिक आयु के लोगों के यह सीमा 50,000 रुपये है और इसमें धारा 80 टीटीबी के तहत सावधि जमा से ब्याज आय शामिल है।

कॉशियो को एंटलर, 8आई वेंचर्स और अन्य के समर्थन से मिली 6.5 करोड़ रुपए की प्री-सीड फंडिंग

कानपुर । टेलीमैटिक्स क्षेत्र के स्टार्टअप, कॉशियो ने प्री-सीड फंडिंग में 6.5 करोड़ रुपए की प्री-सीड बढ़ोतरी दर्ज की है। इक्विटी और डेट के मिश्रण वाली यह फंडिंग एंटलर, 8आई वेंचर्स और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा दी गई। इस दौरान, कॉशियो पर भरोसा करने वाले ग्राहकों और जाने-माने एंजेल इन्वेस्टर्स की अतिरिक्त भागीदारी भी दर्ज की गई। कॉशियो की स्थापना नम्मा यात्री, बाउंस और बाउंस इन्फिनिटी के पूर्व सीनियर एग्जीक्यूटिव अंकित आचार्य तथा वर्चुअलनेस, ड्रीम11 और अर्बन कंपनी के पूर्व सीनियर इंजीनियर प्रांजल नधानी द्वारा की गई थी। यह कंपनी भारत के मोबिलिटी और ट्रांसपोर्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा मुद्दों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। कॉशियो भारत में सुरक्षा मुद्दों के समाधान के लिए किफायती वीडियो टेलीमैटिक्स प्रोडक्ट्स पेश करता है। अनुकूलन योग्य डैश कैम डिवाइसेस और एआई-पॉवर्ड ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ, कॉशियो जवाबदेही सुनिश्चित करता है, ड्राइवर के व्यवहार में

सुधार करता है, राजस्व हानि को कम करता है और एपीआई-प्रथम स्ट्रेटेजी को अपनाता है। अंकित आचार्य, को-फाउंडर और सीईओ कॉशियो ने कहा भारत में टेलीमैटिक्स का काफी तेज गति से विस्तार हो रहा है। जीपीएस, ब्लूटूथ और पोर्टेबल नेविगेशन से लेकर एम्बेडेड कनेक्टिविटी तक में तेजी आई है। शुरू में, हमारा ध्यान निष्क्रिय सड़क सुरक्षा उपायों पर था, लेकिन दुर्घटना की उच्च दर को देखते हुए, अब सक्रिय वास्तविक समय प्रतिक्रिया पर जोर दिया जा रहा है। वैश्विक सड़क मृत्यु दर में भारत पहले स्थान पर है। वर्ष 2022 में भारत में 1,68,491 मौतें हुईं। इनमें से 70 प्रतिशत लोगों की मौत तेज़ गति से वाहन चलाने की वजह से हुई। इस दौरान, लगभग 4.4 लाख लोगों को चोटें आईं। कमर्शियल व्हीकल सेक्टर की बढ़ती माँग को देखते हुए, वीडियो टेलीमैटिक्स और डैश कैम का प्रयोग बढ़ा है।

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं एनवीडिया ने एमओयू साईन करने की घोषणा की

नई दिल्ली। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईइटी) ने एनवीडिया (एनवीडिया) के साथ एक एमओयू साईन करने की घोषणा की, जिसके तहत एनवीडिया (एनवीडिया) एआई यूनिवर्सिटी प्रोग्राम के तकनीकी सहयोग से थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस (टीएसऐएआई) की स्थापना की जाएगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया भर के उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है, शिक्षा के भविष्य को नया रूप दे रही है और जीवन को बदल रही है। टीआईइटी और एनवीडिया के बीच एमओयू के तहत, थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस की स्थापना टीआईइटी के पटियाला कैंपस में की जाएगी। इस इनोवेटिव इनिशिएटिव का उद्देश्य छात्रों और संकाय दोनों को एआई कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए कॉम्प्रेहेंसिव एकेडमिक प्रोग्राम, रिसर्च ओपोर्चुनिटी और इनोवेशन प्रोजेक्ट प्रदान करना है। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ.



पद्मकुमार नायर ने कहा, हम एनवीडिया के तकनीकी सहयोग से इस एआई स्कूल की स्थापना करने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। यह कार्य न केवल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटेगा बल्कि इस परिवर्तनकारी क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह हमारे दृष्टिकोण को और भी सुदृढ करता है जो भविष्य के लिए तैयार छात्रों को शिक्षा प्रदान करने का है। एनवीडिया के एशिया साउथ के प्रबंध निदेशक विशाल धूपर ने कहा, ग्लोबल एआई एजुकेशन इनिशिएटिव में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में, थापर इंस्टीट्यूट पूरे भारत में एआई विशेषज्ञों की एक नई पीढ़ी को तैयार करने के लिए अत्याधुनिक एनवीडिया तकनीकों को एक साथ लेकर आएगा। नया एआई स्कूल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटने में मदद करेगा और उद्योग में शानदार रिसर्च और इनोवेशन का रास्ता मजबूत करेगा।

टीआईइटी जेनरेटिव एआईके विकास और तैनाती के लिए एनवीडिया ष्ठत्रङ्ग सिस्टम, एनवीडिया ॥100 टेंसर कोर जीपीयूह्य, एनवीडिया, 100 टेंसर कोर जीपीयू और एनवीडिया एआईएंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए अत्याधुनिक एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करेगा। यह समर्पित डेटा केंद्र लगभग 8 टेराबाइट जीपीयू मेमोरी के साथ 227 पेटाफ्लॉप्स एआईप्रदर्शन प्रदान करेगा।

थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआईएंड डेटा साइंस (टीएसऐएआई) की प्रमुख विशेषताएं: शैक्षणिकः एआई में एक नया स्नातक इंजीनियरिंग कार्यक्रम विकसित करना। सभी कार्यक्रमों में एआई वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रदान करना।

होरिबा ने भारत के सबसे बड़े मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स विनिर्माण इकाइयों में से एक विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया

नागपुर। हमारे जीवन के लिए आवश्यक ऊर्जा और पर्यावरण, बायो एवं हेल्थकेयर और मैटेरियल एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्रों के लिए एनालिटिकल उपकरण एवं मेज़रमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली क्योटो स्थित जापान के अग्रणी होरिबा लिमिटेड (ञ्जड्डस्श्व 6856) समूह की कंपनी होरिबा इंडिया ने नागपुर के बुटीबोरी में आज अपनी अत्याधुनिक मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। यह इकाई आत्मनिर्भर भारत और विश्व के लिए मेड इन इंडिया के विज़न के अनुरूप है और यह भारत के सबसे बड़े मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स (रीजेंट्स) विनिर्माण इकाइयों में से एक होगी। चरणबद्ध तरीके से करीब 200 करोड़ रुपये (3.8 अरब जापानी येन) के निवेश से नागपुर की यह इकाई पूरे भारत में 30,000 से अधिक डायग्नोस्टिक लैब्स और अस्पतालों को सेवाएं देगी और यह भारत में होरिबा का तीसरा सबसे महत्वपूर्ण निवेश है जिससे टियर-2 शहरों में रोजगार के अवसरों का सृजन करने की इसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। होरिबा लिमिटेड का वैश्विक कारोबार 2.3 अरब डॉलर है। सेलेब्रेटिंग हॉनमैमन÷ थीम पर आयोजित इस उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस, होरिबा लिमिटेड के चेयरमैन एवं ग्रुप सीईओ अत्सुशी होरिबा, होरिबा लिमिटेड, जापान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और होरिबा इंडिया के चेयरमैन डाक्टर जय हकु और होरिबा लिमिटेड, जापान के कॉरपोरेट ऑफिसर और होरिबा इंडिया के अध्यक्ष डाक्टर राजीव गौतम उपस्थित थे। हॉनमैमन एक जापानी शब्द है जो प्रामाणिकता और उत्कृष्टता को द्योतक है और यह होरिबा का इसकी टेक्नोलॉजी और मानव संपत्ति के प्रति इसका समर्पण परिलक्षित करता है। होरिबा लिमिटेड के चेयरमैन एवं ग्रुप सीईओ श्री अत्सुशी होरिबा ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा, होरिबा इंडिया की नागपुर इकाई भारत और जापान के संबंधों

को मजबूत करने, भारत के बायो एवं हेल्थकेयर क्षेत्र में योगदान करने की दिशा में हमारी यात्रा और मेक इन इंडिया को लेकर हमारी प्रतिबद्धता में एक बड़ा मील का पत्थर है। यह इकाई नवप्रवर्तन एवं उत्कृष्टता को लेकर हमारे समर्पण का एक प्रमाण है। हमारा लक्ष्य ना केवल स्थानीय स्तर पर विश्वस्तरीय मेडिकल उपकरणों का विनिर्माण करना है, बल्कि होरिबा इंडिया टेक्निकल इंस्टीट्यूट के जरिए समग्र प्रशिक्षण एवं विकास उपलब्ध कराना है। करीब 50,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में इस अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई में ब्लड डायग्नोस्टिक्स, क्लिनिकल केमिस्ट्री उपकरण और मेडिकल कंज्यूमेबल्स (रीजेंट्स) के लिए एक मेडिकल उपकरण उत्पादन इकाई शामिल है। इस नागपुर इकाई में होरिबा इंडिया टेक्निकल इंस्टीट्यूट भी शामिल हो जो नागपुर विश्वविद्यालय की साझीदारी में बायोमेडिकल लर्निंग प्रोग्राम्स की पेशकश करता है।

हाथोंहाथ बिक रहे लग्जरी आवास, 2024 की पहली छमाही में 41 फीसदी बढ़ी सेल्स

नई दिल्ली। कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही के दौरान लग्जरी आवासों की बिक्री में मजबूत वृद्धि रही है। यही कारण है कि जनवरी-जून 2024 के दौरान कुल घरों की बिक्री में लक्जरी आवासों की हिस्सेदारी बढ़कर 41 प्रतिशत रही है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म नाइट फ्रेंक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। जनवरी-जून 2023 के दौरान कुल घरों की बिक्री में लग्जरी आवासों की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत थी। एक करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य वाले घरों की लग्जरी कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की पहली छमाही के दौरान देश के आठ प्रमुख शहरों में कुल आवासीय बिक्री में 11 प्रतिशत की वृद्धि रही है। इस दौरान कुल 1,73,241 आवासों की बिक्री हुई है। पहली छमाही में कुल बिक्री में बजट आवासों की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत रही है जो 2023 में समान अवधि में 32 प्रतिशत थी। इस दौरान मुंबई में 47,259, एनसीआर में 28,998 और बेंगलुरु में 27,404 आवासों की बिक्री हुई है। कुल आवासीय बिक्री में इन तीनों शहरों की हिस्सेदारी करीब 59 प्रतिशत रही है। नाइट फ्रेंक इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक गुलाम जिया का कहना है कि पहली छमाही में 1.73 लाख से ज्यादा आवासों की बिक्री हुई है जो एक दशक का उच्च रिकॉर्ड है। प्रीमियम श्रेणी में मजबूत मांग के चलते यह वृद्धि हुई है। 2018 की पहली छमाही में कुल बिक्री में प्रीमियम श्रेणी की 15 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 34 प्रतिशत हो गई है। हमें उम्मीद है कि पूरे वर्ष के दौरान बिक्री में मजबूती का रुख बना रहेगा। इससे पहले रिपोर्ट आई थी कि संपत्ति की कम कीमतों और वृद्धि की संभावनाओं के दम पर मझोले शहरों ने बड़े शहरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। किफायती आवास के कारण मझोले शहरों में बढ़ते मध्यम वर्ग के लिए अपना मकान खरीदने का सपना साकार हो रहा है।

सैमसंग इंडिया ने सॉल्व फॉर टुमॉरो की 100 टीमों की पहली सूची जारी की

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी एक बड़ी सीएसआर पहल - %सॉल्व फॉर टुमॉरो के लिए 100 टीमों को शॉर्टलिस्ट करने की घोषणा की है। यह पहल देशभर में नए-नए आविष्कार करने के सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस शॉर्टलिस्ट में स्कूल और यूथ ट्रैक से 50-50 टीमें शामिल हैं जो अब राष्ट्रीय शिक्षा और नवाचार प्रतियोगिता में आगे प्रतिस्पर्धा करेंगी।

इस वर्षशॉर्टलिस्टिंगक्षेत्रीय स्तर पर की गई है। इससे इस प्रतियोगिता को देश के सुदूर इलाकों जैसे कि ओडिशा कचर में खुर्दा और असम में कामरूप ग्रामीण और गुजरात में अमरेली में रहने वाले भारतीय इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी तक पहुंचने में मदद मिल सके। यूथ ट्रैक में 'पर्यावरण और स्थिरता' विषय को कवर करने वाले टॉप 50 आइडियाज़ न केवल गैर- परंपरागत हैं, बल्कि इन्हें भविष्य को ध्यान रखकर लाया गया है। वनों की कटाई, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, समुद्री प्रदूषण, कार्बन उत्सर्जन, अनसस्टेनेबल पैकेजिंग और खराब जल प्रबंधन जैसे मुद्दे युवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में सामने आए हैं। दूसरी ओर, 'स्कूल' ट्रैक ने 'समुदाय और समावेशन 'थीम के तहत अपने विचार पेश किए हैं। उनके विचार स्कूली छात्रों में मानसिक बीमारी, स्त्रक्ष्क्त समुदाय के लिए समावेशी माहौल की कमी, समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों में डिजिटल साक्षरता की खराब स्थिति और नौकरी के लिए तैयार होने के लिए एकेडेमिक शिक्षा और तकनीकी कौशल के बीच मौजूदा अंतर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधानों पर केंद्रित हैं। 100 टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 232 प्रतिभागी अब 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' प्रतियोगिता के अगले चरण के लिए तैयार होंगे। यहां उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के जरिए प्रजेंटेशन और असरदार ढंग से बात करने के कौशल से लैस किया जाएगा। इससे उन्हें जुलाई के मध्य में शुरू होने वाले रीजनल राउंड की तैयारी में मदद मिलेगी। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा ÷सैमसंग का मानना है कि हमारे युवाओं में सकारात्मक सामाजिक बदलाव लाने की अपार शक्ति और क्षमता है। हमारे प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम %सॉल्व फॉर टुमॉरो ने इस साल पहली बार स्कूली छात्रों के लिए उनके खास कौशल और विचारों को ध्यान में रखते हुए एक नई कैटेगरी बनाई है। विचारों की गुणवत्ता में सुधार उनकी रचनात्मकता और नई सोच का प्रमाण है। इस साल पहली बार, हमने पांच क्षेत्रों - उत्तर, दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और उत्तर-पूर्व के सुदूर इलाकों में भी जाने का फैसला किया है, इससे देश के दूरदराज के क्षेत्रों से भी भागीदारी बढ़ेगी। हमें कुछ बहुत ही अच्छी तरह से व्यक्त किए गए विचार मिले हैं, और युवाओं से इस तरह की प्रस्तुतियां और विचारों की स्पष्टता देखना अविश्वसनीय रूप से प्रेरणादायक है।

आईआईटी-दिल्ली के एफआईटीटी के एमडी प्रो. प्रीति रंजन पांडा ने कहा, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो इस साल पर्यावरण, समुदाय और समावेशन जैसे विषयों को सपोर्ट करने का उद्देश्य लेकर चल रहा है। अलग-अलग ट्रैक - यूथ और स्कूल ने सभी प्रतिस्पर्धी टीमों को समान अवसर और एक समान मंच दिया है। देश भर के युवा दिमागों से इस तरह के विचारोत्तेजक विचारों को आते देखना एक शानदार अनुभव है। सैमसंग के साथ मिलकर, हमारा प्रयास अगली पीढ़ी में समस्या-समाधान की मानसिकता को प्रोत्साहित करना है जो देश में स्टार्ट-अप के क्षेत्र को बेहतर बनाने में उत्प्रेरक का काम करेगी।

अगले चरण में पांच क्षेत्रों - उत्तर, पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर-पूर्व - से दो टीमों का चयन किया जाएगा, जिससे 20 टीमों का राष्ट्रीय पूल बनेगा। इसमें से टॉप 20 टीमों को अपने तकनीकी और सॉफ्ट कौशल को बेहतर बनाने के लिए सैमसंग और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा कठोर मेंटरशिप कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रशिक्षण की एक गहन प्रक्रिया से गुजरना होगा। ये टीमें गुरुग्राम में सैमसंग क्षेत्रीय मुख्यालय और भारत भर में सैमसंग के आरएंडडी सेंटर्स पर इनोवेशन वॉक में भी भाग लेंगी।

इस वर्ष, सॉल्व फॉर टुमॉरो कार्यक्रम में दो अलग-अलग ट्रैक पेश किए गए - स्कूल ट्रैक और यूथ ट्रैक, जिनमें से प्रत्येक एक खास थीम को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है और अलग-अलग आयु वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। दोनों ट्रैक एक साथ चलते हैं, जिससे सभी छात्रों के लिए समान अवसर और एक समान मंच मिलता है। स्कूल ट्रैक- स्कूल ट्रैक 14-17 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए बनाया गया है, जिसका थीम ÷समुदाय और समावेशन है। विजेता टीम को सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024 का ÷कम्युनिटी चैंपियन÷ घोषित किया जाएगा और प्रोटोटाइप के विकास के लिए 25 लाख रुपये की सीड फंडिंग मिलेगी। विजेता टीमों के स्कूलों को शैक्षिक पेशकशों को बढ़ावा देने और समस्या-समाधान मानसिकता को प्रोत्साहित करने के लिए सैमसंग प्रोडक्ट भी मिलेंगे।यूथ ट्रैक- युवा ट्रैक, 18-22 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसका थीम पर्यावरण और स्थिरता÷ है। विजेता टीम को सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024 का पर्यावरण चैंपियन घोषित किया जाएगा और उसे आईआईटी-दिल्ली में इनक्यूबेशन के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। विजेता टीमों के कॉलेजों को सामाजिक उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी शैक्षणिक पेशकश को बढ़ावा देने के लिए सैमसंग प्रोडक्ट भी मिलेंगे।

सैमसंग इंडिया ने फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी),आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी की है।

नेपाल के बाल्मिकीनगर बैराज ने गंडक में छोड़े 5 लाख क्यूसेक पानी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जनपद में गंडक नदी में 5 लाख क्यूसेक पानी नेपाल के बाल्मीकिनगर बैराज से छोड़े जाने के कारण नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने वाला है, जिसके सम्बन्ध में जिला प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण तैयारी, राहत व बचाव हेतु उपाय किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुशीनगर व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामों शिवपुर, बसन्तपुर, मरचहवा, हरिहरपुर, नरायनपुर में राहत चौपाल का आयोजन किया गया।

उक्त के क्रम में बड़ी गण्डक नदी के किनारे आवासित समस्त ग्रामवासियों से जिलाधिकारी द्वारा अपील किया गया है कि जर्जर व बाढग्रस्त क्षेत्र के कच्चे मकान में रात्रि विश्राम न करें, बिजली के खम्भों से दूर रहे।

बिजली के उपकरणों का प्रयोग न करें, अपने जानवरों एवं उपयोगी सामान ऊँचाई पर सुरक्षित स्थानों पर रखें, विषधर जीवों (सॉप, बिच्छू आदि) से सतर्क रहे, बाढ़ आने पर किसी ऊँचे स्थान बन्धा या बाढ़ शरणालय में चले जायें, ड्यूटी पर लगे बाढ़ राहत अधिकारियों/कर्मचारियों के निर्देशों का अनुपालन करें, किसी भी आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन कुशीनगर के आपदा राहत कण्ट्रोल रूम का नम्बर-05564-240590 तथा मो0नं0 9454416282 एवं टोल फ्री नम्बर-1077 पर सम्पर्क करें।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का अपमान कांग्रेस के कार्यकर्ता कतई नहीं करेंगे बर्दाश्तः गौरव

अवधनामा संवाददाता

कौशाम्बी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन एवं नीट यूजी 2024 की प्रमुख परीक्षाओं के पेपर लीक के संदर्भ में 6 जुलाई को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी ने जोरदार धरना प्रदर्शन सभा करके भाजपा सरकार और उनके लोगों के कार्यों का विरोध किया और ज्ञापन सौपा है कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अपने नेता संसाद जननायक राहुल गांधी के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा दुर्व्यवहार एवं पुतला दहन को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

कौशांबी जिले में जिला अधिकारी कार्यालय कौशांबी का घेराव कर उप जिला अधिकारी जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार 54 बार से ज्यादा पेपर लीक होना

बहुत ही निंदनीय है। जिसकी हम सभी जिला कांग्रेस कमेटी विरोध करते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि यह सरकार निकम्मी और नाकारा है यह छात्र युवा किसान और महिला विरोधी है जिस तरह से इस सरकार में इतना ज्यादा पेपर लीक हो रहे हैं यह साफ-साफ दर्शाता है कि यह सरकार बहुत ही भ्रष्ट सरकार है जिलाध्यक्ष ने कहा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के घर पर जिस प्रकार से भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हमारे नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया है वह बहुत ही निंदनीय और अपमानित घटना है! जिसका हम सभी जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता एवं नेता पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। इस संदर्भ में कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम ने कहा हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का अपमान हम सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे हम सभी सड़क से लेकर सदन तक इस लड़ाई को पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे और भाजपा सरकार के इशारे पर चल रही प्रशासन व पुलिस प्रशासन का पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा नरेंद्र मोदी की सरकार बहुत ही निकम्मी और नाकारा है उन्होंने कहा कि हाथरस में जो घटना हुई है उसमें सभी मृतक श्रद्धालुओं के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं एवं उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग करते हैं कि इस घटना के पूर्ण रूप से दोषी बाबा की गिरफ्तारी हो व सभी मृतक के परिवारों को सरकार की तरफ से मुआवजा दिया जाए। इसी क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि जिला केंद्रीय कार्यालय कौशांबी में कौशांबी कार्यकर्ताओं के द्वारा मनाया गया।

नगरीय निकायों में शुद्ध जलापूर्ति एवं नालों नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। उप्र राज्य नगरीय विकास अधिकारी (सूडा) के निदेशक डॉ अनिल कुमार द्वारा शनिवार को जनपद अमेठी के भ्रमण के दौरान नगर पालिका परिषद गौरीगंज व जायस में नालों नालियों की साफ-सफाई की व्यवस्था तथा जनसामान्य हेतु शुद्ध जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा नगर पालिका परिषद जायस व गौरीगंज में नालों नालियों की सफाई व्यवस्था की हकीकत देखी गई एवं नालों नालियों तथा सड़कों को साफ सुथरा रखें जाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के दृष्टिगत कहीं पर भी जल भराव की समस्या ना रहे। इसके उपरांत उन्होंने निरीक्षण भवन गौरीगंज में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा परियोजना अधिकारी डूडा समस्त अधिशासी अधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक शहरी के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम व एसपी ने देवीपाटन मंदिर का किया निरीक्षण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दृष्टिगत शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थानाक्षेत्र अमेठी के अन्तर्गत देवीपाटन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। कल 07 जुलाई 2024 को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हनुमान गढ़ी कस्बा अमेठी से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर तिराहा ददन सदन चौराहा गांधी चौक से होते हुए देवीपाटन मंदिर तक जायेगी। इस दौरान ड्यूटी में लगने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने व रथ यात्रा को सकुशल संम्पन्न कराने के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

शिकायती पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः डीएम

डीएम की अध्यक्षता में सदर तहसील पडरौना आयोजित था सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में सदर तहसील पडरौना सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों यथा आबादी, बैनामा, अवैध कब्जा, अन्य प्रकरणों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए।

उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस के उपरांत सभी अधिकारी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आज ही फील्ड में जाकर

निस्तारण करने का प्रयास करें। कहा कि आजकल बरसात का मौसम है वॉटर लॉगिंग, बंधा, नहर आदि कटने की समस्या जहां कहीं भी हो उसे तत्काल निस्तारित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में पानी भर गया हो या जमा हो गया हो उसे बंद करवाए तथा अधिशासी अभियंता विद्युत पडरौना को निर्देशित किया कि शॉर्ट सर्किट, ट्रांसफार्मर, लाइन फॉल्ट आदि समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें तथा आम जनमानस को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करें। सभी अधिकारी अटैंटिव (सतर्क, चौकन्ना) तथा सक्रिय होकर कार्य करें तथा प्रोएक्टिव होकर जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी आम जनमानस को राहत की आवश्यकता है तुरंत बचाव एवं राहत कार्य करें। किसी का घर गिरने वाला हो तो तुरंत खाली कराए, आइजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण में गंभीरता लाएं तथा सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीनस्थों के द्वारा निस्तारित किए गए प्रार्थना पत्रों को आवश्यक जांच करें।

अगर किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराए। कृषि, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, पुलिस, बाढ़ खंड, सिंचाई तथा राजस्व विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड में रहे। सभी प्रार्थना पत्रों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें, अगर नियमों के अंतर्गत उन्हें संतुष्ट नहीं कर सकते हैं तो तत्काल प्रार्थी को

कृषि, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, पुलिस, बाढ़ खंड, सिंचाई तथा राजस्व विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड में रहे : डीएम

अवगत अवश्य कराएं। सभी अधिकारी नियुक्ति स्थल पर ही निवास करें तथा सभी विभाग के अध्यक्ष प्रतिदिन 10 बजे से रोज जनता दर्शन पर बैठे और जनता को सुने व प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करें। एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायती पत्रों को गुणदोष के आधार पर निस्तारण का निर्देश दिया।

67 मामलों में से मात्र 12 का निस्तारण- आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 34 में से 12 को तत्काल निस्तारित कराया गया एवं पुलिस विभाग के 14, विकास विभाग के 11, अन्य विभाग के 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, अवशेष 55 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

न्याय चला निर्धन के द्वार

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों कों निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत संजय कुमार सिंह , अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरिराम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मृदांशु कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगन्नाथ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजु कुमारी, सिविल जज (सी0डी0) विवेक कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुंदरपाल, अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लीगल डिफेन्स कांउसिल, बैंक कर्मी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मानक विहीन सड़क बनाने वाले ठेकेदार का रोका जाए भुगतान

कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता। नगर पालिका परिषद भरवारी के सभासद सूरज यादव ने अधिशासी अधिकारी भरवारी को ज्ञापन सौपते हुए कहा है कि मानक विहीन सड़क बनाने वाले ठेकेदार का भुगतान रोका जाए और सड़क का निर्माण मानक के अनुसार कराया जाए जिससे सड़क की गुणवत्ता बनी रहे और सड़क जल्द खराब ना हो। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर के चकमाहपुर में गणेश प्रसाद के घर से फूलचंद यादव के घर तक 35 मीटर सीसी सड़क 3 जुलाई को मानक विहीन बनाई गई मोहल्ले वालों के कहने के बावजूद भी बिना वाइब्रेटर चलाएं सीसी सड़क का निर्माण ठेकेदार बालाजी महाराज के द्वारा कराया गया पूर्व में भी जनवरी माह 2024 को यह सड़क मानक के विपरीत बनाने पर मोहल्ले के लोगों द्वारा विरोध किया गया था जिसकी जांच जेई मनोज कुमार द्वारा की गई लोगों का विरोध सही साबित हुआ सड़क मानक के विपरीत बनाई जा रही थी शनिवार को पुनः लोगों की शिकायत पर वार्ड नंबर 12 के पार्षद सूरज यादव ने कंप्रेसिंग स्ट्रेंथ व मानक की जांच होने तक भुगतान रोकने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भरवारी राम सिंह को ज्ञापन सौपा।

केंद्रीय राज्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

देवरिया अवधनामा संवाददाता। बांसगांव लोकसभा से निर्वाचित सांसद कमलेश पासवान को केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री बनाए जाने के बाद शनिवार को जनपद देवरिया में प्रथम बार आगमन पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के सुभाष चौक फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भव्य स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर एमएलसी डा रतनपाल सिंह, बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, संजय सिंह एडवोकेट, राजेश मिश्रा, महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, मोहन उपाध्याय, मनीष मल्ल, अक्षय प्रताप सिंह, रमेश वर्मा, दीनबंधु सिंह, दिलीप जायसवाल, गिरिजेश सिंह, मनीष सहाय, आशु सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

देवरिया अवधनामा संवाददाता। भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मजयंती के अवसर पर नई कालोनी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी फिटनेस पार्क में आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में जन्म लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिये कार्य किया, उन्होंने भारतीय राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को लेकर हमेशा संघर्ष किया। देश के लिये उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। भाजपा नेता पूर्व जिला मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, देश की एकता और अखंडता के लिये उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिनाथ त्रिपाठी, सत्येंद्र सिंह सोनू, विवेक मणि, नागेन्द्र कुमार, कृष्णा विश्वकर्मा, धन जी वर्मा, हरीश कुमार, सतीश मौर्य, सूरज त्रिपाठी उपस्थित रहे।

निरीक्षण में विद्यालय बंद पाए जाने पर संविलियन विद्यालय पकड़ी खास के प्रधानाध्यापक निलंबित

विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं शिक्षामित्र को अनुपस्थित पाये जाने के कारण वेतन अवरुद्ध कर स्पष्टीकरण किया गया जारी

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने प्रधानाध्यापक संविलियन विद्यालय पकड़ी खास (1-8). वि0क्षे0देवरिया सदर आरयेन्द्र कुमार राय को विद्यालय बन्द पाये जाने तथा बिना अवकाश स्वीकृति एवं बिना किसी ठोस कारण के विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं शिक्षामित्र को अनुपस्थित पाये जाने के कारण तथा प्रधानाध्यापक की स्वेच्छाचारिता, सौपे गये कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में की गयी घोर लापरवाही तथा विभागीय आदेशों / निर्देशों की अवहेलना के साथ-साथ उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली एवं अध्यापक सेवा नियमावली के सर्वथा विपरीत पाये जाने के दृष्टिगत निलंबित किया है। बीएसए ने बताया है कि निलम्बन अवधि में ब्लॉक संसाधन केन्द्र देवरिया सदर पर सम्बद्ध किया गया है। अनुशासनात्मक कार्यवाही के क्रम में प्रकरण की जांच हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी वि0क्षे0-पथरदेवा को जांच अधिकारी नामित कर निर्देशित किया गया है कि वे सम्बन्धित प्रधानाध्यापक के विरूद्ध परिलक्षित गम्भीर आरोपों के सम्बन्ध में प्रकरण की गम्भीरता पूर्वक जांच करते हुए पक्ष कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निलम्बन अवधि में आरयेन्द्र कुमार अपनी जांच आख्या 15 दिवस के अन्दर एवं इसके साथ इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि वे किसी अन्य सेवा योजना व्यवसाय-वृत्ति में नही लगे हैं तभी प्राविधानों के अनुसार नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय

होगा। बिना अवकाश स्वीकृति एवं बिना किसी ठोस कारण के विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं शिक्षामित्र को अनुपस्थित पाये जाने के कारण साक्ष्यमय स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इस विद्यालय के अवधेश स0अ0,यशवन्त सिंह स0अ0, वंदिता पाण्डेय स0अ0, रजनी तिवारी स0अ0 एवं प्रभा पाण्डेय शि0मि0 की अनुपस्थिति दिवस 06 जुलाई 2024 का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया गया है। समयान्तर्गत स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराये जाने की दशा में अथवा प्राप्त स्पष्टीकरण प्रभावी न होने की दशा में उनके विरूद्ध अध्यापक सेवा नियमावली, शिक्षक आचरण नियमावली व उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत अग्रिम अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी उनकी होगी।

ताजिया जुलूस में शांति बनाए रखने के लिए थाना अध्यक्ष तरकुलवा ने की अपील

तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता। नवागत थाना अध्यक्ष तरकुलवा मृत्युंजय राय के द्वारा पीस कमेटी की बैठक आज संपन्न हुई।फीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष तरकुलवा ने बताया कि आगामी त्यौहार को मद्दे नजर रखते हुए ताजिया के जुलूस में धारदार हथियार अराजक तत्व को किसी भी हाल में नहीं बकसा जाएगा। तरकुलवा पुलिस सदैव आपके साथ है आपके सहयोग में है, मैं आशा और विश्वास करता हूं कि आप भी हमारी पुलिस की मदद करेंगे। मनचले अगर गाड़ी को नाचते या घूमते मिले तो उनपर पुलिस की पहली नजर रहेगी। परंपरागत तौर तरीके पर ही निकलेगी जुलूस या ताजिया।उक्त अवसर पर नारायणपुर ग्राम सभा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सेराज अहमद, ग्राम प्रधान मठिया महाबल सतेंद्र गुप्ता,अवधेश कुशवाहा के साथ कांस्टेबल के रूप में शिवम सिंह उप निरीक्षक इजहार खान आदि लोगों उपस्थित थे।

बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। देवरिया से हाटा आ रहे युवक की बाइक बृहस्पतिवार की रात पटना मिश्रौली गांव के सामने हनुमान मंदिर के पास बिजली के खंभे में टकरा गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविंद्रनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव के 20 वर्षीय पवन कुमार प्रजापति पासपोर्ट बनवाने बृहस्पतिवार को बाइक से गोरखपुर गए थे। वहां काम निपटाने के बाद देवरिया चले गए। रात में देवरिया से हाटा के रास्ते घर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे हाटा कोतवाली के पटना मिश्रौली गांव के सामने हनुमान मंदिर के पास बिजली के खंभे से टकरा गए। इस घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गए। जब तक लोग उनकी मदद के लिए पहुंचे, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनकी पाकेट में मिले कागजात के आधार पर उनकी पहचान हुई और परिजनों को पुलिस ने सूचना दी। कोतवाली में पवन के पिता रामधारी ने शव की पहचान की। इंस्पेक्टर राज प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

तहसीलदार एसडीएम के कार्यालय का किया निरीक्षण

कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता। संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनने के बाद जिला अधिकारी ने तहसीलदार व एसडीएम के कार्यालय का निरीक्षण कर धारा 38, 40, 80 व अन्य फाइलों का मुआयना किया और स्थिति की जानकारी ली चुनाव के बाद डीएम का पहला संपूर्ण समाधान दिवस होने के नाते सैकड़ो लोग अपनी समस्या लेकर डीएम कौशांबी के पास पहुँचे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस चायल में छह का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

कौशाम्बी जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होने कानूनगो एवं लेखपालों से कहा कि नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए राजस्व से सम्बन्धित

जिलाधिकारी ने कृषकों को अरहर, उड़द एवं मूंग का मिनी बीज किट किया वितरित

कौशाम्बी जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को तहसील चायल सभागार में कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अन्तर्गत कृषक सोमदत्त मिश्रा धर्मेन्द्र कुमार कल्लन सिंह पुरुषोत्तम गिरजा प्रसाद राजकरन रामसेवक निरजंन सिंह योगेन्द्र सिंह एवं ओम प्रकाश को अरहर,उड़द एवं मूँग का मिनी बीज किट वितरित किया इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शिकायतों का तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राजाराम निवासी कसिया पूर्व ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि दबंग व भू-माफियाओं द्वारा उनकी पुश्तैनी भूमि पर जबरियन कब्जा करके निर्माण कार्य करा लिया है,जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शिकायतकर्ता समोधी लाल, निवासी-ग्राम अकबराबाद ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी पैतृक भूमि पर दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर लिया गया

डीएम एसपी ने चायल में सुनी शिकायते

कानूनगो एवं लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों का तत्काल निस्तारण करना करें सुनिश्चित

है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तहसील मंझनपुर में कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 125 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुषेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जनप्रतिनिधियों ने किया वृक्षारोपण

देवरिया अवधनामा संवाददाता। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को सदर सांसद शशांक मणि तथा रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कार्यकर्ताओं और वन विभाग के अधिकारियों के साथ कुशहरी में तथा सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ पुरवा में वृक्षारोपण कर आम जनमानस को पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया तथा सभी से आह्वान किया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सब लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, दिवाकर मिश्रा, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, संजय सिंह, बजरंगी मणि, नागेशपति तिवारी, रामनिवास पांडे, सिंकू बाबा, मनमोहन मिश्रा, विजय बेलदार, आशुतोष तिवारी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बीएसएनल का अभियान शुरू

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। सुलतानपुर पहुंचे पूर्वी उत्तर प्रदेश बीएसएनल के महाप्रबंधक महेश चंद्र सिंह ने बड़ा ऐलान किया है।बताया कि आगामी 3 महीने में बीएसएनएल की दशा दिशा सुधार कर जनता की जेब को राहत दिया जायेगा।4 प्रतिशत नेटवर्क से उत्तर प्रदेश की जनता को बड़ा तोहफा बी ए एस एन एल देने का रहा है। बीएसएनएल नेटवर्क घर-घर तक पहुंचने पर जोर रहेगा। उत्तर प्रदेश के पूर्वी जोन के मुख्य जनपदों का वे दौरा कर चुके हैं। जिले मे पांचवी मीटिंग की जा रही है।बीएसएनल का नया नारा बेहतर सेवा नया लक्ष्य बन गया है।अब देश की मार्केटिंग में चार कंपनियां सक्रिय हैं,देश के आखिरी बंदे को सर्विस देना हमारा लक्ष्य है,इसलिए हमने टैरिफ नहीं बढ़ाया है। मीडिया का बड़ा सहयोग रहता है,उनके माध्यम से बीएसएनल जनता से अपनी बात आसानी से कह सकती हैं। हमारा स्वदेशी माध्यम है, हम आत्मनिर्भर भारत बनाने में सबसे बड़े सहयोगी हैं। बी एस एन एल पूर्वी जोन में लगभग 1000 सिस्टम लगा चुका है।आगामी दिसंबर तक पूरे उत्तर प्रदेश में 4 प्रतिशत नेटवर्क सेवाओं में हम सबसे बेहतर होंगे। बताया कि बीएसएनल का 4 प्रतिशत सिम हम मुफ्त में बदल रहे हैं, हमने मिशन हंड्रेड डेज कार्यक्रम लॉन्च किया है, जिसे हम मिशन मोड में पूरा करने की तैयारी कर रहे हैं।फाइबर ऑप्टिक का हमारा प्लान भी सबसे बेहतर रहेगा और वह कॉपर की तरह चलेगा।सड़क नाली बनाने से कटी केबिलों को भी हम दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं।हम हमारे मोबाइल टावरों पर जनरेटर और बैटरी प्लांट भी दुरुस्त करवा रहे हैं,जिससे टावर या एक्सचेंज बंद ना हो,तथा जिससे नेटवर्क की समस्या दूर हो जाएगी। बीएसएनएल का गुणवत्तापूर्ण सुधार ही युवाओ को जोड़ेगा। बीएसएनल का नया मिशन है,दशा और दिशा परिवर्तन, यूपी ईस्ट में सबसे पहले अधिकारी और कर्मचारियों के साथ सर्कल को आगे ले जाना उनका लक्ष्य है। शहर में 100 टावर लगे हैं जिसमें से 17 चालू हो चुके हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे महरौनी मे सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

ललितपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा तहसील महरौनी में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना गया तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। राजस्व से संबंधित शिकायतों को पुलिस व राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर भेजकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह द्वारा तहसील पाली में जन समस्याओं को सुना गया तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। राजस्व से संबंधित शिकायतो को पुलिस व राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर भेजकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

अग्निकाण्ड से प्रभावित 99 व्यक्तियों के खातों में भेजी गई 7.05 लाख की धनराशि

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद अन्तर्गत विभिन्न तहसीलों के 99 अग्निदुर्घटनाओं से प्रभावित 99 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान/पशुहानि के रूप में रू. 7.05 लाख तथा 01 मृतक आश्रित के खाते में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 04 लाख की धनराशि 03 जुलाई 2024 को हस्तान्तरित की गई है। तहसील कैसरगंज अन्तर्गत अग्नि पीड़ित 34 व्यक्तियों के खातों में रू. 2.515 लाख, नानपारा में 23 व्यक्तियों के खातों में रू. 1.915 लाख, महसी में 17 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.84 लाख, पयागपुर में 13 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.945 लाख, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 09 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.55 लाख तथा सदर बहराइच अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान/पशुहानि के रूप में रू. 0.24 लाख तथा 01 मृतक आश्रित के खाते में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 04 लाख की घनराशि भेजी गई है। डीएम ने बताया कि तहसील सदर बहराइच के ग्राम जिगिनिया महिपाल सिंह में हुई जनहानि में मृतक सुजीत के वारिस जयचन्द्र पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम जिगिनिया महिपाल सिंह के खाते में रू. 04 लाख की अहैतुक सहायता तथा ग्राम अमीनपुर व धरसवां में अग्नि दुर्घटना से पीड़ित 02 व्यक्तियों के खातों में रू. 04-04 हज़ार की अहैतुक सहायता तथा ग्राम बिछला में अग्निकांड से प्रभावित 01 व्यक्ति के खाते में रू. 08 हज़ार की धनराशि गृह अनुदान के रूप में भेजी गई है। जबकि तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 20 हज़ार तथा तहसील पयागपुर अन्तर्गत 13 व्यक्तियों के खातों में गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 94.5 हज़ार की धनराशि भेजी गई है। इसी प्रकार तहसील नानपारा अन्तर्गत हुए अग्नि दुर्घटनाओं में ग्राम बल्दूपुरवा के 04 व्यक्तियों के खातों में रू. 20 हज़ार, ग्राम करौन्दा में 02 व्यक्तियों के खातों में रू. 10 हज़ार, ग्राम हरिहरपुरवा में 02 व्यक्तियों के खातों में रू. 09 हज़ार, ग्राम कोटया में 05 व्यक्ति के खातों में रू. 34 हज़ार, ग्राम चन्देलाकला में 02 व्यकित्यों के खातों में रू. 13 हज़ार, ग्राम बहोरिकापुर में 03 व्यक्तियों के खातों में रू. 21 हज़ार, ग्राम नानपारा देहाती में 01 व्यक्ति के खाते में रू. 05 हज़ार, ग्राम जमुनहा में 02 व्यक्तियों के खातों में रू. 13 हज़ार व ग्राम हुसैनीपुर में 02 व्यक्तियों के खातों में रू. 60.5 हज़ार की धनराशि अहैतुक सहायता/गृह अनुदान/ पशुहानि के रूप में भेजी गई है। तहसील महसी अन्तर्गत हुए अग्नि दुर्घटनाओं में ग्राम रमवापुर खुर्द में 01 व्यक्ति के खाते में रू. 04 हज़ार, ग्राम तुलापुर में 03 व्यक्तियों के खातों में रू. 18 हज़ार, ग्राम घुरेहरीपुर में 01 व्यक्ति के खाते में रू. 04 हज़ार, ग्राम टेण्डवाबसन्तपुर में 04 व्यक्तियों के खातों में रू. 19 हज़ार, ग्राम बहोरचा में 02 व्यक्तियों के खातों में रू. 13 हज़ार, ग्राम भवानीपुर में 02 व्यक्तियों के खातों में रू. 13 हज़ार, ग्राम साईगाव में 01 व्यक्ति के खाते में रू. 04 हज़ार, ग्राम भदवानी में 01 व्यक्ति के खाते में रू. 03 हज़ार के अतिरिक्त 04 अन्य पीड़ित व्यक्तियों के खातों में रू. 20 हज़ार की धनराशि अहैतुक सहायता के रूप में भेजी गई है।

अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई संगोष्ठी

बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में मा. सहकारिता एवं गृह मंत्री भारत सरकार श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में गॉधीनगर गुजरात में आयोजित 102वें अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के सभापति डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी, केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डार लि. के सभापति नन्हे लाल लोधी, जिला सहकारी विकास संघ लि. के सभापित/संचालकगण, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता संजीव कुमार तिवारी, सहायक विकास अधिकारी अपर जिला सहकारी अधिकारी, इफको व पीसीएफ के जिला प्रबन्धक, बी-पैक्स समितियों के सचिव/संचालक मण्डल सदस्य एवं जनपद के विभिन्न उन्होंने इफको के उत्पाद (नैनों उर्वरक) एवं जैविक उत्पादों को अत्यन्त उपयोगी बताते हुए सदस्यों का आहवान किया कि हमें सहकार के माध्यम से भारत को समृद्धि के पथ पर ले जाने का संकल्प लेना होगा।

रेडक्रॉस सोसायटी ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिला रेडक्रॉस सोसायटी शाखा ललितपुर द्वारा सीएमओ कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सोसायटी सचिव डा.एस.पी. पाठक ने कहा कि वर्षा के मौसम में वृक्षारोपण करना सबसे बड़ी राष्ट्रीय सेवा है। वर्तमान में आधुनिकीकरण की वजह से अनेक वृक्षों को काटकर कॉलोनियां बसाने के कारण जयवायु परिवर्तित हो गयी जो कि स्वास्थ्य के लिये अत्यंत हानिकारक है, जिसकी वजह से अनेक पक्षी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गये हैं तथा वृक्ष काटे जाने से वर्षा की मात्रा कम हो गयी है। अतएव हर व्यक्ति को अपने घर-आंगन में तथा आस-पास 01 वृक्ष प्रति वर्ष लगाना चाहिए। पीपल, आंवला, बरगद, पाकड़ नीम, आम इत्यादि वृक्षों का रोपण किया जाना चाहिए। एक मात्र पीपल का वृक्ष ऐसा है जो कि दिन-रात ऑक्सीजन देता रहता है और वातावरण को शुद्ध करता है। हमारे पूर्वजों ने वृक्षों की पूजा यह संदेश देने के लिये निर्धारित की थी कि किसी भी हरे वृक्ष को काटा नहीं जाये। इस अवसर पर डा.आर.एन. सोनी, जिला ऐपीडेमोलॉजिस्ट डा. देशराज, सदस्य रेडक्रॉस डा.अमित कौशिक, अनिल जैन, राजेश लिटौरिया, जिला प्रभारी अजय बरया, डा.आर.सी. साहू, डा.शशांक पाठक एवं डा.राजेश शर्मा उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर बाबू जगजीवन राम को कांग्रेसियों ने किया याद-

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। शनिवार को कांग्रेसियों में उप प्रधानमंत्री स्व बाबू जगजीवन राम की 38वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओ ने जिला कार्यालय के प्रांगण उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जब भी भारत की आजादी की बात होती है तो देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारियों में स्व बाबू जगजीवन राम का भी जिक्र आता है। स्व बाबू जगजीवन राम भारत के संसदीय लोकतंत्र के विकास में अमूल योगदान रहा है और आज कांग्रेस पार्टी उन्हीं के सिद्धांतों पर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रही है बाबूजी के पास भारत के उपप्रधानमंत्री गृहमंत्री रक्षा मंत्री के महत्वपूर्ण दायित्व थे वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे थे। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस स्व बाबू जगजीवन राम के आदर्शो को अपनाएगी और समाज के हर गरीब तबके की लड़ाई लड़ेगी। इस मौके पर जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी, विजयपाल, पवन मिश्रा कटावा, विनोद पाठक, तेज बहादुर पाठक, सुब्रत सिंह सनी, हौसिला भीम, मोहम्मद हारुन, अपरबल सिंह, कुर्बान, देवेंद्र तिवारी, प्रदीप सिंह, इंद्रकेश शर्मा, लाल सिंह खारा, वरिष्ठ नेता राजेश श्रीवास्तव, शीतला प्रसाद साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

समाज सेवा एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए डॉक्टर ए एन सिंह को इनर व्हील ने किया सम्मानित

सुलतानपुर। चिकित्सा जगत एव समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए इनर व्हील क्लब इनर व्हील के पदाधिकारी द्वारा जनपद के सुप्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए एन सिंह को सम्मानित किया गया। संघ की अध्यक्ष अलका वर्मा ने बताया कि डॉ ए एन सिंह , बाल रोग विशेषज्ञ को डाक्टर्स -डे के उपलक्ष में उनके विशिष्ट कार्यो हेतु इनर व्हील क्लब सुल्तानपुर द्वारा बीती रात सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र मे आपकी भूमिका जनपद में बहुत ही सराहनीय है, क्लब के द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल भी वितरित किया गया।उक्त मौके परअध्यक्ष- अलका वर्मा,सचिव- इंदु शर्मा,कोषाध्यक्ष- दीप्ति मेहरोत्रा, इनर व्हील क्लब सुल्तानपुर के पूर्व अध्यक्षा रंजना श्रीवास्तव, बबिता केसरवानी, नीनू भाभी, शशि भाभी , सत्ती भाभी, नूपुर भाभी आदि सदस्य मौजूद रहे।

लगातार मिल रही शिकायतों पर जिलाधिकारी सख्त

सुल्तानपुर। नगर के गन्दनाला रोड पर एक महिला जिसको उसके मामा लोगो ने मिलकर बेदखली करके बिल्डरों के हाथ सौदा कर लिया।जिसकी शिकायत वो लगातार उपजिलाधिकारी सदर ठाकुर प्रसाद से कर रही थी,लेकिन नतीजा सिफर रहा। बिल्डरों का कॉकस इतना गहरा था, कि उसकी सुनवाई नही हो रही थी। तहसील दिवस पर पीड़िता ने अपने मासूम बच्चे को लेकर जिलाधिकारी से पूरी बात बताया, जिलाधिकारी में तत्काल राजस्व टीम को निर्देशित करते हुए मौके पर जाकर काम बंद करवाते हुए सभी को पाबंद करने की बात कही।जिलाधिकारी के तेवर को देखते हुए एक्टिव हुई तहसील टीम सिटी लेखपाल मनोज पाठक ने मौके पर पहुंच कर विवादित जगह पर सरकारी ताला जड़ दिया और दुबारा काम न करने की चेतावनी दी। उपरोक्त मकान का वाद सिविल कोर्ट में भी विचाराधीन है,फिर भी बिल्डर कानून को ताक पर रखकर बिल्डर काम करवा रहे थे, बहरहाल उक्त कार्यवाही से बिल्डरों में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के अनुसार शहर के एक चर्चित बिल्डर द्वारा काम करवाया जा रहा था, जिलाधिकारी ने बिल्डर के विरुद्ध कार्यवाही की भी बात कही है।

किसान यूनियन ने पुल निर्माण की पुनः की मांग

टूंडला। किसान यूनियन संगठन द्वारा अनवारा से मेहरा नाहरगंज में अधूरे पड़े पुल को बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान आगरा एसडीएम व पुलिस प्रसाशन मौजूद रहा। किसान यूनियन संगठन द्वारा चल रहे धरने में कई सालों से अधूरे पड़े पुल व खेती का कटान को लेकर निर्णय लिया गया। कि हम जब तक धरना करते रहेंगे। जब तक शासन प्रशासन हमारे पुल पर कार्य चालू नही करेगा। अगर हमारी सुनवाई जल्दी नहीं हुई तो लखनऊ एक्सप्रेस वे को जाम कर देंगे। जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन विभाग के अधिकारी होंगे। इस दौरान मौके पर पहुंचे आगरा एसडीएम व क्राइम सीओ जैनेंद्र सिंह ने जानकारी ली। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, कोमल सिंह, पूरन सिंह, प्रीतम सिंह, सोनवीर, निषाद, लीलाधर निषाद, कमलेश, निषाद, पूरन निषाद,विजय निषाद, गंगा राम प्रधान प्रतिनिधि, सूरज भान प्रधान, पूर्व विधायक कालीचरण, सुमन के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने किया 'आई लव टूंडला सेल्फ़ी पॉइंट' का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। शुक्रवार को टूंडला स्टेशन रोड कोतवाली के पास नगर पालिका निधि से निर्मित सेल्फ़ी प्वाइंट का लोकार्पण मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी द्वारा किया गया। लोकार्पण से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भँवर सिंह ने बुके देकर मंडलायुक्त का स्वागत किया। शहर को सौंदर्यीकरण की दिशा में आगे बढ़ाने हेतु विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी हेमंत उपाध्याय को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। सेल्फ़ी पॉइंट के लोकार्पण कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि टूंडला शहर का वह कोना जो सबसे गंदा रहता था, उसे सेल्फ़ी पॉइंट के रूप में विकसित कर शहर को सुंदर बनाने की दिशा में अच्छा प्रयास किया है। इसके लिए पूरी टीम को बधाई। शहर के अन्य गणमान्य लोग भी आगे आकर शहर को सुंदर बनाने हेतु इसी तरह प्रयास करें। उन्होने बताया कि जल्द ही स्टेशन रोड़ को मॉडल रोड़ के रूप में विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन से एक बायपास रोड़ भी प्रस्तावित है। वहीं जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि मंडलायुक्त की प्रेरणा से नगर पालिका, समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोगों ने आगे आकर सेल्फ़ी पॉइंट के रूप में शानदार पहल की है। खुशी की बात है कि लोग अपने शहर के प्रति जागरूक हो रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा दिया गया। कार्यक्रम पश्चात मंडलायुक्त, जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से आई लव टूंडला सेल्फ़ी पॉइंट का लोकार्पण किया गया। वहीं एक जुलाई से 7 जुलाई तक प्रदेश सरकार के चल रहे वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर में मंडलायुक्त द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह, पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्र, पालिका अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर तथा तहसील कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीडीओ ने एसडीएम पयागपुर दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर हीरा लाल कनौजिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार व अन्य अधिकारियों तथा अपर जिलाधिकारी ने एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।

तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्त में सीडीओ ने अन्य अधिकारियों के साथ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया।

उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 165 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 12 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 106 में 04, महसी में प्राप्त 64 में 09, नानपारा में प्राप्त 48 में 06 तथा सदर बहराइच में प्राप्त 29 में 01 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

एवीबीपी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

टूंडला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस 9 जुलाई के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेंट लॉर्ड स्कूल में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजई प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व प्राईज देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर तहसील प्रमुख व कार्यक्रम संयोजक रवि चेतन चित्रांश ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापन दिवस को छात्र दिवस के रूप में मनाता है। इस अवसर पर पूरे सप्ताह भर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारतीय संस्कृति, देशभक्ति व सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के जरिए बच्चों को जानकारी दी जाती है। ताकि बच्चे अपने पाठ्यक्रम से इतर भी उनसे संबंधित विषयों के बारे में जान सकें। प्रतियोगिता के जरिए बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वो बड़े ही उत्साह से अध्ययन करने में लग जाते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष स्कूल मैनेजर डॉ. पीयूष कांत शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी परिषद टूंडला इकाई विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

जल-विद्युत आपूर्ति कर रही है आंख मिचौली

स्मार्ट रोड का दावा करने वाले बने हुए हैं गांधारी

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। शहर के स्मार्ट रोड के निर्माण को लेकर 2 वर्ष से अधिक बीतने को आए लेकिन सम्बन्धित अधिकारीगण स्मार्ट शहर, स्मार्ट रोड के पहले दो मानक 24 घण्टे विद्युत एवं जलापूर्ति तक को अमलीजामा नहीं पहना सके हैं। इतना ही नहीं फिरोजाबाद निगम व विद्युत अधिकारी मुख्यमंत्री तक के आदेशों का पालन नहीं करा पा रहे हैं। अगर शहर के स्मार्ट रोड एस0एन0 रोड की ही बात करें तो इस रोड से 50 कदम की दूरी पर स्थापित नगर निगम 24 घण्टे तो क्या 24 घण्टे में 4 घण्टे तक जलापूर्ति नहीं करा पा रहा है। इसी तरह विद्युत विभाग ने भी विद्युत आपूर्ति के ऑन-ऑफ बटन तेज हवा एवं बारिश की बूंदों के हवाले कर दिए हैं। बूंद पड़ी नहीं कि लाइट बन्द, तेज हवा चली नहीं कि लाइट बन्द, सिर्फ 24 घण्टे की विद्युत जलापूर्ति पर नज़र डाली जाए तो दोनों ही आंख-मिचौली सी खेलते नज़र आते हैं। कभी पानी आपूर्ति होती है तो विद्युत आपूर्ति बन्द है, कभी विद्युत आपूर्ति चालू है तो जलापूर्ति बन्द है। और तो क्या कहें दोनों विभागों में इतना सामंजस्य नहीं है कि किसी भी तरह जनता को सुबह-शाम विद्युत एवं जलापूर्ति एक साथ सुचारू रख सकें। क्या हमारे दोनों विभाग आज भी इतने अपाहिज हैं कि जनता को दो टाइम विद्युत एवं जलापूर्ति नहीं कर सकते?

बताते चलें कि शहर के सुभाष तिराहे से लेकर एस0एन0 रोड होते हुए स्टेशन तक के रोड को निगम से लेकर जनपद के आला अधिकारी तक स्मार्ट रोड-स्मार्ट रोड का राग अलापते नज़र नहीं आ रहे हैं। इतना ही नहीं आगरा मण्डल कमिश्नर तक ने उपरोक्त स्मार्ट रोड की अव्यवस्थाओं को लेकर गहन बैठक ही नहीं की बल्कि स्थलीय निरीक्षण भी कर चुकी है। लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार के नाम पर वही ढाक के तीन पात बने हुए हैं। अगर निगम की बात करें तो इसी रोड पर स्थापित निगम का जल विभाग स्मार्ट रोड पर सुचारू रूप से सुबह-शाम लोगों के घरों में एक मंजिल तक पानी नहीं पहुंचा पा रहा है। इस विभाग की इससे ज्यादा विफलता एवं लापरवाही क्या होगी ? इसी तरह विद्युत बिल के जमा करने में थोड़ी सी भी देरी होने पर तुरन्त विद्युत कनेक्शन काट देने वाला विद्युत पानी की आपूर्ति के समय विद्युत आपूर्ति नहीं दे पा रहा है जिसके कारण न सिर्फस्कूली बच्चों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है बल्कि आमजन की भी दिनचर्या एवं व्यापार प्रभावित होता है। इसके बावजूद भी सम्बन्धित विभागों के आला अधिकारी पूरी तरह से गांधारी बने हुए हैं। क्या इनको इतनी भी फुर्सत नहीं है कि यह अपने-अपने विभागों के आपूर्तित सम्बन्धी रोस्टरों को प्रतिदिन चैक कर सकें। जिससे पता चल सके कि आपूर्ति में कितनी अव्यवस्था है ?

धूमधाम से मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

फिरोजाबाद। जनआधार कल्याण समिति द्वारा विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के समन्वय से वन महोत्सव सप्ताह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सिविल लाइन स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें, लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले उन सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया जिन्होंने, विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से उप निदेशक (बचत) आगरा मंडल आगरा प्रभात मिश्र द्वारा तैयार किए गए मॉडल 'मतदान संसद' के तहत अपने घर के समस्त पात्र मतदाताओं को वोट डालने हेतु प्रेरित करने की अनूठी पहल की थी। कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय वन अधिकारी पुनीता यादव, चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह और टीबी चौंपियन शालिनी सागर ने रेड टेप मूवमेंट व वृक्षा रोपड़ कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नवांगतुक बीएसए एवं वित्त लेखाधिकारी से मिला उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में शनिवार को नवागंतुक बीएसए रणवीर सिंह एवं नवागंतुक वित्त एवं लेखाधिकारी घनश्याम सिंह को माल्यापर्ण एवं बुके भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उन्होंने शिक्षकों से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुये डिजीटल हाजिरी का विरोध करने के लिए कहा। साथ ही शिक्षा स्तर सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करने का भी आश्वासन दिया गया। साथ ही बिना मान्यता प्राप्त पत्रकारों का स्कूलों में अनैतिक प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर मांडलिक मंत्री एवं जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय ताम्रकार, उपाध्यक्ष अरुण निरंजन, ऋण समिति अध्यक्ष सत्येंद्र जैन, सचिव प्रशांत राजपूत, उपाध्यक्ष दिलीप राजपूत, सयुंक्त मंत्री रामरक्षपाल सिंह, मंत्री अरविंद सिंह राजपूत, जिला मंत्री विनय रजक, परशुराम निरंजन, संजीव, हरिश्चंद्र नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी इन्दर सिंह पटेल, नाहिद परवीन, राजीव गुप्ता, राममिलन, बृजेश चौरसिया, मनीष खरे, जितेंद्र जैन, स्वदेश भूषण, अवधेश कुशवाहा, मुकेशबाबू नरवरिया, कमलेश श्रीवास्तव, सुरेश निरंजन, प्रफुल्ल जैन, गिरीश साहू, दामोदर साहू, दिवाकर शुक्ला, लाल सिंह, संतोष प्रसाद, धीरेन्द्र पुरोहित, अजय कुमार, राजीव, पंकज जैन, अमित जैन, अंतिम जैन, सुजान सिंह, कृष्णविहारी, राघवेंद्र निरंजन, अरविंद सिंह, देवीसिंह राजपूत, राजेश निरंजन, अविनेश कुमार, दीपेंद्र सिंह, मुकेश कुशवाहा, मुहम्मद असलम, पुष्पेंद्र सिंह, विकास राजपूत, चंद्रकुमार सिंह, अभिषेक राजपूत, महेंद्र पटेल, विजय सिंह, सुनील निरंजन, विजय कुमार वर्मा, महेंद्र सिंह राजपूत, विमलेश सोनी, अर्चना अग्रवाल, सुनीत कौशिक, सुनील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, पवित्र पटेल,अभिषेक सक्सेना, अनुज गुप्ता, रजनीश निरंजन, मिथलेश कुमार, शैलेन्द्र, गोविन्द सिंह, अविनीश सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

ऊंचडीह वायरल विडियो मामले में स्वर्ण जयंती चौक पर प्रदर्शन

- स्वर्ण समाज ललकारता रहा पुलिस हाँफती रही
- धारा 307 बढ़ाने तथा सभी अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग
- मुख्य आरोपी के पिता को पुलिस ने थाने पर बैठाया
- एडीएम के समझाने पर 4 घंटे बाद धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। ऊंचडीह वायरल विडियो मामले पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही के लिए लिये गये समय के बीत जाने के बावजूद ना तो आरोपियों पर मुकदमे की धारा बढ़ाई गई और ना ही सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी ही सुनिश्चित होने से नाराज़ सर्व समाज के लोगों ने शनिवार को स्वर्ण जयंती चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए अमितेश को न्याय दो की आवाज बुलंद किया। विरोध प्रदर्शन में पहुंचे पूर्वांचल नव निर्माण मंच के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि 24 घंटे में दर्ज मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा 307 नहीं बढ़ाया जाता है तो सोनभद्र पुलिस अधीक्षक का घेराव किया जायेगा। गिरीश पाण्डेय ने कहा कि विडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आरोपी पीड़ित लड़के को इस कदर पीट रहे हैं कि उसकी जान ले लेंगे। बावजूद इसके पुलिस द्वारा धारा 307 नहीं लगाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय है। प्रदर्शन में शामिल समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष सत्यम पाण्डेय ने घटना को अमानवीय बताते हुए कहा कि यदि ऐसी घटना किसी दलित के साथ हुई होती तो अबतक उसका घर गिरा दिया गया होता। युवा राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश सचिव विवेक चौबे ने घटना की निंदा करते हुए जिला प्रशासन से अमितेश को न्याय देने की मांग किया।

राजा पाण्डेय, उत्कर्ष पाण्डेय, आशुतोष चतुर्वेदी,दीपक चौबे, अनुराग पाण्डेय, भानु तिवारी, संतोष पाण्डेय, मनीष तिवारी, आनंद शुक्ला,मदन मिश्रा, सोनू पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, शिवम सिंह, विवेक पटेल, पिंटू पटेल, सोनू विश्वकर्मा, अभिषेक चौबे, जय प्रकास चौबे, नागेंद्र राय, अभिषेक चौबे, शुभम पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में राजनीतिक दलों एवं समाज के लोग मौजूद थे।

एडीएम के समझाने पर किसी तरह माने प्रदर्शनकारी

सोनभद्र। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डटे रहे हिंदू संगठन के लोग 4 घंटे तक विरोध प्रदर्शन के काफिले में पुलिस के पूरे हाथ पांव फूलने लगे इस मौके पर एसडीएम एडिशनल के समझाने पर भी नहीं हुआ समझौता 3 दिन की मोहलत पर एडीएम ने दिलाया भरोसा तब जाकर मामला हुआ शांत उधर एडीएम ने बताया कि मुख्य आरोपी के पिता को पुलिस थाने ला चुकी है और अन्य की तलाश हो जाएगी गिरफ्तारी पर संबंधित धारा भी बढ़ा दिया जाएगा।

जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर काम करते हैं सचिव

सुमेरपुर हमीरपुर। कस्बे की पुरानी गल्ला मंडी के समीप बना क्रय विक्रय सहकारी समिति जर्जर भवन में संचालित है। बरसात में यह भवन तालाब बन जाता है। इसकी छत जगह जगह से टपकती है। इतना ही नहीं इसका प्रागंण बरसात में तालाब का रूप धारण कर लेता है। शनिवार को ऐसा ही नजारा यहां पर था। क्रय विक्रय सहकारी समिति का भवन बेहद जर्जर है इसकी छत से लेकर दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं। बरसात में वह जगह जगह से टपकता है। यह किसी भी वक्त ठह सकता है। यहां के सचिव शुभम त्रिपाठी ने बताया कि वह कई बार उच्चाधिकारियों को पत्राचार कर चुके हैं। अधिकारियों ने इस भवन के दुर्दशा का अवलोकन भी किया है लेकिन परिणाम ढांक के तीन पात ही हैं। यहां पर बैठकर कार्य करना खतरे से खाली नहीं है। इतना ही नहीं बरसात में इस भवन का प्रांगण भी तालाब बन जाता है। इससे किसानों को आवागमन में दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना के तहत सम्पूर्ण भारत वर्ष में ÷एक पौधा माँ के नाम÷ के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में वृक्षारोपण अभियान, 2024 के अंतर्गत कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार के द्वारा विंध्याचल परियोजना परिसर मे पेड़ लगा कर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उदेश्य कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना है। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है और आगे भी इसी तरह एनटीपीसी विंध्याचल इस दिशा में कार्य करती रहेगी। साथ ही उन्होनें उपस्थित सभी लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को हरा-भरा बनाने के लिए एक पौधा माँ के नाम (#PlantyMother) अभियान से जुड़ने की अपील की एवं सभी को जागरूक भी किया। इस अवसर पर समीर शर्मा मुख्य महाप्रबंधक (ओ एंड एम), बीसी चतुर्वेदी- मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) तथा अन्य विभागो के महाप्रबंधक ,विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। यह कार्यक्रम ओ एंड एम सिविल एवं पर्यावरण प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

प्रादेशिक होमियोपैथिक वैज्ञानिक संगोष्ठी 7 को

- रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित द लोटस बैंक्वेट सभागार में किया गया है आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। प्रादेशिक होमियोपैथिक वैज्ञानिक संगोष्ठी 7 जुलाई रविवार को राबर्ट्सगंज स्थित द लोटस बैंक्वेट सभागार में सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। आइडियल होमियोपैथिक वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन शाखा सोनभद्र के अध्यक्ष डा. कुसुमाकर श्रीवास्तव व सचिव डा. सी बी डी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि- ÷ उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज मंत्री संजीव सिंह गोंड, अध्यक्ष आई0 एच0 डब्लू0 ओ0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नि0 सदस्य उत्तर प्रदेश होम्योपैथी मेडिसिन बोर्ड के डा. जे एन सिंह, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य राम सकल, भारतीय इलेक्ट्रानिक लिमिटेड रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के निदेशक शिवनाथ यादव, सदर विधायक भूपेश चौबे, सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डा. मनोरंजन पाल होंगे। सेमिनार का विषय-फार हेल्दी लिविंग लाइफ, ए फेथ फुल च्वाइस रखा गया है। संगोष्ठी के माध्यम से होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली में हुए नूतन प्रयोगों, शोध से चिकित्सकों को परिचित कराया जाएगा। संगोष्ठी में जनपद सहित देश भर के प्रख्यात होम्योपैथ चिकित्सक भाग लेंगे।

बजाज टूव्हीलर N160G का राबर्ट्सगंज में आश्चर्यजनक स्टंट शो, NS4005 का हुआ प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। बजाज ऑटो लिमिटेड द्वारा अपने अधिकृत डीलर सिंह बजाज के सहयोग से राबर्ट्सगंज (रामलीला मैदान) मे शनिवार को सांय असाधारण बाइकिंग पल्सरमेनिया का आयोजन किया गया, जिसमें 3000 से अधिक बाइकिंग प्रेमियों ने भाग लिया।

प्रारंभ में कार्यक्रम का शुभारंभ देवेन्द्र भाई पटेल भाजपा प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा व अजित रावत सदर ब्लाक प्रमुख और बजाज ऑटो लिमिटेड के एरिया सेल्स मैनेजर आरिफ अहमद ने हरी झंडी दिखाकर किया।

पल्सरमेनिया में दर्शकों को रोमांचित करने के लिए भारत की सर्वश्रेष्ठ स्टंट राइडिंग टीम द्वारा

सिग्नेचर स्टंट शो का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजीकृत प्रतिभागियों के लिय चैलेंज जोन जैसे कार्यक्रम को शामिल किया गया था। प्रतिभागियों ने अपने बाइकिंग कौशल का भरपूर परीक्षण वहां बनाए गए ह160 चैलेंज जोन में हिस्सा लेकर किया। इसमें शीर्ष पर रहने वाले तीन राइडर्स को पल्सर मर्चेंडाइज से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सिंह बजाज के एम. डी. रमेश सिंह ने बताया कि बजाज का N160 टू व्हीलर अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा पॉपुलर बाइक है। N160 टूव्हीलर अपने सेगमेंट में इंडिया की पहली डबल चैनल एबीएस है, और NS4005 बजाज की नई पेशकश है जो की पल्सर सेगमेंट की सबसे पावरफुल बाइक है , साथ में इसमें ट्रैक्शन कण्ट्रोल और राइड मोड्स जैसे अनेक फीचर हैं ये सभी टूव्हीलर राबर्ट्सगंज में बजाज के सभी शोरूम में टेस्ट ड्राइव किया जा सकता है। इसके लिए फाइनेंस वह एक्सचेंज ऑफर चल रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अभूतपूर्व स्टंट और चैलेंज जोन था जहां प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण हिस्सेदारी दिखाई इस अवसर पर बजाज ऑटो क एरिया मेनेजर आरिफ अहमद ने 2व्हीलर्स की विसेस्ता सर्विस सुविधा व कंपनी की योजनाओं से भी अवगत कराया।

संक्षिप्त समाचार

20 हज़ार जुर्माना के साथ प्लास्टिक जप्त

सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो। शासन के आदेशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित कर दिया गया है। जिसके अनुपालन में प्रतिबन्धित पॉलिथीन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अभियान के तहत शनिवार को नगर सीमा के अन्तर्गत प्रतिष्ठानों पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करते हुए छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान फुटपाथ व्यवसायियों एवं अन्य दुकानदारों से लगभग 03.200 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित प्लास्टिक जब्त की गयी। प्रतिबन्धित पॉलिथीन का विकय कर रहे 5 दुकानदारों का रू-20000.00 (बीस हजार) का चालान किया गया। छापेमारी टीम का नेतृत्व विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा किया गया। विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी बताया ग्रया कि सम्बन्धित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गयी एवं अगली बार प्रतिबन्धित पॉलिथीन बरामद होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार एफ0आई0आर0 की कार्यवाही की जायेगी। उक्त छापमारी टीम में पालिका के कर्मचारी सुजीत कुमार रावत, सफाई नायक, राजीव गुप्ता, सूरज मिश्रा, प्रिंस सोनकर, आदेश कुमार पाठक, रंजीत प्रताप सिंह, इन्द्र भाई पटेल आदि कर्मचारी उपस्थित रहें।

सहायक निदेशक ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

सोनभद्र/चोपन। शनिवार को नगर विकास विभाग की सहायक निदेशक सविता शुक्ला ने नगर पंचायत की ओर से कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया जहां उन्होंने जल निकासी, पेयजल व्यवस्था का हाल जाना। सहायक निदेशक ने नगर पंचायत कार्यालय के बगल में स्थित बेस्ट टू वंडर पार्क के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया तत्पश्चात पार्क में पौधरोपण भी किया। सहायक निदेशक ने नगर पंचायत के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों,शुद्ध पेयजल तथा जलनिकासी की समीक्षा करना और उनकी प्रगति का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक ने विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के बाद सहायक निदेशक ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्यम पांडेय, नगर पालिका परिषद सोनभद्र ईओ विजय यादव, नगर पंचायत पिपरी ईओ अंशुमान सिंह,गोवा लाल, लिपिक अंकित पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

मौदहा हमीरपुर। अपने घर से काम करने दूसरे गांव जा रहा मजदूर ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी सूरज पाल (28)पुत्र रामकृपाल शनिवार सुबह मौदहा बांदा रेल खण्ड में सिजनौडा रेलवे क्रासिंग के निकट ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतक भूमिहीन मजदूर था और मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने का काम करता था।और कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा में काम कर रहा था।और सुबह नाश्ता कर काम करने जा रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया। मृतक अपने परिवार में पत्नी और एक मासूम बेटी को रोता बिलखता छोड़ गया है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और रो रो कर बुरा हाल है।

नाली सड़क के शिकायत पर जांच करने पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रशाद

- रावटसगंज नगर के ब्रह्म नगर गली का मामला
- सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले पर भी होगी कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। रावटसगंज नगर स्थित ब्रह्म नगर वार्ड नंबर 19 में शनिवार को नाली व सड़क निर्माण की शिकायत पर जांच करने पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद निरीक्षण के दौरान तत्काल नाली निर्माण व सड़क निर्माण बनाने को संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

रूबी प्रसाद ने बताया कि नाली निर्माण व सड़क निर्माण को लेकर वार्ड 19 से शिकायत मिली थी जिस पर मौके पर जाकर उसकी जांच किया गया सड़क निर्माण में प्रवासियों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई जा रही थी जिस पर संबंधित सभासद व वार्ड के प्रवासियों से मिलकर वार्ता की गई

और बताया गया कि आपस में मिलजुल कर सड़क में हो रहे अतिक्रमण को हटाकर नाली व सड़क बनवाए जिससे कि आवागमन में किसी प्रकार से कोई दिक्कत उत्पन्न ना हो पाए वहीं ठेकेदार वजह को निर्देशित किया कि किसी प्रकार से मिलावटी मटेरियल से सड़क नारी का निर्माण ना हो जो कार्य हो सही हो जिसकी जांच की रिपोर्ट हम तक भी उपलब्ध कराते रहे संबंधित ठेकेदार जिस वार्ड वसीक संतुष्ट रहें किसी भी वार्ड में किसी प्रकार से बंदर बात का आकार नहीं किया जाएगा बर्दाश्त वही अध्यक्ष ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर सभासद आनंद चौरसिया, अमित दुबे ,अजय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे

सम्पूर्ण सामाधन दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

- 229 शिकायतो में मात्र 26 का निस्तारण

सरीला (हमीरपुर) गर्मियों से निजात मिलते ही समाधान दिवस सरीला में प्राप्त होने वाली शिकायतों में बाढ़ आ गई है। शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार सरीला में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी राहुल पांडे ने संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके जल्द से जल्द निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। संपूर्ण सामाधन दिवस में कुल 229 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमें से मात्र 26 शिकायतों का ही निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में बार संघ सरीला की तरफ से ज्ञापन देकर तहसील मुख्यालय सरीला में पदस्थ बाबुओं पर प्रमाणपत्रों के नाम पर वादकारियों से रुपए ऐंठने के आरोप ब तहसील में ज्यादातर खराब रहने वाले जेनरेटर के स्थान पर नया जेनरेटर लगवाये जाने, रियल टाइम खतौनी में हिस्सा अंश की प्रक्रिया को सरल बनाने संबंधी ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बार संघ सरीला द्वारा समस्याओं के निराकरण की मांग जनहित में की गई। सरीला नगर पंचायत के कुछ सभासदों द्वारा लामबंद होकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर नगर क्षेत्र के खाद्य गढ्ढों की भूमि को कब्जा मुक्त कराने, खेड़ा रोड पर पुलिया पर नाले की अवैध रूप से पिचिन निर्माण और अवैध कब्जे की जांच और चार माह पूर्व नगर पंचायत सरीला में नगर पंचायत सरीला की ओर से बनवाई गई आरसीसी सड़क के मानक विहीन निर्माण कराए जाने संबंधी शिकायती पत्र सौपकर नगर पंचायत के सरीला के बार्ड सभासदों द्वारा जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत खेड़ा शिलाजीत निवासी रघुराज ने ग्राम पंचायत के सचिव और प्रधान द्वारा बिना हेड पंप निर्माण कराए सरकारी धन आहरित करने और खुलासा होने पर दो सप्ताह बाद हेड पंप लगवाए जाने संबंधित शिकायत जिला अधिकारी से करके दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

आडिटः आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में गबन का संदेह

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। अलग-अलग वित्तीय वर्षों में ग्राम पंचायतों में खर्च की गई धनराशि का ऑडिट होने पर छह ग्राम पंचायतों पर 19 लाख से अधिक की धनराशि का दुरुपयोग किये जाना का खुलासा हुआ है। इस धनराशि की वसूली के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव व प्रधानों को नोटिस जारी की जा रही है। ऑडिट का खुलासा होने पर पूर्व प्रधानों व सचिवों में हड़कंप मच गया है।

राज्य सरकार व केंद्र सरकार ग्राम पंचायतों के विकास के लिए प्रत्येक वर्ष धनराशि आवंटित करती है। जिससे प्रधान व सचिव गांव में जरूरत के मुताबिक विकास कार्य कराते है। लेकिन प्रधान व सचिव इस धनराशि को मनमानी तरीके से खर्च कर अनियमिततों में फंस जाते हैं। इसी तरह का एक खुलासा महानिदेशक लेखाकार द्वारा बनाए गए ऑडिटरों ने विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों का विभिन्न वित्तीय वर्षों में ऑडिट किया और ऑडिट रिपोर्ट शासन तक भेजी। जिसमें विकास खण्ड क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों में 19 लाख 71 हजार 425 रुपए गबन पाया गया। गबन की गई धनराशि की वसूली के लिए पूर्व प्रधानों व सचिवों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने बताया कि पारा रैपुरा में वर्ष 2011-12 में मनरेगा योजना के तहत 498973 रुपए की धनराशि का गबन किया गया था। उन्होंने बताया कि इस ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव रामसेवक वर्मा व प्रधान हरिओम बेरिया की मौत हो चुकी है। जिससे यहां के मामले को विधायी समिति को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015-16 में अमिरता में राज्य वित्त की धनराशि में 334500 रुपये का गबन किया गया है। यहां पर उस समय सचिन रामसेवक वर्मा व प्रधान रामफल थे। सचिव रामसेवक वर्मा की मौत हो चुकी है। इसलिए तत्कालीन प्रधान को नोटिस भेजा गया है। वहीं बिरखेरा में इसी वित्तीय वर्ष में राज्य वित्त की योजना में 440160 रुपए का गबन किया गया है। यहां भी उस समय सचिव रामसेवक थे। जबकि प्रधान वेदप्रकाश प्रजापति थे। वसूली के लिए इनको भी नोटिस भेजी गई है। इसी तरह बांक गांव में इसी वित्तीय वर्ष में 437440 की धनराशि गबन की गई थी। यहां भी उस समय सचिव रामसेवक वर्मा थे। जबकि प्रधान जगभान श्रीवास थे। इनसे भी वसूली के लिए नोटिस जारी किया गया है।बताया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में चन्दौखी में ब्याज की रकम 123274 रुपए व पौथिया में 137078 रूपए की अनियमितता की गई है। लेकिन इसमें ऑडिटर ने नामों का खुलासा नहीं किया है कि अनियमितता किसके द्वारा की गई है। इसके लिए लेखा विभाग से पत्राचार कर अनियमितता करने वालों के नाम मांगे जाएंगे। उसके पश्चात वसूली के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। ऑडिट रिपोर्ट का खुलासा होने से पूर्व प्रधानों व सचिवों में हड़कंप मच गया है।इन ग्राम पंचायतों में से चार ग्राम पंचायतों में सचिव रामसेवक वर्मा थे और इनकी मौत हो चुकी है।

डीएम ने ग्राम ममना के मनरेगा पार्क में वृक्षरोपण किया

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा विकास खण्ड सरीला के ग्राम ममना में मनरेगा पार्क में वृक्षरोपण किया गया। साथ में पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर, तहसीलदार सरीला, खण्ड विकास अधिकारी सरीला ,लेखपाल, सचिव व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। वृहद वृक्षारापेण अभियान कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आज जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर द्वारा ग्राम ममना में अम्बेडकर पार्क में पौध रोपण कर लक्ष्य के अनरूप समय से पौध रोपण करने के निर्देश दिये गये। इसके बाद जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर द्वारा ग्राम छिबौली में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया, वहॉ पर अमृत सरोवर में वृक्षारोपण हेतु गढढो को देखा गया। अमृत सरोवर का सुन्दीकरण कार्य को देखा गया।

मन्त्री नें बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर विभागों के साथ की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। राज्य मंत्री जलशक्ति विभाग उ0प्र0 रामकेश निषाद द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर सिंचाई एवं जल संसाधन,लघु सिंचाई, लघुडाल नहर/मौदहा बांध के अधिकारियों के साथ, नमामि गंगे पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक ली गयी। राज्य मंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद हमीरपुर में मुख्यतः बाढ़ यमुना नदी एवं बेतवा नदी में आती है। वर्ष 2022 में एवं वर्ष 1983 के पश्चात सर्वाधिक बाढ़ रिकार्ड की गयी। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ स्टीमरिंग ग्रुप की बैठक दिनॉक 16.04.2024 को कर ली गयी थी, एवं समीक्षा बैठक दिनॉक 18.06.2024 एवं 28.06.2024 को कर ली गयी है। जनपद में नावों की कुल संख्या 219 है व शहर के समीप यमुना एवं बेतवा नदी पर निर्मित तटबन्धों की मरम्मत व निर्मित रेगूलेटरों की मरम्मत का मौदहा बॉध निर्माण खण्ड,हमीरपुर द्वारा कराया जा चुका है जिनका शत्प्रतिशत सत्यापन कराया जा चुका है। मंत्री द्वारा कल्पवृक्ष से यमुना तटबंन्ध को जोड़ने वाले पैच का निरीक्षण तथा बाढ़ की तैयारियों ग्राम मेरापुर (यमुना तटबंध) संगमहेश्वर मार्ग का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को निर्देश किया गया कि बाढ़ अवधि में सतत् निगरानी रखी जाय। यमुना पुल से ग्राम मेरापुर के मध्य जहॉ पिचिंग नही है वहॉ पिचिंग की योजना तैयार की जाय। इसके पश्चात मंत्री जी द्वारा संगमहेश्वर मंदिर में दर्शन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील पाठक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुलदीप निषाद तथा भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी,अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 नागेन्द्र नाथ यादव,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार,उपजिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक, अधिशाषी अभियन्ता मौदहा बांध निर्माण खण्ड, हमीरपुर करन पाल सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई एस0बी0 सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मवारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने सहजनवां, गोरखपुर में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का लोकार्पण किया

बालिकाएं शिक्षा-खेल में देश-प्रदेश का नाम रोशन करें: योगी

- शिक्षा किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास की सबसे प्रमुख आधारशिला
- सीएम योगी ने प्रवेश लेने वाले बच्चों को दी बधाई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सहजनवां के सिसवा-अनंतपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का शुभारंभ किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बालिकाओं का आगे बढ़ाने के लिए आश्रम पद्धति के सर्वोदय बालिका विद्यालय का शुभारंभ किया गया है। यहां पर पढ़ने वाली बालिकाओं के भीतर एक ललक भी दिख रही है। नियमित दिनचर्या के साथ यहां पर रहकर बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए तैयारी करनी होगी. जिससे वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सके। इसके लिए विद्यालयों को भी ध्यान देना होगा. सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है। यहां पर 500 बच्चियों का प्रवेश हो सकता है। यहां पर वे रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं। कक्षा 6, 7 और 8 में 24 बच्चियों का यहां प्रवेश हो चुका है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग की ओर से यहां शिक्षा ग्रहण करने वाली बालिकाओं को हर सुविधा मिलेगी। यहां रहना और खाने के साथ शिक्षा के लिए हर सुविधा उन्हें मिलेगी. यहां गोरखपुर की बालिकाओं के लिए आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वे यहां पर आए हुए सभी जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ यहां पर पढ़ने वाली बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं. सरकार पूरे मनोयोग से यहां पढ़ने वाली बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान रखते हुए कार्य करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति के विद्यालय में जिन बच्चों ने प्रवेश किया है. इस क्षेत्र के भी लोगों का गोरखपुर के पहले सर्वोदय विद्यालय के उद्घाटन की हृदय से बधाई देता हूं. बालकों के दो विद्यालय पहले से गोरखपुर में चल रहे हैं, लेकिन बालिकाओं के लिए सर्वोदय विद्यालय यहां नहीं था। हालांकि कस्तूरबा विद्यालय को चलाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। शिक्षा के क्षेत्र में जितना बेहतर दे सकें, कहा भी जाता है कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कोई भी योगदान बेकार नहीं जाता है। समाज कल्याण विभाग की ओर से आश्रम पद्धति के बालिका विद्यालय को प्रारंभ करने के लिए प्रयास किया है। यहां पर पढ़ने वाली बालिकाएं अलग-अलग क्षेत्रों से प्रतियोगिता को पास करने के बाद आए हैं। उन बच्चों की यहां पर पूरी व्यवस्था है। सरकार इसके लिए पूरा योगदान दे रही है. बच्चों के लिए किया जाने वाला कार्य बच्चों के भविष्य को बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। समाज कल्याण विभाग ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

35.33 करोड़ की लागत से तैयार हुए विद्यालय

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले ऐसे बच्चों के लिए भी सरकार की ओर से समाज कल्याण विभाग अभिनव कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है. अभ्युदय कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। वहां पर अच्छे शिक्षक और फैकल्टी है। इसके साथ ही वहां पर पढ़कर निकलने वाले बच्चों के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और अन्य अधिकारी भी क्लास लेते हैं. उत्तर प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अभिनव प्रयास हो रहा है। इस विद्यालय का निर्माण 35.33 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है. यहां कक्षा 6 से 12वीं तक की शिक्षा दी जाएगी।

नहीं दिखा माहे मोहर्रम का चांद पहली 8 को यौमे आशूर 17 को

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अय्यामे अजा माहे मोहर्रम का चांद शनिवार को नहीं दिखाई दिया। माहे मोहर्रम की पहली तारीख 8 जुलाई को और यौमे आशूर 17 जुलाई को होगा। यह ऐलान शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने किया है। रविवार को चांद रात से ही कर्बला के शहीदों के गम का दौर शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही कर्बला के शहीदों की याद में मजलिसों-मातम का आगाज हो जायेगा। शहीदों का गम दो महीने आठ दिन तक (आठवीं रबीउल अव्वल) लगातार जारी रहेगा। मोहर्रम के नजदीक आते ही अजादार मजलिस-ओ-मातम की तैयारियां पूरी करने में जुटे हैं। इमामबाड़ों को सजाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत के गम में एक ओर जहां महिलाएं अपनी सुहाग की निशानियों को सवा दो महीने के लिए उतारकर काले कपड़े पहनेंगी, तो वहीं घरों में इमामबाड़ा सजाकर इमाम को अपना मेहमान बनाया जाएगा। घरों में ताजिए रखें जाएंगे, तो वहीं फर्श-ए-अजा बिछाकर कर्बला के 72 शहीदों को आंसुओं का पुरसा पेश किया जाएगा।

अजादारों ने सजे इमामबाड़े

मोहर्रम माह की पूर्व संध्या पर काफी अजादारों ने अपने अजाखाने सजा लिए हैं। अकीदतमंद हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम व कर्बला के 71 शहीदों का गम मनाने को बेकरार हैं। इसी के चलते अभी भी अजादार इमामबाड़ों में रंगाई-पुताई के अलावा उसे और बेहतर बनाने का काम जुटे हैं।

ताजियों व जरीह की हदिया शुरू

रौजा-ए-काजमैन, मदरसा सुल्तानिया,कश्मीरी मोहल्ला, बजाजा, हुसैनाबाद और मुफ्तीगंज समेत अन्य जगहों पर शनिवार शाम से ताजियों का हदिया शुरु हो गया। छोटे ताजिया की कीमत 20 रुपये से पांच-छह हजार तक है। मोहर्रम की आमद से पहले शनिवार तीसरे पहर के बाद, खासकर पुराने इलाकों में गमी तारी हो गई है। अकीदतमंदों ने काले लिबास निकाल लिए। अय्यामे अजा के इस्तख्बाल में मजलिस व मातम का दौर शुरु हो गया है।

पहली मोहर्रम से लेकर यौमे आशूरा तक शहर में निकलते हैं जुलूस

लखनऊ। अय्यामे अजा माहे मोहर्रम में पहली मोहर्रम से लेकर यौमे आशूरा तक शहर में जुलूस निकाले जाते हैं। अलग-अलग तारीखों को निकलने वाले जुलूस अलग-अलग स्थानों पर निकाले जाते हैं, जिसमें हजारों की संख्या में अजादार शामिल होते हैं।

मोहर्रम की तारीख जुलूस नाम स्थान पहली मोहर्रम मोम की शाही जरीह का जुलूस आसिफी इमामबाड़े से छोटा इमामबाड़ा दो मोहर्रम आमदे काफिलए हुसैनी कर्बला दियानुतदौला परिसर पांच मोहर्रम औनो-मोहम्मद के ताबूत कर्बला मुंशी फजले हुसैन छह मोहर्रम गहवारे की जियारत जामा मस्जिद, तहसीनगंज छह मोहर्रम आग पर मातम आसिफी इमामबाड़ा परिसर सात मोहर्रम शाही मेहदी का जुलूस आसिफी इमामबाड़े से छोटा इमामबाड़ा आठ मोहर्रम अलम फातहे फुरात दरिया वाली मस्जिद से इमामबाड़ा गुफरानमआब नौ मोहर्रम अलम शबे-आशूर नाजिम साहब के इमामबाड़े से दरगाह हजरत अब्बास यौमे आशूरा आशूर का जुलूस नाजिम साहब के इमामबाड़े से कर्बला तालकटोरा है।

कांग्रेस ने मनाई बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के योद्धा और पूर्व कांग्रेसी नेता रहे स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश की दलित बस्तियों में तीन दिवसीय सहभोज कार्यक्रम का निर्देश दिया। शनिवार को श्री राय खुर्रम नगर गांव में विनोद रावत के आवास पर आयोजत सहभोज कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम का आरम्भ किया। पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता दलित बस्तियों में लोगों के साथ बातचीत करेंगे और उनकी परेशानियों को साझा कर स्नेह का रिश्ता कायम करेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, सुनीता रावत, अनामिका यादव, महताब जायसी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे। पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने बाबू जगजीवन राम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि वे केवल स्वतंत्रता संग्राम तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि दलितों की मुक्ति के लिए भी काम किया। इस मौके पर बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम, मोहम्मद शमीम खान, राजेश सिंह काली, प्रवक्ता अलीमुल्लाह खान, शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, अनीस अख्तर मोदी, अख्तर मलिक, सीमा चौधरी, चन्द्र प्रकाश, नितान्त सिंह नितिन सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

हाथरस हादसा : देवप्रकाश मधुकर न्यायिक हिरासत में

लखनऊ। हाथरस में भगदड़ हादसे के आरोपी देव प्रकाश मधुकर को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। जिला अस्पताल में मीडिया का जमावड़ा देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए। देवप्रकाश मधुकर को बीते दिन दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। भगदड़ हादसे में एक्शन लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, साकार विश्व हरि के वकील एपी सिंह ने दावा किया था कि मधुकर ने पुलिस के सामने सरेंडर किया है। वह खराब स्वास्थ्य के चलते दिल्ली के अस्पताल में भर्ती था। हालांकि, हाथरस पुलिस ने सरेंडर की दावे का खंडन करते हुए इसे गिरफ्तारी बताया। बता दें कि मधुकर पर पुलिस ने एक लाख का इनाम रखा हुआ था।

अजय राय ने एसिड अटैक पीड़िता से की मुलाकात

- हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेसी लगातार खेत-खलिहानों से लेकर छात्रों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं, दलित-पिछड़ों और मुस्लिमों व समाज के तमाम समुदायों के साथ संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में श्री राय ने शनिवार को गोमती नगर स्थित शीरोज कैफे पहुंच कर एसिड अटैक पीड़िताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को समझ हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गोमती नगर स्थित शीरोज कैफे पहुंच कर एसिड अटैक पीड़िताओं से मुलाकात के दौरान श्री राय ने कहा कि करुणा के साथ सहयोग कांग्रेस की मूल विचारधारा है। जननेता राहुल गांधी समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति से रोज मिल कर उनकी जिंदगी में दुख और परेशानियों को समझने का प्रयास करते हैं और उनके दुख को अपना दुख बना लेते हैं। हम भी राहुल गांधी के रास्ते पर चलते हुए एक नैतिक और आदर्शवादी राजनीति की नींव रख रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि बीते दिनों एक छात्रा पर तेजाब फेंकने की घृणित घटना की जानकारी पर एक प्रतिनिधिमंडल ने महिला कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता का कुशलक्षेम पूछा और घटना की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता के परिजनों को पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए चिकित्सकों से मिल पीड़िता के समुचित इलाज का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से तेजाब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि अगर किसी को जरूरत है तो पूरे कागजात होने पर दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल में महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह, सुशीला शर्मा, प्रदेश सचिव अनामिका यादव, सुनीता रावत, महताब जायसी, नितान्त सिंह नितिन, आर्यन मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन लखनऊ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

आरके.पाण्डेय 10वीं बार मंडल मंत्री के रूप में चुने गये

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन लखनऊ का वार्षिक अधिवेषन और त्रिवार्षिक चुनाव शनिवार को मंडलीय यूनियन भवन चारबाग में मंडल अध्यक्ष विभूति मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें आरके.पाण्डेय लगातार 10वीं बार मंडल मंत्री के रूप में निर्विरोध चुना गया। अध्यक्ष पद पर विभूति मिश्रा के अलावा आशा चड्ढा, आसिम सज्जाद, अश्विनी तिवारी, सुभाष चंद मंडल उपाध्यक्ष पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। सहायक मंडल मंत्री पद पर सुधीर तिवारी, रंजन सिंह, शुभांशु तिवारी, मदन गोपाल मिश्रा, संतोष सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। मंडल कोषाध्यक्ष विजय मिश्रा भी निर्विरोध चुने गये। निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि एआईआरएफ एनआरएमयू के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने माला पहनाकर बधाई दी। विशिष्ट अतिथि एसयू शाह व जोनल सचिव प्रीति सिंह मौजूद थे। अधिवेशन में मंडल मंत्री आरके. पाण्डेय ने रिपोर्ट रखते हुए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की पदोन्नति, एनपीएस से ओपीएस में परिवर्तन जैसे कर्मचारी हित में कराये गये कार्यों का उल्लेख कर मृतक आश्रितों के अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में विलंब, साइकिल अनुरक्षण भत्ता मंजूर नहीं करने, सीबीटी में अनियमिताओं, रेल कॉलोनियों की दुर्दशा और महिला शौचालय न बनाये जाने समेत कई लंबित मामलों में मंडल रेल प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। मुख्य अतिथि शिव गोपाल मिश्र ने रेल कर्मचारियों, यूनियन पदाधिकारियों से कहा कि ओपीएस बहाली मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण है।

चार स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन चार स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। इन ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। गोरखपुर महबूबनगर स्पेशल ट्रेन नम्बर 05303 गोरखपुर महबूबनगर स्पेशल 6 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से सुबह 8:30 बजे प्रस्थान कर ऐशबाग दोपहर 1:35 बजे, दूसरे दिन महबूबनगर शाम 7:15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05304 महबूबनगर गोरखपुर स्पेशल 7 से 28 जुलाई तक रविवार को महबूबनगर से रात्रि 10:10 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन ऐशबाग सुबह 7:25 बजे, गोरखपुर दोपहर 1:15 बजे पहुंचेगी। उधना मालदा टाउन ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन नम्बर 09015 उधना मालदा टाउन ग्रीष्मकालीन स्पेशल उधना से रात्रि 9:40 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन ऐशबाग देर रात्रि 1:05 बजेए चौथे दिन मालदा टाउन सुबह 7रू45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09016 मालदा टाउन उधना ग्रीष्मकालीन स्पेशल 9 जुलाई को मालदा टाउन से शाम 5:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन ऐशबाग रात्रि 10:35 बजे, चौथे दिन उधना मध्य रात्रि 12:30 बजे पहुंचेगी। उधना जयनगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन नम्बर 09091 उधना जयनगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 7 जुलाई को उधना से रात्रि 9:40 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन ऐशबाग मध्यरात्रि 1:05 बजे, जयनगर शाम 7 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09092 जयनगर उधना ग्रीष्मकालीन स्पेशल 10 जुलाई को जयनगर से शाम 5 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन ऐशबाग सुबह 10:35 बजे, तीसरे दिन उधना दोपहर 12:30 बजे पहुंचेगी। गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन नम्बर 05053 गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 12 से 26 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से सुबह 9:30 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर दोपहर 2:02 बजे, ऐशबाग 2:40 बजे, दूसरे दिन बांद्रा टर्मिनस शाम 6 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05054 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर स्पेशल 13 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से रात्रि 9:15 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन ऐशबाग मध्यरात्रि 12:55 बजे, बादशाहनगर 1:20 बजे, गोरखपुर सुबह 6:25 बजे पहुंचेगी।

आम लोगों को फाटक पार करने को लेकर किया गया जागरुक

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कनौजिया के निर्देशन में महमूदाबाद व सरैया स्टेशनों के मध्य आम लोगों को फाटक पार करने को लेकर जागरूक किया गया। समपार संख्या 32 एवं 34 स्पेशल पर तथा बिरथा गांव के निकट समपार संख्या 35 पर संरक्षा सलाहकार लोको व इंजीनियरिंग की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समपार के प्रयोग को लेकर सड़क उपयोगकर्ताओं को अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पार न करने, केवल रेलवे समपार से ही ट्रैक पार करने और गेटमैन पर फाटक खोलने के लिए अनाधिकृत दबाव नहीं डालने, रेलवे समपार पर सावधानी बरतने एवं रेलवे ट्रैक तथा विद्युत पोल से सुरक्षित दूरी बनाये रखने के संबंध मे 150 से अधिक यात्रियों व आम जनमानस को संरक्षा जागरूकता के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर वहां से गुजरने वाले राहगीरों को संरक्षा संदेश युक्त पम्पलेट का वितरण किया गया।

लविप्रा से फर्जी लोगों के नाम भूखण्ड आवंटित कराने का खेल

9 सहकारी आवास समितियों को दी गयी जमीनों की जांच होगी

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से 9 सहकारी आवास समितियों को दी गयी जमीनों की जांच होगी। इन समितियों को कब और किन परिस्थितियों में भूमि समायोजित की गयी और फिर इनमें किन-किन लोगों को भूखण्ड आवंटित किये गये। जांच में इसका पूरा ब्यौरा खंगाला जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने भूमि समायोजन में फर्जीवाड़े की शिकायत पर पूरे मामले की जांच के आदेश दिये हैं। जांच के लिए सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है जो एक सप्ताह में पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देगी। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत आयी थी कि अलग-अलग सहकारी आवास समितियों ने लविप्रा से फर्जी लोगों के नाम भूखण्ड आवंटित कराने का खेल किया है। इनमें प्रमुख रूप से 9 सहकारी आवास समितियों का जिक्र सामने आया हे, जिसकी सघन जांच की जरूरत है। इस संबंध में प्राधिकरण सचिव विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की गय है। टीम में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम, प्रभारी अर्जन शशिभूषण पाठक शामिल हैं। यह कमेटी सभी 9 हाउसिंग सोसाइटियों का स्थल निरीक्षण व पत्रावलियों का परीक्षण कर समायोजन के संबंध में पूरी कार्रवाई की जांच करेगी। कमेटी एक सप्ताह में प्रकरण की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। उजरियांव आवासीय योजना में 5 समितियों को दी जमीन उपाध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि उजरियांव आवासीय योजना के तहत 5 सहकारी आवास समितियों को जमीन समायोजित की गयी। इसमें मानसरोवर सहकारी आवास समिति लि. को ग्राम विजयीपुर की 19277.29 वर्गमीटर भूमि, स्वर्गाश्रम सहकारी आवास समिति को ग्राम उजरियांव की 22764 वर्गमीटर भूमि, फ्रेण्ड्स सहकारी आवास समिति को ग्राम जियामऊ की 52847.365 वर्गमीटर भूमि, प्रोग्रेसिव सहकारी आवास समिति को ग्राम विजयीपुर व कमता की 61181ण्47 वर्गमीटर भूमि तथा अमरपुरी सहकारी गृह निर्माण समिति लि. को ग्राम तख्वा कठौता व उजरियांव की 4695 वर्गमीटर भूमि समायोजित की गयी। वर्ष 1993 से वर्ष 2017 के बीच हुए समायोजन उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि हरदोई रोड कामधेनू नगर प्रसार योजना के अंतर्गत रिवर व्यू सहकारी आवास समिति लि. को ग्राम छन्दोईया की 27730.20 वर्गमीटर भूमि दी गयी। टिम्बर नगर आवासीय योजना के तहत मेसर्स लखनऊ विकास सहकारी आवास समिति लि. को ग्राम पुरनिया की 10908 वर्गमीटर के अलावा अमर शहीद पथ गोमती नगर विस्तार योजना के तहत दि हिमालयन सहकारी आवास समिति को ग्राम मकदूमपुर की 10805 वर्गमीटर भूमि एवं बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति को 56307 वर्गमीटर जमीन समायोजित की गयी। उपाध्यक्ष ने बताया कि यह सभी समायोजन वर्ष 1993 से लेकर वर्ष 2017 के बीच किये गये हैं। सभी प्रकरणों में जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अशर-ए-मोहर्रम में होने वाली मजलिसों का समय व स्थान

मौलाना का नाम स्थान समय
मौलाना अबीदुल हसन रौजा-ए-काजमैन सुबह 07.00 बजे
मौलाना अली हाशिम अब्दी इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर सुबह 07.30 बजे
मौलाना इमरान हसन इमामबाड़ा जनाबे सुगरा,अब्बास नगर सुबह 07.30 बजे
मौलाना फिरोज अब्बास कर्बला अजमत-उत-दौला मेहदीगंज सुबह 07.30 बजे
मौलाना मोहम्मद अली हैदर आसिफी इमामबाड़ा हुसैनाबाद सुबह 08.00 बजे
मौलाना मोहम्मद मुस्लिम मकबरा सआदत अली खां कैसरबाग सुबह 08.00 बजे
मौलाना वसीउल हसन नकवी इमामबाड़ा गुलाम अब्बास फरीदीनगर सुबह 08.00 बजे
मौलाना सैफ अब्बास नकवी इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी चौक सुबह 09.00 बजे
मौलाना अली अब्बास खान इमामबाड़ा नाजिम साहब बजाजा सुबह 09.00 बजे
मौलाना मीसम जैदी छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद सुबह 09.00 बजे
मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी इमामबारगाह एम.अब्बास अमराई गांव सुबह 09.00 बजे
मौलाना कल्बे अहमद नकवी इमामबाड़ा जैनुल आब्दीन हरदोई रोड सुबह 09.30 बजे
मौलाना फरीदुल हसन इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज सुबह 10.00 बजे
मौलाना मिर्जा वाहिद हुसैन मकबरा तहसीन अली खां, तहसीनगंज सुबह 10.00 बजे
मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी इमामबाड़ा गुफरामआब चौक सुबह 10.30 बजे
मौलाना मीसम जैदी इमामबाड़ा आगा बाकिर चौक सुबह 11.30 बजे
मर्सियाख्वानी इमामबाड़ा नाजिम साहब बाजाजा दोपहर 12.30 बजे
मौलाना अनवर हुसैन इमामबाड़ा हकीम मो. तकी फरंगीमहल दोपहर 12.30 बजे
मौलाना अरशद जाफरी इमामबाड़ा जकी अली खां पाटानाला दोपहर 01.30 बजे
मौलाना हमीदुल हसन मदरसा-ए-नाजमियां विक्टूरिया स्ट्रीट दोपहर 02.00 बजे
मौलाना शब्बीर हसन वारसी आसिफी इमामबाड़ा हुसैनाबाद दोपहर 02.00 बजे
मौलाना अली अब्बास कर्बला मलका आफाक मदेहगंज दोपहर 03.00 बजे
मौलाना अख्तर अब्बास जौन इमामबाड़ा सैयद आगा विक्टरिया स्ट्रीट दोपहर 03.00 बजे
मौलाना अब्बास नासिर अबाकाती शिया कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट शाम 04.00 बजे
मौलाना मोहम्मद अली मस्जिद इमाम हुसैन(अ)कसमंडी कला शाम 04.30 बजे
मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा शाम 04.30 बजे
मौलाना रजा हुसैन सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला शाम 05.00 बजे मौलाना सैयद कमर हैदर जैदी मकबरा सआदत अली खां,हजरतगंज शाम 05.45 बजे
मौलाना इब्ने अब्बास नकवी हाउजे इल्मिया अबुतालिब (अ.स.) शाम 06.00 बजे
मौलाना अली नासिर आगारूही अफजल महल विक्टरिया स्ट्रीट शाम 07.30 बजे
मौलाना रजा अब्बास इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर शाम 07.30 बजे
मौलाना फिरोज हुसैन इमामबाड़ा मलका अफाक तहसीनगंज शाम 07.40 बजे
फैज बाकर (मर्सिया) छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद शाम 07.40 बजे
मौलाना हसन जहीर इमामबाड़ा मीरन साहब मुफ्तीगंज शाम 07.45 बजे
मौलाना आरिफ आगा इमामबाड़ा आगा अब्बू साहब शाम 07.45 बजे
मौलाना इब्ने अब्बास नकवी जामा मस्जिद तहसीनगंज शाम 07.45 बजे
सैयद अली इमाम जैदी (मर्सिया) इमामबारगाह रशीद रकाबगंज शाम 07.45 बजे
मौलाना तकी रजा जैदी रौजा-ए-जैनबया टिकैतराय तालाब रात 08.00 बजे
मौलाना सैयद अफजाल काजमी नूरानी मस्जिद मुफ्तीगंज रात 08.00 बजे
मौलाना सैयद रईस काजमी इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी,घासमंडी रात 08.00 बजे
मौलाना सैयद अबुतालिब मेहदी शबीहे बैतुल हुज्न रूस्तम नगर रात 08.00 बजे
मौलाना मुम्ताज जाफर इमामबाड़ा डा.दिलदार हुसैन, गोलागंज रात 08.00 बजे
मौलाना अकील अब्बास मारूफी छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद रात 08.15 बजे
मौलाना शब्बीर अली वारसी इमामबाड़ा सिब्तैनाबाद हजरतगंज रात 08.30 बजे
मौलाना इब्राहीम कुम्मी हुसैनी इमामबारगाह, अलीगंज रात 08.30 बजे
मौलाना सैयद कमरूल हसन इमामबाड़ा सज्जादिया, आलमनगर रात 08.30 बजे
मौलाना अखतर अब्बास जौन इमामबाड़ा झाउलाल ठाकुरगंज रात 08.30 बजे
मौलाना सैयद सकलैन अब्बास नकवी इमामबाड़ा लाडो खानम, नक्खास रात 08.30 बजे
मौलाना मुम्ताज जाफर इमामबाड़ा डा.दिलदार हुसैन गोलागंज रात 08.30 बजे
मौलाना अली अब्बास खान इमामबाड़ा शाहनजफ, हजरतगंज रात 09.00 बजे
मौलाना हैदर मेहदी दरगाह हजरत अब्बास,रूस्तम नगर रात 09.00 बजे
मौलाना तकी रजा इमामबाड़ा हजरत मुस्लिम रईस मंजिल रात 09.00 बजे
मौलाना सकलैन अब्बास नकवी कर्बला अजमत-उत-दौला मेहदीगंज रात 09.00 बजे